तुलसी प्रज्ञा

फर. 93

अनुसंधान-त्रैमासिकी

Jain Vishva-Bharati Institute Research Journal

93

जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं-३४१३०६
मान्य विश्वविद्यालय
Jain Vishva-Bharati Institute, Ladnun—341-306

तुलसीप्रज्ञा—त्रैमासिक अनुसंधानपत्रिका

खण्ड-१८] [सन् १९९२-९३

वार्षिक	शुल्क प्रति अंक	आजीवन
४५)	२०)	५००)

पांच वर्षों के लिए—२००) और दस वर्षों के लिए—४००) रुपये
शोधकर्त्ता विद्वान् और छात्रों के लिए वार्षिक २५) रुपये में देय

- 'तुलसी प्रज्ञा' प्रतिवर्ष—मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर माह के तीसरे सप्ताह में प्रकाशित होती है।
- प्रकाशनार्थ लेख इत्यादि कागज के एक ओर टंकण कराके भेजें। साधारणतया दस पृष्ठों से बड़ा लेख न हो। जरूरी हो तो विवेच्य विषय दो भागों में विभाजित किया जा सकता है।
- लेख मौलिक और अप्रकाशित होना जरूरी है। कृपया ऐसा कोई आलेख भी न भेजें जो प्रकाशनार्थ अन्यत्र भेजा गया हो अथवा भेजा जाना हो।
- 'सम्पादक-मण्डल' द्वारा लेखादि में काट-छांट सम्भव है किन्तु भाव और मंशा को सुरक्षित रखा जावेगा। दुर्लभ फोटो और रेखाचित्र मुद्रित हो सकते हैं।
- प्रकाशन-स्वीकृति दो माह के भीतर भेज दी जाती है। अस्वीकृत लेख लौटाने संभव नहीं होंगे। अतः प्रतिलिपि सुरक्षित रख लें।
- लेखादि हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में निबद्ध हो सकते हैं; किन्तु आगम और प्राकृत, संस्कृत आदि ग्रन्थों से उद्धरण देवनागरी लिपि में लिखें और उद्धृत-ग्रंथों के संस्करण और प्रकाशन-स्थान भी सूचित करें।
- समीक्षा और समालोचना के लिए प्रत्येक ग्रंथ की दो-दो प्रतियां भेजें।
- सभी प्रकार के पत्र-व्यवहार के लिए—'सम्पादक, "तुलसी प्रज्ञा" जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं-३४१३०६' को संबोधित करना चाहिए।

संपादक

डॉ० परमेश्वर सोलङ्की

तुलसी प्रज्ञा

खण्ड १८	२८ फरवरी, १९९३	अंक-४
Vol. XVIII	28 February, 1993	No. 4

संरक्षक

डॉ० रामजी सिंह, कुलपति

संपादक-मण्डल

डॉ० दशरथ सिंह	अहिंसा एवं शांति-शोध विभाग
डॉ० के० कुमार	जीवन विज्ञान एवं प्रेक्षाध्यान विभाग
डॉ० देवनारायण शर्मा	प्राकृत भाषा एवं साहित्य विभाग
डॉ० राय अश्वनी कुमार	जैन विद्या विभाग

प्रबन्ध-संपादक

डॉ० परमेश्वर सोलंकी

Patron

Dr. Ramjee Singh, Vice-chancellar

Editorial Board

Dr. Dashrath Singh	Deptt. of Non-Violence & Peace Research
Dr. K. Kumar	Deptt. of Jivan Vigyan & Preksha Meditation
Dr. Devanarayan Sharma	Deptt. of Prakrit language and Litrature
Dr. Rai Ashwini Kumar	Deptt. of Jainology

Managing Editor

Dr. Parmeshwar Solanki

JVBI Research Journal

Jaina Vishva-Bharati Institute, Ladnun 341-306

नोट—इस अंक में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के हैं। यह आवश्यक नहीं है कि सम्पादक-मंडल अथवा संस्था को वे मान्य हों।

बड़ली जैन शिलालेख का महत्त्व और उसका अक्षरविन्यास

राजपूताना म्यूजियम, अजमेर में सुरक्षित बड़ली-शिलालेख अतीव महत्त्वपूर्ण है। इस त्रुटित लेख को समझने-बूझने में पं० गौरी शंकर ओझा, डा० के० पी० जायसवाल, डॉ० आर० बी० पाण्डे, डॉ० डी० सी० सरकार, एस० आर० गोयल, टी० पी० वर्मा और सी० एस० उपासक प्रभृति अनेकों विद्वानों ने अथक प्रयास किये हैं।

ये प्रयास, अधिकतर शिलालेख को अशोक के लेखों से पूर्व अथवा पीछे का लिखा होने तथा उसकी लिपि एवं लिप्यक्षरों की बनावट से उसके काल-निर्धारण पर हुए हैं। उसमें उल्लिखित घटना और उसकी पदावली (इबारत) में अभिप्रेत अर्थ को खोजने का प्रयास कम हुआ है।[1]

१. किन्हीं भी दो व्यक्तियों का लेख एक जैसा नहीं होता और कैसे भी पुराने नये लेख की प्रतिलिपि सम्भव है; फिर भी न जाने क्यों लोग लिप्यक्षर बनावट से काल-निर्धारण की चेष्टाएं करते हैं। दुर्भाग्य यह है कि उसमें अन्तर की समय सीमा भी उत्तरोत्तर छोटी बनाकर ये लोग अनर्थ करने से भी नही चूकते !

हमारी दृष्टि में बडली-शिलालेख का अक्षर-विन्यास ऐतिहासिक महत्त्व का है। उस पर उत्कीर्ण पदावली भी भाषागत वैशेष्य से उल्लेखनीय है। वस्तुतः यह लेख मध्यमिका (चित्तोड़गढ़) नगरी का है और वहां से खंडित होकर बड़ली पहुंचा है। पं. ओझा को सन् १९१२ में वह बड़ली के समीपस्थ भैरव मंदिर के भोपे से मिला था। इसका दूसरा भाग आजकल उदयपुर के प्रताप संग्रहालय (पूर्व का विक्टोरिया हॉल म्यूजियम) में (क्रमांक १६/५१८) है।[1]

अजमेर-संग्रहालय के शिलाफलक पर निम्नलेख है—

पंक्ति १ :-वीराय भग व (ते)—
,, २ : ५०० चतुरासीति व (से)—
,, ३ : कायेसालि माहिले (न)—
,, ४ : (प्र) तिष्ठा मभिमिके (क)—

उदयपुर-संग्रहालय के शिलाफलक पर निम्नलेख है—

पंक्ति-१ : .... (न) भूतानं दया थं
पंक्ति-२ : .... ता०.

दोनों शिलाफलकों के मूलपाठों को मिलाकर निम्न संशोधित उल्लेख बन सकता है—

पंक्ति १ : वीराय भगव (ते) परिनिवते[2]
,, २ : ५०० चतुरासीति व (से) वइये[3]
,, ३ : कायेसालि माहिले [न भूतानंदयाथं]
,, ४ : (प्र) तिष्ठा मभिमिके (कारि) [ता०][4]

इस उल्लेख से भगवान् महावीर के परिनिर्वाण बाद ५८४ वर्ष व्यतीत होने पर कायसालि माहिल (निर्युक्ति, चूर्णी आदि में उल्लिखित गोष्ठ माहिल ?) ने भूत दया के लिये मध्यमिका नगरी में आश्रय स्थान की

१. हमने सन् १९६१ में भी उदयपुर और अजमेर संग्रहालयों के शिलाफलकों को एक दूसरे से संबद्ध बताया था। देखें—वरदा, बिसाऊ, वर्ष-४ अंक-४ (अक्टूबर, सन् १९६१) में प्रकाशित हमारा लेख—'उदयपुर संग्रहालय के कतिपय अप्रकाशित लेख।'

२. अनुमान से प्रस्तावित पाठ

३. अनुमान से प्रस्तावित पाठ

४. उक्त दोनों शिलाफलकों में—उदयपुर-संग्रहालय में सुरक्षित शिलाफलक नगरी में प्राप्त राजा सर्वतात के लेख वाले शिलाफलक से मेल नहीं खाता; किन्तु बड़ली-लेख के शिलाफलक से मिलता जुलता है। यह शिलाफलक दाहिने भाग का हिस्सा है। इसका ऊपरी हिस्सा टूट गया है। वह भी उल्लिखित रहा होगा।

प्रतिष्ठा की थी। यह गोष्ठमाहिल आचार्य दिशपुर (मंदसौर) के थे और वहीं के आचार्य आर्यरक्षित के प्रमुख शिष्य थे जो संघ से विलग अबद्धियों के आचार्य बनें और निह्नव कहे गये।

उक्त संशोधित मूलपाठ की पहली और दूसरी पंक्तियों में प्रस्तावित पाठ 'परिनिवते' और 'वद्दये' के स्थान पर कुछ भिन्न प्रकार से भी अनुमानित किये जा सकते हैं; विशेषतः 'वद्दये' के स्थान पर 'अभिसिक्तेन' जैसा पाठ हो सकता है; किन्तु तीसरी और चौथी पंक्तियों के मूल पाठ प्रायः शुद्ध बन गए हैं। दोनों शिलाफलकों में साम्य है। सिलावट भी एक है। अक्षर-विन्यास, माप-जोख तथा अक्षर-क्षुरण में भी कोई विशेष अन्तर नहीं दीख पड़ता।

ऐतिहासिक दृष्टि से महावीर-निर्वाण बाद हुए संघ-विभेदों में ५८४ वां वर्ष "माहिल" उल्लेख होने से इतिहास एवं परम्परा-सम्मत हो गया है। आचार्य गोष्ठमाहिल, कायसालि थे—यह उनके संबंध में व्यक्तिगत जानकारी भी उपलब्ध होती है।

लेख में संवत्सर परिचायक निशान नहीं दीख पड़ता। उसके आरंभ में केवल एक छोटी रेखा (स्ट्रोक) बनी है। कोई मांगलिक निशान भी नहीं है। "वी" अक्षर को अन्य अक्षरों से छोटा बनाया गया है जो उसके आद्य अक्षर होने को प्रकट करता है।

लेख की दूसरी पंक्ति में प्रथम निशान को 'आठ' के अंक का द्योतक नहीं माना जा सकता; किन्तु उसे पांच अंक का निशान मान लेने को अनेकों सादृश्य उपलब्ध हैं। 'सौ' अंक का परिचायक निशान भी अस्पष्ट है किन्तु 'चार' के अंक से वह कैसा भी कोई साम्य नहीं रखता। इसलिये ये ८४ संख्या बताने वाले निशान नहीं हैं।[६]

इस प्रकार यह अभिलेख जैन इतिहास एवं संस्कृति का परिचायक दस्तावेज है। प्राचीनता और अपनी स्थान-स्थिति के कारण भी इसका अपना महत्त्व है।

—परमेश्वर सोलंकी

६. पं० ओझा ने इस सम्बन्ध में अपना मत स्पष्ट नहीं किया। डॉ० जायसवाल ने इसे अंकों और अक्षरों में लिखा होना बताकर नंद संवत् के रूप में पहचाने का सुझाव दिया है। दूसरे विद्वान् केवल ८४ अंकों को किसी संवत्सर के अंक न होने अथवा होने के सम्बन्ध में परिश्रम करते रहे हैं।

वस्तुतः यह उल्लेख संघ से पृथक् अपना संप्रदाय बनाकर आचार्य बनें, आचार्य माहिल के पट्टाभिषेक की कालावधि को ज्ञापित करता है जो महावीर परिनिर्वाण से परिगणित है। संभवतः कालान्तर में यही संवत्सर-उल्लेखों में भी कारण बना हो।

तुलसीप्रज्ञा

अनुक्रमणिका

संपादकीय—बड़ली जैन शिलालेख का महत्त्व और उसका अक्षर विन्यास

१. वर्द्धमान ग्रन्थागार, लाडनूं की प्रत् और ऋग्वेद का ग्रन्थाग्र: परिमान २७३

२. जिनागमों का संपादन २८५

३. रत्नपालचरित : एक साहित्यिक अनुशीलन ३९३

४. जिनसेनकृत हरिवंशपुराण में प्राचीन राजतंत्र का स्वरूप ३०९

५. डॉ० कृष्णदत्त बाजपेयी—श्रद्धांजलि ३१६

६. तेरापंथ का संस्कृत साहित्य : उद्भव और विकास-४ ३१७

७. न्याय-वैशेषिक, योग एवं जैन दर्शनों के संदर्भ में ईश्वर ३२३

८. स्याद्वाद : आधुनिक परिप्रेक्ष्य में ३३१

English Section

1. Copper Hoard—An unpublished find from Chithwari, Chomu 141

2. Victory over Sex (A Technique of Spiritual Science) 145

3. Rāghava Bhaṭṭa on Māgadhī in the Abhijñana Śākuntalam 151

4. The Mahāvīra Era 1—56

लेखक | The Contributors

१. डॉ० परमेश्वर सोलंकी, तुलसी प्रज्ञा, वर्द्धमान ग्रन्थागार,
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

२. श्रीमान् जौहरीमल पारख, सेवा मंदिर, रावटी, जोधपुर-३४२०२४

३. डॉ० हरिशंकर पाण्डेय, व्याख्याता, प्राकृत भाषा एवं साहित्य विभाग,
जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

४. डॉ० सोहनकृष्ण पुरोहित, सह-आचार्य, इतिहास विभाग, जयनारायण व्यास
विश्वविद्यालय, जोधपुर

५. मुनिश्री गुलाबचन्द्र 'निर्मोही', शिष्य आचार्यश्री तुलसी

६. डॉ० कमला पंत, द्वारा—डॉ० जे. एन. जोशी, कृष्णापुर महल, तल्लीताल, नैनीताल

७. समणी स्थितप्रज्ञा, जैन विद्या विभाग, जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं

1. Shri Harphool Singh, R. O , Archaeology & Museums
Rajasthan, Bikaner
2. J. S. Zaveri, Tulsi Adhyatma Needam, JVB, Ladnun
3. Muni Shri Mahendrkumar
4. Jagat Ram Bhattacharya, Deptt. of Prakrit languaga & literature
5. Dr. Parmeshwar Solanki, Tulsi Prajna, JVBI, Ladnun
6. Pro. Upendranath Roy, Mateli
7. Dr. J.V. Tagare, Sangali
8. Shri K.V. Pathak —

फार्म-४

(नियम ८ देखिए)

१. प्रकाशन	:	'तुलसी प्रज्ञा'
२. प्रकाशित अवधि	:	त्रैमासिक
३. संपादन	:	संपादक मण्डल : डॉ० दशरथ सिंह डॉ० देवनारायण शर्मा डॉ० के० कुमार डॉ० राय अश्विनी कुमार प्रबन्ध संपादक : डॉ. परमेश्वर सोलंकी
राष्ट्रीयता	:	सभी भारतीय
पता	:	जैन विश्व-भारती संस्थान, मान्य विश्वविद्यालय, लाडनूं
४-५. प्रकाशक/मुद्रक	:	डॉ० परमेश्वर सोलंकी
राष्ट्रीयता	:	भारतीय
पता	:	जैन विश्व-भारती संस्थान, मान्य विश्वविद्यालय, लाडनूं
६. स्वामित्व	:	जैन विश्व-भारती संस्थान, मान्य विश्वविद्यालय, तुलसीग्राम, लाडनूं

मैं परमेश्वर सोलंकी एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक २८ फरवरी, १९९३

परमेश्वर सोलंकी
प्रकाशक

वर्द्धमान ग्रंथागार, लाडनूं की प्रत् और ऋग्वेद का ग्रंथाग्र : परिमान

☐ डॉ० परमेश्वर सोलङ्की

साधारणतया माना जाता है कि प्रजापति ने कुल बारह हजार बृहती छन्द बनाए।[1] एक बृहती छन्द में ३६ अक्षर होते हैं जिससे ऋग्वेद में कुल ३६ × १२००० = ४,३२००० अक्षर हुए। मनुस्मृति ने चार, चार सौ वर्षों की संध्या और संध्यांश सहित चार हजार वर्ष के काल को **कृत**, उसके तीन चौथाई भाग को **त्रेता**, दो चौथाई को **द्वापर** और एक चौथाई भाग को **कलि** नाम दिया है। तदनुसार इन चारों का महायुग भी १२००० वर्ष का होता है जो ३० दिन के माह और १२ माहों के वर्ष, गणना से वेद अक्षर तुल्य ४,३२००० से दस गुणा होता है।[2] यही कथन ऋग्वेद की अनेकों ऋचाओं में है और यजुर्वेद की शुक्ल, कृष्ण संहिताओं में है कि कृत, त्रेता, द्वापर, कलि का सभास्थाणु (यज्ञयूप ?) होता है जिसका दस गुणा युग और सौ दस गुणा (हजार गुणा) कल्प अथवा युगान्तर होता है।[3]

ऋग्वेद की एक ऋचा (१.१६४.४८) में संवत्सर की व्याख्या है। वहां लिखा है कि १२ भागों में विभक्त ३६० अंशों का चक्र, सर्दी-गर्मी-वर्षा रूपी तीन नाभियों पर आधृत है। मानव दिन रात में १०८०० प्राण + अपान लेता-छोड़ता है। वर्ष में संवत्सर मुहूर्त्त भी १०८०० होते हैं। तदनुसार ऋग्वेद की पंक्तियां भी १०८०० मानी जाती हैं। एक पंक्ति छन्द में ४० अक्षर होते हैं, इसलिए वेद में भी ४० × १०८०० = ४,३२००० अक्षर हुए।[4]

इस प्रकार ऋग्वेद का परिमान अथवा ग्रन्थाग्र ४,३२००० अक्षर होना अभिप्रेत है किन्तु 'चरण व्यूह' में लिखा मिलता है—

"ऋचां दश सहस्राणि ऋचां पंचशतानि च ऋचामशीतिः पादश्च (१०५८०) तत्पारायण मुच्यते।"

—कि ऋग्वेद में कुल १०५८० मंत्रों से पारायण पूरा हो जाता है। इससे ग्रन्थाग्र बृहती छन्द अनुसार गणना से ३८०८८० अक्षर अथवा पंक्ति छंद अनुसार गणना से ४२३२०० अक्षर बनेगा जो उपर्युक्त गणना से ५११२० या ९८०० अक्षर अथवा १४०० बृहती छंद या २४५ पंक्ति छन्द परिमान कम है।

कतिपय विद्वान् शुक्ल यजुर्वेद (अध्याय-२३) की यजूंषि में आये प्रश्नोत्तर से— "कत्यस्य विष्टाः कत्यक्षराणीति" ? "षडस्य विष्टाः शतमक्षराणीति"—कि यज्ञ में जैसे मधुर अम्लादि षड् रस वाले पदार्थ हव्य होते हैं वैसे ही सौ, सौ अक्षरांक ("अक्षर

पंक्तिश्छन्दः''—यजु० १५.४ और ''अङ्काङ्कं छन्दः''—यजु० १५.५ अनुसार) होना मानते हैं। अर्थात् गायत्री (२४ अक्षर)+अतिधृति (७६ अक्षर), उष्णिहः (२८)+धृति (७२), अनुष्टुभ् (३२)+अत्यष्टि (६८), बृहती (३६)+अष्टि (६४), पंक्ति (४०)+अतिशक्वरी (६०), त्रिष्टुभ् (४४)+शक्वरी (५६), जगती (४८)+अति जगती (५२)—इस प्रकार सौ, सौ, अक्षरों—अंकों के सात छन्द युग्म (ऋग्वेद १०.१७.३) हैं जो यज्ञवाक् के रूप में ऋषि मुखों में प्रविष्ट होकर स्तुति रूप में गाये जाते हैं। ऋग्वेद की ऋचा (३.८.११) के अनुसार यह छन्द युग्म शतावधी से सहस्रावधी शाखाओं में परिणित होते हैं।

इस प्रकार सात छन्द युग्मों के शत, शत अक्षरांक = सात सौ अक्षरांक, सहस्रावधी तक सात लाख अक्षरांक होते हैं जिनके पंक्ति छन्दाक्षर १७५००० हजार और उनके छन्द चरण (पाद) ४३७५० बनते हैं। ये छन्द पाद ऋग्वेद के मान्य छन्द पाद ४०१०० से ३६५० अधिक हैं और उपर्युक्त ४,३२००० पंक्ति छन्द अक्षरों के ४३२०० छन्द पादों से भी ५५० अधिक हैं।[५]

इस न्यूनाधिकता का कारण विद्वानों ने यह माना है कि ऋग्वेद कालीन आर्यों में **देवता, स्तुति, लक्षण** प्रधान धर्म व्यवहृत था। उसमें कालान्तर में परिवर्तन हुआ और यज्ञ कर्म क्रिया बोधक ऋचाएं पृथक् की जाकर यजुर्वेद आदि का विभागीकरण हुआ। इससे अपकृष्टतावश ऋग्वेद में भी यजुर्वेद, सामवेद प्रतिपाद्य कर्म के बहुत से मंत्र शामिल रह गए। जैसे ऋग्वेद में कतिपय निम्न मंत्र पठित हैं—

अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वतः परिभूरसि।
स इद्देवेषु गच्छति॥
—(१.१.४)

समिधाऽग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्।
अस्मिन् हव्या जुहोतन॥
—(८.४४.१)

सद्योजातो व्यमिमीत यज्ञमग्निर्देवानाममवत् पुरोगाः।
अस्य होतुः प्रतिश्मृतस्यवाचि स्वाहाकृतं हविरदन्तु देवाः॥
—(१०.११०.११)

—ये मंत्र स्पष्टतया यज्ञकर्म विधान को विस्तार देने वाले हैं। जैसे—''यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा स्तानि धर्म्माणि प्रथमान्यासन्नि'' त्यादि मंत्र यज्ञ कर्म का ही संकीर्त्तन करते हैं। इसी प्रकार कुछ मंत्र ऋग्वेद के सूक्तों से पृथक् भी हो गए हैं। जैसे ऋग्वेद (१०.१२१) में दस मंत्रों का सूक्त जो ''कस्मै देवाय हविषा विधेमः''—छन्द पाद से समाप्त होने वाले मंत्रों का है, उसमें नौ ही मंत्र हैं और उसका दसवां मंत्र अथर्ववेद में निम्न प्रकार पठित है—

आपोवत्सं जनयंतीर्गर्भमग्रे समैरयन्।
तस्योत जायमानस्य उल्व आसीत् हिरण्ययः।
कस्मै देवाय हविषा विधेम॥
—**अथर्ववेद (४.२.८)**

२. एक मान्य सिद्धान्त यह है कि सृष्टि-निर्माण से पूर्व दृश्यमान, विश्व ब्रह्म रूप था। उस ब्रह्मरूप में 'अहं ब्रह्मास्मीति'—ऐसा आत्म साक्षात्कार हुआ और बाद में उस ब्रह्मरूप में से ही यह समस्त ब्रह्माण्ड (विश्व) निर्मित हुआ। इस सिद्धान्त का व्याख्यान ऐतरेय ब्राह्मण में मिलता है—

'प्रजापतिरकामयत प्रजायेय भूयान्स्यामिति। स तपोऽतप्यत्। स तपस्तत्वेमान् लोकानसृजत पृथिवीमन्तरिक्षं दिवम्। तान् लोकानभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रीणि ज्योतींष्यंजायन्ताग्निरेव पृथिव्या अजायत वायुरन्तरिक्षादादित्यो दिवः। तानि ज्योतींष्यंभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रयो वेदा अजायत। ऋग्वेद एवाग्नेरजायत यजुर्वेदो वायोः सामवेद आदित्यात्। तान् वेदानभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रीणि शुक्राण्य जायत भूरित्येव ऋग्वेदादजायत भुव इति यजुर्वेदात् स्वरिति सामवेदात्। तानि शुक्राण्यभ्यतपत् तेभ्योऽभितप्तेभ्यस्त्रयो वर्णा अजायान्ताकार उकारो मकार इति। तानेकधा समभरत्तदेतदोमिति।'

अर्थात् प्रजापति ने अपना विस्तार किया और पृथिवी, अन्तरिक्ष व दिव लोक बनें। इस त्रिलोक से तीन ज्योति और उससे अग्नि, वायु, सूर्य निर्माण हुए। अग्नि से ऋग्वेद, वायु से यजुर्वेद और सूर्य से सामवेद। पुनः वेदत्रयी से तीन बीज वर्ण **अ उ म्** बनें जो समभरण से **ओम्** (गणेशाकृति) बन गए।

इस प्रकार आरंभ में प्रजापति ने प्रणव व्याहृति को देखा और कालान्तर में ऋषियों ने स्व स्व तपोबल से मंत्र विभागों को पाया और प्रकाशित किया। इस व्याख्यान को ऋग्वेद में इस प्रकार कहा गया है—

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्माद जायते।।

कि उस यज्ञरूप प्रजापति से ही ऋचा, सामानि और यजूंषि रूप छन्द (वेद मंत्र) प्राप्त हुए हैं। पुनः इसी बात को 'धाता यथा पूर्वमकल्पयत्'—कहकर दौहराया गया है—

युगान्तेन्तर्हितान्वेदान् ऐतिहासान् महर्षयः।
लेभिरे तपसा पूर्वमनुज्ञाताः स्वयम्भुवा।।

३. दूसरे विद्वानों का मानना है कि **कर्म, उपासना** और **ज्ञान** लक्षण प्रतिपाद्य वेदत्रयी बहुशाखा-प्रशाखा भेद से विस्तृत हो गई है। मूलतः उसमें एकरूपता है—

सर्वं वेदेष्वनेकत्वमुपास्ते रथवैकता।
अनेकत्वं कौथुमादि नामधर्म विभेदतः।।

और केवल नामधर्म विभेद से अनेकता दृष्टिगत होती है। मंत्राणां संहति संहिता। पद प्रकृतिः संहिता। वर्णानामेक प्राण संयोगः संहिता। इत्यादि स्मृति—प्रयोजन से क्रम निर्धारित किये गये हैं। इस संबंध में मान्य सिद्धान्त यह है—

यज्ञो ब्रह्म च वेदेषु द्वावर्थौ काण्डयोर्द्वयोः।
अध्वर्यु मुख्यैर्ऋ त्विग्भिश्चतुर्भिर्यज्ञ संपदः।।
निर्ममीते क्रिया संघैरध्वर्युर्यज्ञियं वपुः।
तदलं कुर्वते होता ब्रह्मोद् गातेत्यमीत्रयः।।

शस्त्रयानुवाक्याभि होतालं कुरुतेऽध्वरम् ।
आज्यपृष्ठादिभिः स्तोत्रैरुद् गातालं करो त्यमुम् ।
त्रयाणामपरार्द्धं तु ब्रह्मा परिहरेत् सदा ।
ऋचां (८.३.४४) इति मन्त्रेऽस्मिन्नर्थः सवाऽभिधीयते ।।

—कि चतुर्भिर्यज्ञसंपद को अध्वर्यु निर्माण करता है और होता, ब्रह्मा व उद्गाता उसे अलंकृत करते हैं जबकि अध्वर्यु, होता, उद्गाता के अपरार्द्ध को ब्रह्मा नियमन करता है। ब्राह्मण ग्रन्थों में इस संबंध में लिखा मिलता है—

ऋग्वेदेन होता करोति
यजुर्वेदेनाध्वर्युः
सामवेदेनोद् गाता
अथर्ववेदो ब्रह्मा ।

—कि ऋग्वेद से होता, यजुर्वेद से अध्वर्युः, सामवेद से उद्गाता और अथर्वो (मंत्रों) से ब्रह्मा यज्ञ करते हैं। गोपथ ब्राह्मण ने—

अथर्वाङ्गिरोभि ब्रह्मत्वम् ।
अथर्वाङ्गिरोविद् ब्रह्माणम् ।।

कहकर अथर्ववेद के ज्ञाता ही को "ब्रह्मा" कह दिया है। सायणाचार्य के शब्दों में—

जाते देहे भवत्यस्य कटकादि विभूषणम् ।
आश्रितं मणिमुक्तादि कटकादौ यथा तथा ।।
यजुर्जाते यज्ञ देहे स्यादृग्भिस्तद्विभूषणम् ।
सामाख्या मणि मुक्ताद्या ऋक्षु तासु समाश्रिताः ।।

—जैसे बाल वपु को मणि मुक्तादि से सुशोभित किया जाता है वैसे ही यजुर्वेद से बनें **यज्ञ-देह** को ऋग्वेदादि से विभूषित कर साम गीतियों से सजाया जाता है। स्वयं अथर्ववेद (१०.७.२०) में इसके लिए यह व्याख्यान है—

यस्माद्चो अपातक्षन् यजुर्यस्मादपाकषन् ।
सामानि यस्य लोमानि अथर्वांगिरसो मुखम् ।।

कि जिस यज्ञ पुरुष से ऋचाएं और यजूंषि प्राप्त हुईं, सामानि (सामगीतिकाएं) भी उसी अथर्वांगिरस के मुख से प्रसरित हैं।[६]

४. अन्य विद्वानों का कथन है कि संधि आदि के साथ ऋचाओं को, ज्यों के त्यों पठन को **'निर्भुज-संहिता'** और जिनमें संधि आदि बिना केवल पदों का उच्चारण हो, उन्हें **'प्रतृण्ण संहिता'** कहा जाता है। जैसे "अग्निमीळे पुरोहितम्"—इत्यादि 'निर्भुज संहिता' का क्रम है और "अग्निम् ईळे पुरः हितम्"—इत्यादि 'प्रतृण्ण संहिता' का क्रम होता है। आगे चलकर इन दोनों के योग और घन योग आदि से आठ प्रकार की संहिताएं बना ली गईं ताकि मूल वेदपाठ में कैसी भी कोई विकृति न आने पाए। ऐतरेय आरण्यक (३.१३) में यह व्यवस्था बताई गई है—

यद्धि सन्धि विवर्तयति तन्निर्भुजस्य रूपम् ।
अथ यच्छुद्धे अक्षरे अभिव्याहरति तत्प्रतृण्णस्य ।।

× × ×

अग्र उ एवोभयमन्तरेणोभय व्याप्तं भवति ।

महर्षि वेदव्यास की "विकृतवल्ली" में यह क्रम संहिताएं निम्न प्रकार कही गई हैं—

जटा माला शिलालेखा ध्वजो दण्डो रथो घनः ।
अष्टौ विकृतयः प्रोक्ताः क्रमपूर्वा मनीषिभिः ।।

उपर्युक्त विधि से यजुर्वेद का परिमान बहुत अधिक विस्तृत हुआ और तैत्तिरीय, काण्वादि, चरकशाखीय, मैत्रायणीय और वाजसनेय आदि अनेकों शाखाएं बन गईं ।

इस संबंध में सर्वानुक्रमणी में लिखा मिलता है—

देवा यज्ञं ब्राह्मणानुवाको विंशतिरनुष्टुभः सोमसम्पत् ।

—अर्थात् यजुर्वेद १७.१२ के "देवा यज्ञमतन्वत" मंत्र से बीस अनुष्टुभ तक ब्राह्मण भाग हैं ।

अश्वस्तूपरो ब्राह्मणाध्यायः शावंदद्भिस्त्वचान्तश्च ।

—यजुर्वेद का २४वां अध्याय और २५ वें में "शादं" से "त्वचा" तक नौ मंत्र भी ब्राह्मण भाग हैं । पुनः—

ब्राह्मणे ब्राह्मणमिति द्वे काण्डिके तपसे अनुवाकश्च ब्राह्मणम् ।

—कि तीसवें अध्याय में 'ब्राह्मणे ब्राह्मणम्' की दो काण्डिका और तपस अनुवाक भी ब्राह्मण है । अर्थात् उसमें मंत्र विभाग और ब्राह्मण भाग मिल गया है ।

ऋग्वेद की भी अनेकों शाखाएं बनीं किन्तु उसमें यजुर्वेद की तरह मिश्रण नहीं हुआ । उसमें भी वालखिल्य आदि जुड़े हैं परन्तु परिशिष्ट के रूप में जुड़े हैं । अनुवाकानुक्रमणी में लिखा है—

सहस्रमेतत् सूक्तानां निश्चितं खैलकैर्विना ।

कि खिल भाग को छोड़कर ऋग्वेद में एक सहस्र सूक्त निश्चित हैं । ऋक् प्रातिशाख्य में भी लिखा है—

ऋचां समूह ऋग्वेदस्तमभ्यस्य प्रयत्नतः ।
पठितः शाकलेनादौ चतुर्भिस्तदनन्तरम् ।।
शांखाश्वलायनौ चैव माण्डूक्ये बाष्कलस्तथा ।
बह्वृचा ऋषयः सर्वे पंचैते एक वेदिनः ।।

कि आरम्भ में शाकल संहिता बनीं और तदनु उसके चार शिष्य—बाष्कल, आश्वलायन, शांखायन और माण्डूक की शाखाएं संग्रह हुईं । विष्णु पुराण में शाकल के पांच शिष्यों के नाम किंचित् भिन्न प्रकार से दिये हैं—

मुद्गो गोकुलो वात्स्यः शैशिरः शिशिर स्तथा ।
पंचैते शाकलाः शिष्याः शाखाभेद प्रवर्त्तकाः ।।

—और 'विकृतवल्ली' के टीकाकार ने कहीं से एक अन्य श्लोक निम्न प्रकार से उद्धृत किया है—

शिशिरो बाष्कलः शांखो वातश्चैवाश्वलायनः ।
पंचैते शाकलाः शिष्याः शाखा भेद प्रवर्त्तकाः ॥

इस पाठ भेद का कारण यह दीख पड़ता है कि शाकल के शिष्य चार या पांच से अधिक थे और उन्होंने सभी ने ऋग्वेद की संहिताएं तैयार कीं। यदि ऐसा मान लें कि शाकल ने स्वयं 'निर्भुज संहिता' तैयार की और उसके नौ शिष्य—बाष्कल, आश्वलायन, शांखायन, माण्डूक, मुद्ग, गोकुल, वात्स्य, शैशिर और शिशिर ने क्रमशः प्रतृण्ण, जटा, माला, शिला, लेखा, ध्वज, दण्ड, रथ और घन पाठ भेद वाली संहिताएं तैयार कीं तो यह युक्तिसंगत लगता है। क्योंकि शाकल संहिता के संबंध में ऐतरेय ब्राह्मण (१४ ५) में लिखा मिलता है—

यदस्य पूर्वमपरं यदस्य यद्वस्य परं तद्वस्य पूर्वम् ।
अहेरिव सर्पणं शाकलस्य न विजानन्ति यतरत् परस्तात् ॥

कि शाकल संहिता का जैसा आदि है वैसा ही अन्त है और जैसा अन्त है वैसा ही आदि है। वह तो सर्प की चाल की तरह एक समान है और उसमें कहीं कोई गति में भेद नहीं है। अर्थात् पूर्णतया शुद्ध है।

पातंजल महाभाष्य में ऋग्वेद की २१ शाखाएं बताई गई हैं—"एक विंशतिधा बाह्वृच्यम्" जो कूर्म पुराण में भी 'एक विंशति भेदेन ऋग्वेद कृतवान् पुरा'—कथन से कही गई हैं; किन्तु न तो २१ शाखाओं के नाम आदि मिलते हैं और नहीं उनकी प्रतियां अथवा न्यूनाधिक पाठ ही उपलब्ध होता है। वर्तमान में केवल **शाकल, बाष्कल** और **शांखायन** शाखाओं की सम्पूर्ण या अपूर्ण पाठों वाली प्रतियां उपलब्ध हुई हैं।[७]

५. ऋग्वेद के परिमान के सम्बन्ध में पुरातन मान्यता इस प्रकार है—

ऋग्वेदस्य सप्तदशाधिकमेक सहस्रं सूक्तानि ।
षडधिक द्वे सहस्रे वर्गाः । चतुः षष्ठिरध्यायाः ।
दश मण्डलानि । अष्टौ अष्टकानि । इत्येवं विभागः ॥

कि ऋग्वेद में १०१७ सूक्त, २००६ वर्ग, ६४ अध्याय, १० मण्डल और ८ अष्टक हैं। अलग-अलग कहें तो एक स्वरूप में ८ अष्टकों में ६४ अध्याय और १०२८ सूक्त मिलते हैं और दूसरे स्वरूप में १० मण्डलों में ८५ अनुवाक और २०२४ वर्ग हैं। मंत्रों की संख्या १०५५२ मानी गई है और बालखिल्य आदि परिशिष्ट में ९१ सूक्त और १७१६ मंत्र गिने गये हैं। संत तुकाराम की अभंग में भी ऋग्वेद की मंत्र संख्या १०५५२ दी है और सूक्त भी १०२८ बताये गये हैं।[८]

सन् १९३३ में प्रिंसिपल वी. के. राजवाड़े, वासुदेव शास्त्री अभ्यंकर, एन. एस. सोनटक्के और पं० टी. एस. वरदराज शर्मा के संपादकत्व में ऋग्वेद का सायणभाष्य छपना शुरू हुआ और उसकी पांच जिल्दें निकलीं। उसमें कुल १०३८१ मंत्र लिये गये हैं। बालखिल्य तथा खिल भाग के ९१ सूक्तों में ३८८ मंत्र पृथक् से दिए हैं।[९]

सन् १९६९ में भारतीय चरित्र कोश मंडल, पुणें से ऋग्वेद का मराठी भाषान्तर प्रकाशित हुआ है। उसमें सूक्त १०२८+१०३ और मंत्र १०५५२+१७१६ तथा वर्ग २०२४ दिए हैं।[१०]

वस्तुतः ऋग्वेद सूक्तों का संग्रह है। सूक्त एक ऋषि अथवा एक ऋषि परिवार की कृति है। इन सूक्तों का बहुविध संकलन हुआ है। **एक संकलन** ऋषि सूक्तों का हुआ जैसे "अग्नि मीळे" से "इन्द्रं विश्वा अवीवृधन्" मंत्र तक एक ऋषिसूक्त, ऋषि मधुछन्दसा का है। दूसरा ऋषि-सूक्त जो "इन्द्रं विश्वा अवीवृधन्" आदि आठ ऋचाओं का है, वह मधुछन्दस पुत्र जेता ऋषिपुत्र का है। **दूसरा संकलन** देवता सूक्तों के रूप हुआ जैसे "अग्नि मीळे पुरोहितम्"—से अग्नि सूक्त और "वायवायाहि दर्शत" —आदि से वायु सूक्त। **तीसरा संकलन** छन्द सूक्तों के रूप में हुआ जैसे "अग्नि मीळे पुरोहितम्" से अष्टादश वर्ग पर्यन्त "गायन्ति त्वा गायत्रिन्" —से पूर्व तक का गायत्री छन्दः सूक्त। इसीलिए बृहद्देवता (१.१४) में शौनक कहते हैं—

देवतार्षार्थ छन्देभ्यो वैविध्यं तस्य जायते।

पुनः आठ अध्यायों के अष्टकों के रूप में ऋग्वेद का आठ अष्टकों में विभक्ति-करण हुआ जो संभवतः पहला सर्व सम्मत विभागीकरण था। कालान्तर में यज्ञ कर्म के लिए अनुवाक बनें और ८५ अनुवाकों में मंत्रों को विभागीकृत कर दिया गया। यह विभाग सर्वसम्मत न था। पृथक्-पृथक् शाखाओं में प्रथक्-प्रथक् अनुवाक संख्या होने का एक संदर्भ तैत्तिरीय आरण्यक में निम्न प्रकार लिखा मिलता है।

अस्याः शाखा भेदेन अनुवाक संख्या भेदो वर्तते।
तत्र द्राविडैरस्याश्चतुषष्टि संख्याकानुवाकाः पठ्यन्ते॥
आन्ध्रैरस्याशीत्यनुवाकाः। कर्णाटकैश्चतुः सप्तत्यनुवाकाः।
अन्यैरेकोननवत्यनुवाकाः परिपठ्यन्ते॥

अष्टकों में प्रायः १२०० से १३०० ऋचाएं थीं और २०० से ३०० वर्ग; किन्तु अनुवाकों से यह विभागीकरण ऊथल-पुथल (गडमड) हो गया। अन्त में ऋषियों ने ऋग्वेद को अलग-अलग दस मण्डलों में बांध दिया।

'सर्वानुक्रमणिका' में आचार्य शौनक ने कहा है—

य आङ्गिरसः शौनको होत्रो भूत्वा भार्गवः।
शौनकोऽभवत्स गृत्समदो द्वितीय मण्डलमपश्यविति॥

—कि गृत्समद ने संपूर्ण द्वितीय मण्डल को देखा जबकि वह स्वयं ही वहां अनेक ऋषियों के अलग-अलग सूक्त भी बनाता है। इसलिए यही मान्यता पुरस्करणीय है कि मण्डलों के संकलनकर्त्ता भी ऋषि ही हैं।

आश्वलायन गृह्यसूत्र में लिखा भी है—

शतर्चिनो माध्यमा गृत्समदो विश्वा मित्रो।
वामदेवोऽत्रिर्भरद्वाजो वसिष्ठः प्रगाथाः।
पावमान्याः क्षुद्रसूक्ता महासूक्ताः॥

अर्थात् **प्रथम मण्डल** को मधुछन्द से अगस्त्य पर्यन्त १६ ऋषियों ने संग्रह किया।

दूसरे मण्डल को गृत्समद ने, **तीसरे** को विश्वामित्र ने, **चौथे** को वामदेव ने, **पांचवें** को अत्रि ने, **छठे** को भारद्वाज ने, **सातवें** को वसिष्ठ ने, **आठवें** को प्रगाथा ने और **नौवें** मण्डल को पावमान्य ने संग्रह किया। **दसवें मण्डल** को, एक से दस ऋचाओं के क्षुद्र और दस से अधिक ऋचाओं के महासूक्त के रूप में, अनेकों ऋषियों ने संग्रह किया। इन संग्रहकर्त्ताओं को ही क्रमशः शतर्चिन, मध्यम, क्षुद्र-महासूक्त संग्रहकर्त्ता कहा गया है।[११]

ऋषियों में भी ऋषि, ऋषिपुत्र, ऋषिकपौत्र, नप्ता आदि और ऋषिका शामिल हैं। जैसे तीसरे मण्डल के ऋषि-विश्वामित्र का पुत्र मधुच्छन्द, पौत्र जेता। अंगिरस के पुत्र रहूगणः पौत्र गोतम, नप्ता वामदेव और प्रणप्ता बृहदुक्थ्य। इसी प्रकार तीसरे अष्टक में 'ममद्विते' त्यादि दश ऋचाओं के सूक्त के ऋषि राजर्षि पुरुकुत्स पुत्र त्रसदस्यु। 'कउश्रव' दिति सात ऋचाओं के सूक्त की ऋषिका पुरुमीढ-अजमीढ-सुहोत्र राजा की पुत्री वृषी। आठवें अष्टक के द्वितीय अध्याय में 'अग्निरिन्द्र' इत्यादि पांच ऋचाओं तथा 'देवान् हुवे' आदि पन्द्रह ऋचाओं के ऋषि वसुक पुत्र वसुकर्ण। चतुर्थ अष्टक के प्रथम अध्याय में 'समिद्धो अग्निः' आदि छह ऋचाओं की ऋषिका अत्रिपुत्री विश्ववारा और आठवें अष्टक के छठे अध्याय में 'ते वदन्नि' ति सात ऋचाओं की ऋषिका ब्रह्मजाया जुहू तथा आठवें अष्टक के छठे अध्याय में पठित 'इन्द्रस्य दूतीरिषिता चरामी' ति और 'नाहं तं वेदे' ति मन्त्रों की दृष्टा ऋषिका सरमा देवशुनी। इत्यादि।[१२]

सारांश

इस प्रकार ऋग्वेद के परिमान में सुदीर्घकाल से कैसा भी कोई परिवर्तन इत्यादि नहीं हुआ और यह अविकल रूप में सुरक्षित और संरक्षित है। इसके वर्तमान स्वरूप को कम से कम आचार्य शौनक के समय से ज्यों के त्यों बने रहने के बहुविध प्रमाण उपलब्ध हैं। महर्षि वेद व्यास ने 'विकृतवल्ली' की रचना की है। उससे भी यही स्पष्ट होता है कि उन्होंने ऋग्वेदादि के परिमान में कैसा भी कोई हस्तक्षेप नहीं किया। केवल उन्होंने विशालकाय वैदिक वाङ्मय को संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषदादि के रूप में व्यवस्थित कर दिया। इसलिये वे 'वेदव्यास' कहे गये।[१३]

ऋग्वेद में वैवस्वतमनु, नाभानेदिष्ठ, मांधातृ, यौवनाश्व, सत्यव्रत त्रिशंकु, त्रैय्यारूण, हरिश्चन्द्र, सगर, अंशुमत्, अंबरीष, अयुतायु, ऋतुपर्ण, दीर्घबाहु, रघु, अज, दशरथ, रामदाशरथि आदि ईश्वाकु राजा गण उल्लिखित हैं जो महाभारत युद्ध से लगभग १००० वर्ष पूर्व हो चुके हैं। अतः इस आधार पर भी ऋग्वेद का वर्तमान स्वरूप महाभारत युद्ध से बहुत पहले स्थिर हो जाना प्रमाणित होता है।

वर्द्धमान ग्रन्थागार की प्रत[१४]

जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) के केन्द्रीय पुस्तकालय—वर्द्धमान ग्रन्थागार में ऋग्वेद संहिता की एक दुर्लभ प्रतृण संहिता प्रत् सुरक्षित है। इस दुर्लभ पत् को पं० सदाशिव उपाध्याय के पुत्र सखोबा उपनाम पराड़कर ने ज्येष्ठ

बदि सप्तमी सोमवार 'प्रमोद' संवत्सर विक्रमी सं० १८५६ को एक अष्टक पूर्ण करके कार्तिक वदि द्वितीया सोमवार 'वृष' संवत्सर सं० १८६७ को लिखकर पूर्ण किया है। प्रतिलिपि सुवाच्य और निर्भ्रान्त है। प्रत्येक अष्टक में क्रमशः ८३ + ७४ + ८० + ८१ + ८१ + ९२ + ९४ + ९२ क्रम से कुल ६७७ पत्रक हैं।

प्रत् के आठ अष्टकों में आठ, आठ अध्याय पूरे हैं। मंत्र (ऋचाएं) व्याकृत शैली में स्वराघात चिह्नों के साथ लिखे गये हैं। मंत्रों की संख्या निश्चय ही दश मण्डलात्मक ऋग्वेद से कम होगी किन्तु उसके प्रथम दो अष्टक प्रिंसिपल राजवाड़े के संस्करण से मेल खाते हैं। केवल द्वितीय अष्टक में 'इळामग्रे ·· वस्मे''—इत्यादि एक मंत्र नहीं है और कतिपय मंत्रों में आरंभिक पद छोड़े हुए हैं।

परिचयार्थ नीचे प्रथम अष्टक का पहला मंत्र समूह उद्धृत किया जा रहा है—

"हरि हिः ३ॐम् ॥ अग्निं । इळ । पुरःऽहितं ।
यज्ञस्य स्ये । देवं । ऋत्विजं । होतारं । रत्नऽधातमं ॥
अग्निः । पूर्वेभिः । ऋषिऽभिः । ईड्येः । नूतनैः ।
उत । सः । देवान् । आ । इह । वक्षति ।
अग्निना । रयिं । अश्वत् । पोषं । एव । दिवेऽदिवे ।
यशसं । वीरवत्ऽनमं ।
अग्ने । यं । यज्ञं । अध्वरं । विश्वतः । परिऽभूः । असि ।
सः । इत् । देवेषु । ग छ ति ।
अग्निः । होता । क वि ऽ क्र तुः । सत्यः । चित्रश्रवऽतमः ।
देवः । देवेभिः । आ । गमत ॥१॥"

—उक्त पांच मंत्रों का पहला समूह देखने से यह स्पष्ट होता है कि इस प्रत् से मिलान करके वर्तमान प्रकाशित प्रतियों के स्वरूप को देखा-परखा जा सकता है और दशमण्डलात्मक एवं आठ अष्टक वाले स्वरूपों के विभेद को भी उजागर किया जा सकता है। □

संदर्भ

१. (i) बह्वृचानां शाकलीया द्वादशतायी (दाशतायी ?)संहिता—ऐतरेयारण्यकम्।
(ii) द्वादश वृहती सहस्राणि एतावत्यो ह्यर्चो याः प्रजापतिसृष्टाः ॥
—शतपथ ब्राह्मण (१०.४.२.२३)
(iii) आजकल ऋग्वेद में १०५८० मंत्र, १५३८२६ पद अथवा ४ ३२००० अक्षर माने जाते हैं।

२. मनुस्मृति (प्रथम अध्याय) में 'चतुर्युग' को १२००० बारह सहस्र वर्षों का "देवतायुग" कहा गया है। ब्रह्माण्ड पुराण (१.२.२९-३६) में इसे स्पष्ट कर दिया गया है—

'तेषां द्वादश साहस्री युग संख्या प्रकीर्तिता।
कृतं त्रेता द्वापरं च कलिश्चैव चतुष्टयम् ॥

अत्र संवत्सराः सृष्टा मानुषेण प्रमाणतः।
कृतस्य तावद् वक्ष्यामि कालं तञ्च निबोधत ॥
सहस्राणां शताब्दाहुश्चतुर्दश हि संख्यया।
चत्वारिशंत्सहस्राणि तथाहि कृतं युगम् ॥
तथा शत सहस्राणि वर्षाणि दश संख्यया।
अशीतिश्च सहस्राणि कालस्त्रेतायुगस्य सः ॥
सप्तेव नियुतान्याहुरब्द सहस्रकाणि तु।
विंशतिश्च सहस्राणि कालः स द्वापरस्य च ॥
तथा शत सहस्राणि वर्षाणां त्रीणि संख्यया।
षष्टिश्चैव सहस्राणि कालः कलियुगस्य च ॥
एवं चतुर्युगे कालः शून्यैः संध्यांशकैः स्मृतः।
नियुतान्येव सप्त विंशतिश्चैव भवति वै ॥
चत्वारिंशत्तथा त्रीणि नियुतानीह संख्यया।
विंशतिश्च सहस्राणि ससंध्यश्च चतुर्युगः ॥'

अर्थात् १२००० वर्षों के युग में कृत, त्रेता, द्वापर, कलि—चार भाग होते हैं जिनमें क्रमशः १४४० हजार, १ ८० हजार, ७२० हजार, ३६० हजार दिन और ७२० हजार दिनों के संध्यांश सहित चतुर्युग में कुल ४३ लाख २० हजार दिन (सहस्रक) होते हैं।

३. ऋग्वेद १०.७२.२ में 'युग' और १.१३९:९ में 'युगान्तर' का विवरण है। विवरण में कहा गया है कि दध्यंच्, अंगिरस, प्रियमेध, कण्व, अत्रि आदि ऋषियों को आदि मनु के साथ उनके जन्म का भी स्मरण था।

४. (i) 'ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्'—(१.१६४.३२)
(ii) सहस्राक्षरा परमे व्योमन्'—(१.१६४.४१)

५. ऋग्वेद में सात युग्मछन्दों के अलावा एकपदी, द्विपदी और प्रगाथ के तीन भेद—बार्हत, काकुभ और महाबार्हत छन्दों के रूप में ६२८ मंत्र भी पठित हैं।

६. ऋग्वेद के १० वें मण्डल का ५८वां सूक्त "मनो जगाम दूरकम्" और "क्षयाय-जीवसे" पदों से युक्त है, उसके प्रत्येक मंत्र में ये पद हैं। इसी प्रकार "इंद्रस्येन्दो परिस्रव" और "स जनास इन्द्रः" पद वाले मंत्रों का एक सूक्त है। पहले मण्डल में "वृजनं जीर दानुम्"; दूसरे में "विदथेषु सुवीराः"; तीसरे मण्डल में "सञ्जितं धनानाम्" और चौथे मण्डल में "रथ्यः सदासा" अन्त वाले मंत्रों के सूक्त हैं। ये ऋग्वेद की एकरूपता में प्रमाण हैं।

७. एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता में शांख्यायनी शाखा की प्रति है। तंजावरपुर के सरस्वती महाल ग्रन्थागार में शाकल-बाष्कल पाठ की संपूर्ण प्रति हैं। बनारस में स्कन्द स्वामी के भाष्य वाली प्रति, शाकल और आश्वलायन पाठ की है। इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी, लंदन में भी एक प्रति है। अधूरी प्रतियां अनेकों स्थानों पर हैं किन्तु जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं के वर्द्धमान ग्रन्थागार में अभी एक सम्पूर्ण प्रति क्रय की गई है जो सदाशिव उपाध्याय पुत्र सखोबा उपनाम पराडकर द्वारा

लिखित प्रति है।

८. चरणव्यूह और शाकल गृह्यसूत्र के अनुसार ऋग्वेद की छन्द पाद संख्या ४०१०० होती है। बाष्कल शाखा में १०५८१ मंत्र और शाकल शाखा में १०४१७ मंत्र संख्या बनाई गई है।

—वेवर की इण्डिस स्टडीज (३.२५६ और १०.१३३)

९. सायणाचार्य का भाष्य—माधवीय वेदार्थ प्रकाश १३वीं सदी विक्रमी के अन्तिम चरण में लिखा गया था।

खिल भाग बम्बई से क्रमशः सन् १८७७, १८९१ और शक सं० १८१०-१२ में प्रकाशित तीनों संस्करणों में भी प्रकाशित है। सातवलेकर के संस्करण में ३६ खिल हैं। मेक्समूलर ने ३२ और ऑफ्रेच्त (Aufrecht) ने २५ खिल प्रकाशित किये थे।

१०. हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के विद्वान् मॉरिश ब्लूमफील्ड ने ऋग्वेद में पुनरुक्त पाद (चरण) संख्याओं का दोहन किया है और लगभग ८००० पाद (लाईन) पुनरूक्त बताये हैं किन्तु वस्तुतः उनके सिद्धांत अनुसार केवल २४०० पाद ही पुनरुक्त बनते हैं। दुर्भाग्य से ब्यूमफील्ड भारतीय परम्परा से पूर्णतः अनभिज्ञ हैं इसलिए उनका श्रम निरर्थक अधिक है।

११. मधुच्छन्दः प्रभृतयोऽगस्त्यन्ता आद्यमण्डले।
ये संति ऋषयस्ते वै सर्वे प्रोक्ताः शचर्चिनः॥
इनका निर्वचन इस प्रकार मिलता है—

ददर्शादौ मधुच्छन्दा द्व्यधिकं यद्ऋचां शतम्।
तत्साहचर्यादन्येपि विज्ञेयास्तु शतर्चिनः॥
अच्छत्राश्छत्रिणैकेन यथा ते छत्रियो भवन्॥

इसी प्रकार क्षुद्र सूक्त और महासूक्त की परिभाषा भी बहद्देवता में दी है—

दशर्चताया अधिकं महा सूक्तं विदुर्बुधाः। इति
एतेन एकर्चं प्रभृति दशर्चं पर्यन्तं क्षुद्र सूक्तम्। इति

१२. वास्तव में जिसका वाक्य वह ऋषि, जिसके लिए कहा गया वह देवता, जितने अक्षरों में कहा गया उसके अनुसार छन्द बताया गया है। आचार्य शौनक ने सर्वानुक्रमणी में कहा भी है—

अर्थेप्सव ऋषयो देवताश्छन्दोभि रूपाधावन्।

—कि अपने कथन का अर्थ स्पष्ट हो— इसके लिए ही ऋषि, देवता और छन्दों की स्तुति करते हैं।

यास्क ने 'निरुक्त' के सातवें अध्याय में भी कहा है—

अर्थकाम ऋषिर्यस्यां देवतायामार्थपत्यमिच्छन्,
स्तुतिम् प्रयुङ्क्ते स तत् देवत्यो मन्त्रः।

—और 'बृहद् देवता' में कह दिया गया है—

ऋषिसूक्तानि यावन्ति सूक्तान्येकस्य वै कृतिः।

—अर्थात् वेद वाक्य ऋषियों की कृति हैं और उसमें देवता और छन्दों का प्रयोग स्पष्टता के लिए किया गया है।

१३. वेदों के चार भाग—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद के अलावा शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरूक्त, छन्द और ज्योतिष, छह अंग और धर्मशास्त्र, पुराण, मीमांसा और न्याय चार उपांग होते हैं। यह विभाग महर्षि वेद व्यास कृत हैं। महर्षि याज्ञवल्क्य ने इस चतुर्दश विद्या का उल्लेख किया है—

पुराण न्याय मीमांसा धर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः।
वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश॥

१४. वर्द्धमान ग्रन्थागार में सन् १९९१-९२ की खरीद में प्राप्त अष्टक संग्रह की आठ पोथियां। □□

वेद तरू

"सोऽयमेको यथा वेदस्तरूस्तेन पृथक्कृतः।
चातुर्धाथ ततो जातं वेद पादपकाननम्॥१५॥

विभेद प्रथमं विप्र! पैलो ऋग्वेद पादपम्।
इन्द्र प्रमितये प्रादाद्वाष्कलाय च संहिते॥१६॥

चतुर्धा स विभेदाथ बाष्कलोऽपि च संहिताम्।
बोध्यादिभ्यो ददौ ताचश्च शिष्येभ्यस्स महामुनिः॥१७॥

बोध्याग्निमाढकौ तद्वद्याज्ञवल्क्यपराशरौ।
प्रतिशाखास्तु शाखायास्तस्यास्ते जगृहुर्मुने॥१८॥

इन्द्र प्रमितिरेकां तु संहितां स्वसुतं ततः।
माण्डुकेयं महात्मानं मंत्रेयाध्यापयत्तदा॥१९॥

तस्य शिष्य प्रशिष्येभ्यः पुत्रशिष्यक्रमाद्ययौ।
वेदमित्रस्तु शाकल्यः संहितां तामधीतवान्॥२०॥
चकार संहिताः पंच शिष्येभ्यः प्रददौ च ताः।"

—विष्णुपुराण (अंश ३ अध्याय-४)

जिनागमों का संपादन

☐ जौहरीमल पारख

प्राचीन अर्द्धमागधी के नाम पर वैयाकरणों द्वारा आगम पाठों के "शुद्धिकरण" की जो प्रक्रिया प्रारम्भ हुई है उसकी स्वागत-समीक्षा कई जैन पत्रिकाओं में छपी है। डॉ० के० ऋषभचन्द्रजी जैन अहमदाबाद वालों ने इस नई दिशा में मेहनत की है जिसके बारे में पंडितों के अभिप्रायों के प्रशंसात्मक अंशों का प्रचार भी हो रहा है जो आज की फैशन व परम्परता के अनुकूल ही है। नमूने के तौर पर आचाराङ्ग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध के प्रथम अध्याय के प्रथम उद्देशक का नव संपादित पाठ भी प्रसारित किया गया है।

उस बारे में यह लेख है कि प्रारम्भ से आगम पाठ मौखिक रूप में ही गुरुशिष्य परम्परा से चलते रहें। चूंकि आगम पाठों की शुद्धता पूर्वाचार्यों की दृष्टि में अत्यन्त महत्त्व रखती थी अतः समय-समय पर वाचनायें व संगतिये होती थीं जिनमें संख्याबद्ध बहुश्रुत आगमधारक श्रमण मिलकर अपनी-अपनी याददास्त को ताजा व सही करते रहते थे। किन्तु बाद में स्मरण शक्ति के ह्रास व स्वाध्याय शिक्षणादि अन्य कारणों से आगमों को लिखने व नोट करने की छुटमुट प्रथा भी चल पड़ी, यद्यपि मुख्यतः गुरुमुख से प्राप्त पाठ का ही प्रचलन था और वही शुद्धतर माना जाता था। कालान्तर में आगम धरों की निरंतर घटती संख्या को देखते हुए जब आगम-विच्छेद जैसा ही खतरा दिखाई देने लगा तो पाठ सुरक्षा के लिए आज से लगभग १६०० वर्ष पूर्व गुजरात (सौराष्ट्र) के वल्लभीपुर नामक शहर में देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण (अपरनाम देववाचक) की अध्यक्षता में आगम वाचना हुई। उस अवसर पर आगमधारक आचार्यों/उपाध्यायों को गुरु परंपरा से प्राप्त पाठ व व्यक्तिगत छुटमुट प्राप्त पोथियों के व्यापक आधार पर समस्त उपलब्ध आगमों को लेखबद्ध किया गया और वही पाठ आज समूचे श्वेताम्बर जैन समाज में मान्य है।

आजीविका चलाने वाले लहिये और श्रमण-श्रमणियां व प्रबुद्ध श्रावक-श्राविकायें भी इन उपरोक्त लिखित आगमों की प्रतिलिपियां करते रहते थे। पहले भोजपत्र व ताड़पत्र पर और बाद में कागज का चलन हो जाने पर कागज पर आगम लिखे जाते रहे। ऐसी प्रतियां सैकड़ों हजारों की संख्या में, देश-विदेश के भण्डारों व यत्रतत्र, अन्यत्र भी मिलती हैं जिनमें कई तो हजार-आठ सौ वर्ष से भी अधिक पुरानी हैं। वर्तमान में आगमधर गुरु से परम्परा में प्राप्त पाठ का प्रायः अभाव हो जाने से, आगम के असली पाठ निर्धारण में ये प्राचीन हस्तलिखित प्रतियां (जिन्हें आदर्श की संज्ञा दी जाती

है) ही हमारा एक मात्र आधार रह गई हैं और इसीलिये आगम-संपादन की यह मान्य प्रथा है कि बिना आदर्श में उपलब्ध हुए कोई भी पाठ स्वीकार न किया जाय।

इस दृष्टि से डॉ० चन्द्रा द्वारा संपादित प्रथम उद्देशक का विश्लेषण करते हैं तो संलग्न सूची के अनुसार महावीर जैन विद्यालय संस्करण (जिसे उन्होंने आदर्श ग्रन्थ/प्रति के रूप में प्रयुक्त किया है) के पाठ को ९४ जगहों पर शब्दों में भेद किया है। ५ शब्द भेद छठे सूत्र में 'यश्रुति, तश्रुति, उदवृतस्वर' आधार पर और जोड़े जा सकते हैं जैसा कि उन्होंने दूसरे सूत्र में (सूची क्रम संख्या ४८-९, ५२-४) में किये हैं (संभवतः छठे सूत्र में ये भेद करना चाहते हुए भी नजर चूक से वे भूल गये लगते हैं)। इस प्रकार पाठ भेद वाले शब्दों की संख्या ९९ पर पहुंच जाएगी और १७ शब्दों में (सूची क्रम संख्या १,३,९,३१,३२,३९,४०,५०,५१,५५,५९,६५,६७,७६,८३,८७,९०) तो दो-दो पाठ भेद हैं अतः कुल पाठ भेद ११६ गिनाये जा सकते हैं। लेकिन इतने सारे पाठ भेदों में केवल ७ भेद ही (सूची क्रम संख्या ९,४८,४९,५२,५३,५४ व ५७) आदर्श सम्मत हैं। बाकी के सब भेद आदर्शों पर आधारित न होने के कारण अमान्य ठहरते हैं। डॉ० साहब कष्ट उठाकर भण्डारों में जाते, प्राचीन प्रतियों का अध्ययन करते और उसी सूत्र में उसी स्थल पर इनके द्वारा सुझाया गया पाठ उपलब्ध है ऐसा बताते तब तो कुछ आधार बनता, वरना इनका पाठ गले नहीं उतरेगा।

असल आगम पाठ क्या है? बस इसका ही निर्धारण करें। आपकी राय में क्या होना चाहिए या हो सकता है यह अनधिकार चेष्टा है। वास्तव में पाश्चात्य जगत् से आई 'संपादन' नाम से पहिचाने जाने वाली प्रक्रिया आगमों पर लागू ही नहीं होती है क्योंकि न तो हम सर्वज्ञ हैं न गणधर और न आगमधर स्थविर हैं (निर्युक्ति व चूर्णिकार ने तो थेर शब्द का अर्थ भी गणधर ही किया है—देखें द्वितीय स्कन्ध का प्रारंभ) अन्य आगमों में या स्वयं आचाराङ्ग में अन्यत्र अमुक पाठ मिलता है इसलिये यहां भी वैसा ही पाठ होना चाहिए, इस तर्क में कोई बल नहीं है—यह दुतरफा है। इसके अतिरिक्त यह कोई नियम नहीं है कि एक व्यक्ति सदैव एक सरीखा ही बोलता है। श्रोताओं की भिन्नता, स्थल की भिन्नता आदि कारणवश अथवा बिना कारण भी, हम गद्य पद्य छंद मात्रा अलंकार, कभी लोक तो कभी लोग, कभी पानी तो कभी जल, कभी प्रज्ञापना तो कभी पण्णवण्णा, कभी किंवा तो कभी अथवा, कभी कागज तो कभी कागद, कभी भगवती तो कभी व्याख्याप्रज्ञप्ति, कभी प्रत्याख्यान तो कभी पच्चक्खाण, कभी छापा तो कभी अखबार, कभी सुसरा तो कभी हुसरा, कभी मैं तो कभी हम, कभी प्रतिक्रमण तो कभी पडिक्कमणा, कभी रजिस्ट्री तो कभी पंजीकरण बोलते हैं। अर्थात् हमारी बोली में और विशेषतः सतत बिहारी साधु वर्ग में श्रुतिवैविध्य, शब्दवैविध्य (पर्यायवाची) और भाषा वैविध्य (अन्य भाषा के शब्द) होता है।

डॉ० चन्द्रा ने ३८ भेद (यकात/उदवृतस्वर करके) ७ भेद (ग का क करके) ३ भेद (ह का ध करके) २ भेद (ड्ढ का द्ध करके) १ भेद (य का च करके) और १ भेद (य का ज करके) कुल ५२ भेद श्रुति आधारित किए हैं जिनमें केवल ६ आदर्श सम्मत

हैं (जो उपरोक्त ७ की संख्या में समाविष्ट कर लिए गए हैं)। हमारा यह कहना नहीं है कि आगमों में 'त' श्रुति नहीं है; पर आदर्शों में जिस स्थल पर वह मिलती है वहीं ली जा सकती हैं—सर्वत्र नहीं। महावीर जैन विद्यालय के संस्करण में आगमोदय समिति संस्करण की अपेक्षा 'त' श्रुति की भरमार है परन्तु एक भी जगह बिना आदर्श का आधार लिए नहीं है। विडम्बना यह है कि डॉ० चन्द्रा ने अपने सारे निष्कर्ष बिना असल प्रतियों के देखे केवल छपी पुस्तकों—द्वितीय स्तर की साक्ष्य (Secondary evidence) के आधार पर निकाले हैं जिन्हें प्रायः साधारण अदालत भी नहीं मानती है। यदि वे गहराई में जाते तो अपना मामला मजबूत कर सके होते।

अर्द्धमागधी भाषा के प्राचीन रूप का तर्क भी शक्तिहीन है। भगवान् ने तीर्थ की प्ररूपणा की थी, न कि अर्द्धमागधी भाषा की। वह भाषा तो उनसे पूर्व भी प्रचलित थी—उनसे भी बहुत पुरानी है। भाषावली की कठोर सीमा रेखायें नहीं खेंची जा सकती है तथा एक प्रदेश व एक युग में सभी व्यक्ति एक सी ही भाषा वापरते हैं यह सिद्धान्त भी नहीं बनता है। भिन्न-भिन्न जातियों की, शहरों व गांवों की, अनपढ़ व पण्डितों की बोलियों में अन्तर होता है—पारिभाषिक शब्दावली भी अपनी-अपनी अलग होती है। आज २१वीं सदी में भी मारवाड़ी लोगों की बहियों व आपसी पत्र-व्यवहार की भाषा व शैली १८वीं, १९वीं शताब्दी से मेल खाती है और इसी कारण जैन समाज यह कदापि स्वीकार करने वाला नहीं है कि बौद्ध ग्रन्थों या अशोक के शिलालेखों में प्रयुक्त भाषा हमारे आदर्शों की अपेक्षा अधिक माननीय है एवं जैनागमों में अपना ली जानी चाहिए। हां आगमों का अर्थ समझने में भले ही उनकी सहायता ली जाए किन्तु पण्डितों से हमेशा हमारा यही आग्रह रहेगा कि कृपया बिना भेलसेल का वही पाठ हमें प्रदान करें जो तीर्थंकरों ने अर्थ रूप से प्ररूपित और गणधरों ने सूत्ररूप से संकलित किया था। हमारे लिये वही सर्वथा शुद्ध है। सर्वज्ञों को जिस अक्षर शब्द पद वाक्य या भाषा का प्रयोग अभीष्ट था वह सूचित कर गये— अब उसमें कोई असर्वज्ञ फेरबदल नहीं कर सकता। उसकी अपेक्षा अक्षर व्यंजन मात्रा भी गलत, कम या अधिक बोलने पर ज्ञानाचार को अतिचार लगता है—प्रतिक्रमण में प्रायश्चित्त करना पड़ता है।

रही बात व्याकरण की, सो व्याकरण गणित की तरह एक ऋत विज्ञान (Exact Science) तो है नहीं कि जहां दो व दो चार ही होते हों। व्याकरण के प्रायः सभी नियम अपने-अपने अनुमान व अधूरे पोथी ज्ञान के बल पर बनाए गए हैं, उन्हें पूर्णता की संज्ञा नहीं दी जा सकती। वैयाकरण, निष्णान्त (experts) होते हैं और सब या अधिक की बात छोड़िए, दो निष्णान्त भी एकमत नहीं होते हैं। और तो और, वर्षों की बहस के बाद भी जैनों के मूल मन्त्र नवकार में "न" शुद्ध है या "ण" शुद्ध है इसका निर्णय वैयाकरण नहीं कर पाए हैं जबकि डॉ० चन्दा ने प्रस्तुत उद्देशक में ३५ पाठ भेद केवल "ण" को न में बदल करके किए हैं जिनमें एक भी आदर्श सम्मत नहीं है।

साथ में हमें यह नहीं भूलना है कि व्याकरण तो मंच पर बहुत बाद में आती

है। व्याकरण के नियम रचित साहित्य पर आधारित होते हैं—शास्त्रों व अन्य ग्रन्थों में हुए प्रयोगों के अनुसार पण्डितों द्वारा पीछे से घड़े जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में यह कहना कि आगमकारों ने व्याकरण की अवहेलना की है किंवा आगम-रचना व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध हुई है, उतना ही हास्यास्पद है जितना कि यह कहना कि हमारे दादों, पड़दादों ने हमारे पोतों पड़पोतों का अनुकरण नहीं किया।

थोड़ी देर के लिए यह मान भी लें कि सभी व्याकरण डॉ० चन्द्रा से एकमत हैं और यह भी मान लें कि भगवान् महावीर की तीर्थ-प्ररूपणा से पूर्व डॉ० चन्द्रा की यह नियमावली दृढ़तापूर्वक प्रभाव में थी तो भी हमारा कथन है कि आगम इतनी उच्चकोटि की सत्ता व अधिकारिक स्तर लिए हुए हैं कि बेचारी व्याकरण की वहां तक पहुंच ही नहीं है। सर्वज्ञों के वचन व्याकरण के अधिकार क्षेत्र से परे व बहुत-बहुत ऊंचे हैं। पाणिनी का व्याकरण वेदों पर लागू नहीं होता अर्थात् आर्ष प्रयोग के अपवाद सर्व मान्य हैं। स्टूडियो में निदेशक जैसे एक्टर (अभिनेता) को अथवा छड़ी-धारी अध्यापक जैसे छात्र को कहता है कि 'तू ऐसा बोल' वैसा मुंह में भाषा ठूंसने का अधिकार वैयाकरण को नहीं है कि तीर्थंकर या गणधरों को कहें कि आपको इस प्रकार बोलना चाहिए था! इसे आप वैयाकरणों का दुर्भाग्य मानें या जनता का सौभाग्य कि ज्ञान प्राप्ति के बाद भगवान् ने तीर्थ की प्ररूपणा पण्डितों की भाषा में नहीं की—वे लोकभाषा में बोले ताकि आम प्रजा आप्त वचनों को सरलतापूर्वक सही रूप में समझ सके। प्रस्तुत उद्देशक में ७ भेद विभक्ति परिवर्तन करके, २ भेद अनुस्वार का लोप करके और १ भेद ए का लोप करके व्याकरण की दृष्टि से १० पाठ भेद किए गए हैं। जिनमें केवल एक भेद ही आदर्श सम्मत है जो ऊपर गिनाया जा चुका है।

अतएव व्याकरण के पण्डितों से हमारा अनुरोध है कि ज्ञानी (जो वैयाकरण नहीं होता है) व पण्डित के बीच इस भारी फर्क को समझें और अपने व्याकरण ज्ञान को सामान्य शास्त्रों, ग्रन्थों व अन्य साहित्य तक ही सीमित रखें—आगमों पर थोपने की कोशिश न करें। तिस पर भी उन्हें आप्त वचनों में भाषाई या व्याकरणीय दोष असहनीय रूप से खटकते हों तो "समरथ को नहीं दोष गुंसाई" इस चौपइ में संतोष मना लें। प्रोफेसर घाटगे ने अपने अभिप्राय में ठीक ही लिखा है कि ऐसे प्रयासों का उपयोग शब्दकोश बनाने में लिया जाएगा कि उपलब्ध पाठों में प्राचीनतम पाठ कौनसा है। मुनि श्री जम्बूविजयजी ने भी अपने अभिप्राय में लिखा है—"में उपर-उपर थी तमारुं पुस्तक जोयुं छै। अनुनासिक-परसवर्ण वाला पाठो प्रायः MSS मां मलता ज नथी एटेल ब् ड् वगेरे वाला पाठो माराथी अपायनहि, अमारो एक सिद्धांत छे के MSS मां होय तेज पाठ आपवो।" लेखक ने भी जैसलमेर, पूना, काठमाण्डू, जोधपुर, बाड़मेर, जयपुर आदि भंडारों की हजारों प्राचीन प्रतियों का अवलोकन, सूचीकरण व प्रतिलिपिकरण किया है पर प्राकृत ग्रन्थों में परसवर्ण अनुनासिक लिखने की पद्धति का अभाव ही पाया है—अनुस्वार से ही काम चलाया गया है। लेकिन डॉ० चन्द्रा ने इस पद्धति को अपना कर प्रस्तुत उद्देशक में १६ स्थानों पर पाठभेद खड़े किए हैं जिनमें से एक भी आदर्श सम्मत नहीं हैं।

यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि कुल ११६ पाठ भेदों में केवल १ 'आउसंतेण' को छोड़कर शेष ११५ पाठ भेद ऐसे हैं कि जिनसे अर्थ में कोई फर्क नहीं पड़ता। और आउसंतेण (कहीं अनुस्वार सहित है कहीं रहित) इस पाठ को सबने विकल्प में स्वीकार किया ही है और चूर्णिकार, वृत्तिकार आदि ने इसकी व्याख्या की ही है। तो फिर इस पाण्डित्य प्रदर्शन का लाभ क्या ? पहाड़ खोजने पर चूहा भी नहीं निकला ऐसा कहा जा सकता है।

डॉ० के इस प्रयत्न को, जैनागमों के संशोधन व संपादन प्रक्रिया को नयी दिशा का बोध देने वाला बताया गया है। नवीनता का शौक सबको—बूढ़ों को भी होता है, लेकिन कृपा कर आगमों को इस मानसिक चंचलता का शिकार न होने दें। आगमों का संशोधन या संपादन के बहाने पुनर्लेखन जैसी वस्तु हर प्रकार से अक्षम्य है—मनमानी का पथ प्रशस्त करने वाली सिद्ध हो सकती है। हमारे आगम पुराने हैं और उनके लिए पुरानी दृष्टि ही अधिक उपयुक्त है क्योंकि वह आगम युग के समीपस्थ है। लाख-लाख धर्मानुयायी इन पाठों को पवित्र मंत्र समझते हैं, श्रद्धापूर्वक कंठस्थ व नित्य पारायण करते हैं। भाषा विज्ञान के चौखटे में फिट करने के लिये प्राचीन आदर्शों में उपलब्ध एवं सदियों से प्रचलित पाठों में कांट-छांट करने से सामान्यजन की आस्था हिलती है, उनमें बुद्धिभेद पनपता है और उनकी भावनाओं को ठेस भी पहुंचती है। अतः आत्मनिरीक्षण करें कि जो कार्य आप श्रुत सेवा व निर्जरा का कारण समझकर कर रहे हैं वह कहीं आश्रव व कर्मों का बन्धन तो नहीं है। याद रखें कि गलत ग्रंथ ग्रन्थकार की अपकीर्ति को चिरस्थायी कर देता है। और अंत में होगा यह कि गुड़गांव व राजकोट (अहमदाबाद) से छपे आगमों की तरह आपका संस्करण भी बहिष्कृत कर दिया जाएगा। हमारा मन्तव्य यह नहीं है कि प्रतिलिपि करने में भूलचूक अस्वाभाविक है, लेकिन आदर्शों का मिलान कर सर्वसम्मति से उनका परिष्करण बिलकुल संभव है— आदर्शों से हटने की कतई आवश्यकता नहीं है। भूलों का परिमार्जन तो हिसाब, कानून आदि में सर्वत्र होता ही है क्योंकि वस्तुतः भूल अस्तित्वहीन है, नहीं (Nullity) गिनी जाती है। किन्तु जहां, भूल हुई हो ऐसा कहा नहीं जा सकता, वहां भूल सुधार की ओट लेकर आगमपाठों में घुसपैस करना अनुचित है। आदर्शविहीन इस भाषाविज्ञान की दृष्टि से आगम-संशोधन का विरोध होना चाहिए। □

प्रस्तुत आलेख में 'मूल' की सुरक्षा और तर्क संगत परंपरा-निर्वहन की ओर पाठकों और विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। आगमों से संबंधित प्रश्न होने से इसे मनोयोग पूर्वक देखा-समझा जाना चाहिए। तथा-कथित "भाषाविज्ञान" की वर्तमान मुहिम हमारी दृष्टि में भी भ्रामक अधिक हो सकती है।—प.सो.

संलग्न सूची

क्रमांक	सूत्र संदर्भ	महावीर जैन विद्या० पाठ	डॉ० चन्द्रा का पाठ	अन्तर
१.	शीर्षक	आयारंग	आचारङ्ग	परसवर्ण अनुनासिक, यकाच २
२.	,,	पढ़मो	पढमंसि	विभक्ति रूप
३.	,,	सुयक्खंधो	सुतक्खंधंसि	यकात + विभक्ति रूप २
४.	,,	अज्झयणं	अज्झयनं	णकान
५.	,,	सत्थपरिण्णा	सत्थपरिन्ना	,,
६.	,,	पढमो	पढमे	विभक्तिरूप
७.	,,	उद्देसओ	उद्देसगे	,, ओकागे
८.	१	सुयं	सुत्तं	यकात
९.	,,	आउसं ! तेणं	आउसन्तेण	पाठांतर, परसवर्ण अ०, अनुस्वार लोप २
१०.	,,	भगवया	भगवता	यकात
११.	,,	एवमक्खायं	एवमक्खातं	,,
१२.	,,	इहमेगेसिं	इहमेकेसिं	गकाक
१३.	,,	णो	नो	णकान
१४.	,,	सण्णा	सन्ना	,,
१५.	,,	जहा	जधा	हकाध
१६.	,,	दाहिणाओ	दक्खिणातो	य/त/उदवृतस्वर रूपान्तर
१७.	,,	दिसाओ	दिसातो	,, ,,
१८.	,,	उड्ढातो	उद्धातो	ड्ढ का द्ध
१९.	,,	अणुदिसातो	अनुदिसातो	णकान
२०.	,,	एवमेगेसिं	एवमेकेसिं	गकाक
२१.	,,	णो	नो	णकान
२२.	,,	णातं	नातं	,,
२३.	,,	आया	आता	यकात
२४.	,,	उववाइए	उववातिए	य/त/उदवृत०
२५.	,,	णत्थि	नत्थि	णकान
२६.	,,	आया	आता	यकात
२७.	,,	उववाइए	उववातिए	य/त/उदवृत०
२८.	,,	इओ	इवो	,,
२९.	२	पुण	पुन	णकान
३०.	,,	जाणेज्जा	जानेज्जा	,,
३१.	,,	सहसम्मुइयाए	सहसम्मुतिया	य/त/उदवृत० एकालोप २

३२.	,,	परवागरणेणं	परवागरणेन	णकान, अनुस्वार लोप २
३३.	,,	अण्णेसिं	अन्नेसिं	णकान
३४.	,,	अंतिए	अन्तिए	परसवर्ण अनु०
३५.	,,	जहा	जधा	हकाध
३६.	,,	दक्खिणाओ	दक्खिणातो	य/त/उदवृतस्वर
३७.	,,	पच्चत्थिमाओ	पच्चत्थिमातो	,, ,,
३८.	,,	उत्तराओ	उत्तरातो	,, ,,
३९.	,,	उड्ढाओ	उद्धातो (?)	ड्ढकाद्ध + य/त/उदवृ० *२
४०.	,,	अहाओ	अछे	हकाध + विभक्ति रूप ३
४१.	,,	अन्तरीओ	अन्तरीतो	य/त/उद वृ०
४२.	,,	दिसाओ	दिसातो	य/त/उद वृ०
४३.	,,	अणुदिसाओ	अनुदिसातो	,, णकान (?)२
४४.	,,	एवमेगेसिं	एवमेकेसिं	गकाक
४५.	,,	णातं	नातं	णकान
४६.	,,	आया	आता	य/त/उदवृतस्वर
४७.	,,	उववाइए	उववातिए	,,
४८.	,,	इमाओ	इमातो	,,
४९.	,,	दिसाओ	दिसातो	,,
५०.	,,	अणुदिसाओ	अनुदिसातो	,, , णकान २
४०.	,,	अहाओ	अधे	हकाध + विभक्ति रूप २
४१.	,,	दिसाओ	दिसातो	य/त/उदवृ०
५१.	२	अणुसंचरति	अनुसञ्चरति	णकान; परसवर्ण अ० २
५२.	,,	सव्वाओ	सव्वातो	य/त/उदवृतस्वर
५३.	,,	दिसाओ	दिसातो	,,
५४.	,,	सव्वाओ	सव्वातो	,,
५५.	,,	अणुदिसाओ	अनुदिसातो	,, , णकान २
५६.	३	आयावादी	आतावादी	यकात
५७.	,,	लोगावादी	लोकावादी	गकाक
५८.	४	समणुण्णे	समनुन्ने	णकान
५९.	५	एयावंति	एतावन्ति	यकात, परसवर्ण अ० २
६०.	,,	सव्वावंति	सव्वावन्ति	परसवर्ण अ०
६१.	,,	लोगंसि	लोकंसि	गकाक
६२.	,,	कम्मसमारंभा	कम्मसमारम्भा	परसवर्ण अ०
६३.	,,	परिजाणि-तव्वा	परिजानितव्वा	णकान

*यह शब्द लगता है भूल से डॉ० के पाठ में छूट गया है ।

६४.	,,	भवंति	भवन्ति	परसवर्ण अ०	
६५.	६	अपरिण्णाय-कम्मे	अपरिन्नातकम्मे	णकान; य/त/उद०	२
६६.	,,	अणुदिसाओ	अनुदिसाओ	,,	
६७.	,,	अणुसंचरति	अनुसञ्चरति	,, ; परसवर्ण अ०	२
६८.	,,	अणुदिसाओ	अनुदिसाओ	,,	
६९.	,,	अणेगरूवाओ	अनेगरूवाओ	,,	
७०.	,,	जोणीओ	जोनीओ	,,	
७१.	,,	संधेति	सन्धेति	परसवर्ण अ०	
७२.	७	परिण्णा	परिन्ना	णकान	
७३.	,,	जीवियस्स	जीवितस्स	यकात	
७४.	,,	परिवंदण	परिवन्दन	परसवर्ण अ०	
७५.	,,	माणण	मानन	णकान	
७६.	,,	पूयणाए	पूजनाए	,,+यकाज	२
७७.	,,	जाती	जाति	दीर्घ ई की जगह ह्रस्व इ	
७८.	,,	मोयणाए	मोयनाए	णकान	
७९.	८	एतावंति	एतावन्ति	परसवर्ण अ०	
८०.	,,	सव्वावंति	सव्वावन्ति	,,	
८१.	,,	लोगंसि	लोकंसि	गकाक	
८२.	,,	कम्मसमारंभा	कम्मसमारम्भा	परसवर्ण अ०	
८३.	,,	परिजाणियव्वा	परिजानितव्वा	णकान, यकात	२
८४.	,,	भवंति	भवन्ति	परसवर्ण अ०	
८५.	९	लोगंसि	लोकंसि	गकाक	
८६.	,,	कम्मसमारंभा	कम्मसमारम्भा	परसवर्ण अ०	
८७.	,,	परिण्णाया	परिन्नाता	णकान, यकात	
८८.	,,	भवंति	भवन्ति	परसवर्ण अ०	
८९.	,,	मुणी	मुनी	णकान	
९०.	,,	परिण्णायकम्मे	परिन्नातकम्मे	,, , यकात	२
९१.	अंत.	सत्थपरिण्णाए	सत्थपरिन्नाए	,,	
९२.	,,	पढमो	पढमे	विभक्ति रूप	
९३.	,,	उद्देसओ	उद्देसगे	,,=ओकागे	
९४.	,,	समत्तो	समत्ते		
९५.	६	इमाओ	इमातो	य/त/उदवृतस्वर	
९६.	,,	दिसाओ	दिसातो	,,	
९७.	,,	सव्वाओ	सव्वातो	,,	
९८.	,,	दिसाओ	दिसातो	,,	
९९.	,,	सव्वातो	सव्वातो	,,	

रत्नपाल चरित : एक साहित्यिक अनुशीलन

☐ डॉ० हरिशंकर पाण्डेय

आत्मा की महनीयता जब रसात्मक शब्दों में अभिव्यक्त होती है उसे काव्य कहते हैं, जिसका हरतंत्र आनन्दात्मक एवं श्रेयस्कर होता है। जहां उपादेय ही शेष रहता है। इसीलिए सुप्रसिद्ध साहित्याचार्य मम्मट ने काव्य को केवलानंदमयी बताकर विधाता की सृष्टि से भी श्रेष्ठ होने की उद्घोषणा की है।[1]

विधाता-सृष्टि-विलक्षण-लक्षण-सम्पन्न काव्य की अनेक विधाओं में चरितकाव्य का महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसमें किसी उदात्त पात्र के व्याज से नीति, सदाचार, धर्म एवं दर्शन के तत्त्वों का प्रतिपादन किया जाता है।

चरितकाव्य की महनीय परम्परा में 'रत्नपालचरित' की संगणना की जा सकती है, जो संस्कृत-भाषा में निबंधित एवं अभी तक अप्रकाशित है।

इस ग्रन्थ का कवि वैसा महान् व्यक्तित्व-सम्पन्न पुरुष है, जो प्रतिभा और प्रज्ञा का अशोष्य आकर है। आचार्य श्यामदेव एवं मंगल कथित—"काव्यकर्मणि कवेः समाधिः परं व्याप्रियते इति श्यामदेवः, अभ्यास इति मङ्गलः[2] एवं राजशेखर प्ररूपित समाधिरान्तरप्रयत्नो बाह्यस्त्वभ्यासः"[3] समाधि और शास्त्राभ्यास रूप काव्यकारणभूत दोनों महायात्राओं को जिसने पूर्ण कर लिया है, जिसे संसार में युवाचार्य महाप्रज्ञ के नाम से जानते हैं और जो तेरापंथ धर्मसंघ के समदर्शी आचार्य श्री तुलसी का उत्तराधिकारी है।

काव्यालोचना में वस्तु, नेता और रस आदि तीन तत्त्व विवेच्य एवं समीक्ष्य होते हैं। आधुनिक आलोचना में इन तत्त्वों में संवर्द्धन हुआ है। प्रस्तुत नबन्ध में वस्तु, संवाद, पात्र-चित्रण, रस, भाषा, शैली, छन्द, अलंकार, सूक्ति और उद्देश्यादि तत्त्वों पर प्रकाश डालने का विनम्र प्रयास किया जा रहा है।

वस्तु-संविधान

प्रस्तुत चरित्र-काव्य में दक्षिण के सुसमृद्ध नगर शक्रपुर के नीतिज्ञनृपति चन्द्रकीर्ति एवं शीलवन्ती रानी चन्द्रकान्ता के पुत्र रत्नपाल के चरित्र का पांच सर्गों (२२४ श्लोक) में काव्यात्मक वर्णन अनुस्यूत है। काव्यारंभ के पूर्व चार श्लोकों में मंगलाचरण निबद्ध है।

कथा का आरम्भ सूर्योदय के मनोरम वर्णन एवं "सन्तो निसर्गात उपकारिणो यत्"[4] (सन्त स्वभाव से उपकारी होते हैं।) रूप सन्त-स्वभाव निरूपक साधु-सूक्ति से होता है। **अन्यायवत्त प्रतिघाततो न विवस्वतो न्यूबपदं नयामि।**[5] **एवं भास्वानस्यं व्योम्नि**

करोति नित्यं परिक्रमां कारणमत्र किं भो:[1] रूप स्पर्धा एवं जिज्ञासा के साथ राजा रत्नपाल राज्यसभा में उपस्थित होता है। सभी ने अपने ढंग से उत्तर दिया। सभासदों ने कहा—उल्लू की अप्रसन्नता का कारणजानने के लिए (१.७) कमल में बंद भ्रमरों की मुक्ति के लिए (१.८) अंधकार-विनाशार्थ (१.९) और देशाटन के विना प्रसिद्धि नहीं होती है (१.१०), इसलिए सूर्य परिक्रमा करता है। राजा अन्तिम सभासद के तर्क से प्रभावित होकर देशाटन के लिए निकल जाता है। जंगल में घूमते हुए प्रसन्न होता है। अचानक एक स्वर्गीया अगोचर-युवति उसके गले में माला डालकर स्तुति करती है। राजा आश्चर्यित होता है। उसके बाद वृक्ष तडागादि प्राकृतिक— मानवों से राजा का वार्तालाप होता है। सरोवर की प्रसन्नता एवं 'देवासहायाः कृतिनां भवन्ति' (भाग्यशाली व्यक्ति को देव भी सहायक होते हैं) सूक्ति के साथ सर्ग समाप्त हो जाता है।

सरोवर में स्नान-प्रसंग से द्वितीय सर्ग प्रारंभ होता है। राजा सरोवर में स्नान कर जब बाहर आता है तो एक युवति की आवाज सुनायी पड़ती है, जो माला डालने वाली युवति की सखी थी। जैसे ही राजा अपने प्रति प्रेम के कारण को जानने की जिज्ञासा करता है तभी वह माला डालने वाली युवति हंसती हुई आकर अपना परिचय देती है। परिचय क्रम में बताती है कि मेरे मामा ने निर्दयतापूर्वक मेरे राज्य को अपहृत कर एवं पिता को पकड़कर बधिकों को मारने की आज्ञा दे दी थी, लेकिन बधिकों ने दयावश मेरे पिता को छोड़ दिया। छूटकर पिता वैसे ही भाग गए जैसे कर्म-मुक्त आत्मा लोकान्तर को चली जाती है। वह समय मेरे पिता के लिए दुर्भर हो गया। बाद में विश्वासपात्र गुप्तचरों की सहायता से मेरी मां काफी धन लेकर पिता के पास पहुंच गयीं, जैसे शांति को साथ लेकर ज्योत्स्ना चन्द्रमा के पास पहुंच जाती है। ज्योतिषियों से सुना कि तुम मेरे भाग्य के स्वामी होवोगे, इसीलिए पहले तुमने बिजली की तरह मेरी सखी को देखा और अब मैं मेघमाला की तरह दर्शनीय हूं।

रत्नपाल ने अपने आत्म-विद्याबल से उसके राज्य को जीतकर उसको वापस कर दिया। तदनन्तर उसे जाति-स्मृति ज्ञान की प्राप्ति होती है। श्रीपत्तन के राजा के द्वारा उसके वृतान्त पूछे जाने पर वह एक गरीब-ब्राह्मण की कथा कहता है जो वसन्तपुर का निवासी था। एक मुनि द्वारा प्रदत्त महामंत्र के जाप के प्रभाव से वही दरिद्र ब्राह्मण रत्नपाल के रूप में उत्पन्न हुआ।

राजा और रात्री के संवाद से तृतीय सर्ग का प्रारम्भ होता है। रात्री अंधकार के कारण संसार में कायरता एवं पापादि को संवर्द्धित करती है—ऐसा राजा के द्वारा कथन करने पर वह अपने शुद्ध स्वरूप की चर्चा करती है। मैं परोपकार के लिए ही नियत समय पर आती हूं और जाती हूं। रात्री के अन्धकार को लोग दीप जलाकर दूर करना चाहते हैं परन्तु मन के अन्धकार को क्यों नहीं दूर करते हैं। उसके बाद रात्री के कथन से प्रसन्न होकर राजा अनिश्चित पथ से आगे बढ़ जाता है।

अपने पास राजा को न पाकर राजकुमारी और रत्नपाल के बाहर गए हुए बहुत

समय हो जाने पर उसके राज्य का मंत्री राजा को खोजने के लिए निकलते हैं। घूणाक्षर-न्याय से मंत्री और विरहिणी कुमारी का मिलन हो जाता है। तदनन्तर राजकुमारी का निर्देश पाकर मंत्री रत्नपाल का जीवनवृत्त बताता है। वह दक्षिण के समृद्ध नगर शक्रपुर के राजा चन्द्रकीर्ति का पुत्र है। उसकी माता का नाम चन्द्रकान्ता है। कुमार रत्नपाल का विवाहादि गार्हस्थिक संस्कारों के बाद राज्य पर अभिषिक्त कर चन्द्रकीर्ति पत्नी सहित अरण्यवास करते हैं, रत्नपाल जैसे प्रजावत्सल नरेश को पाकर वसुमती प्रसन्न होती है। सात श्लोकों में राजा और पृथ्वी का संवाद निबद्ध है, जिसमें पृथ्वी की महनीयता एवं श्रेष्ठ राजा के गुणों का निरूपण किया गया है। तदनन्तर मंत्री अपनी अभीप्सा प्रकट करता है कि जैसे कमलवैभव में सूर्य को वापस लाने का उत्साह होता है उसी प्रकार राजा को वापस ले जाने के लिए मैं उत्सुक हूं।

चतुर्थ सर्ग विरहकाव्य की दृष्टि से उत्कृष्ट है। वृत्तान्त सुनकर राजकुमारी राजा को खोजने के लिए अरण्य में निकल जाती है। अरण्य से उसके बारे में पूछती है। पुनः अरण्य के प्रत्येक वृक्ष से अपने प्रियतम-अन्वेषण के लिए सहायता मांगती है। इस प्रसंग में विरह की उत्कटता एवं उसके विभिन्न दशाओं का वर्णन रसमयी प्राञ्जल भाषा में किया गया है। रात्री का वर्णन, भूमिशयन, स्वप्नदर्शन, नींद का उचटना आदि विरह-अवस्थाएं वर्णित हैं। राजकुमारी को अपने भ्रम का ज्ञान होता है। संसार की विरसता एवं मोहरूपता को देखकर उसका मन विरक्त हो जाता है। रास्ते में एक मुनि का दर्शन होता है जो एक मंत्री के द्वारा सेवित हो रहा था। मुनि धर्मलाभ देता है तथा अपनी राम-कहानी सुनाता है।

पांचवां सर्ग मुनि और मंत्री के वार्तालाप से प्रारंभ होता है। इसमें राजनीति के अनेक गुह्य रहस्यों का काव्य-भाषा में निरूपण हुआ है। सचिव भी दीक्षित होना चाहता है। मुनि (जो रत्नपाल ही था) के प्रभाव से राज्य की समृद्धि का वर्णन सचिव करता है। रत्नवती भी दीक्षित होकर साध्वी बन जाती है। कल तक जो कुमारी विरह-व्यथा के कारण प्रकृति के प्रत्येक कण में रत्नपाल को देखती थी, आज वह सर्वत्र अगाध-शान्तरसाम्बुधि का अवलोकन करने लगी। सृष्टि के हर पदार्थ में उसे शान्त-निष्यन्दिनी का अमर स्रोत दिखाई पड़ने लगा। व्योम, पथ, धूलिकण, नदियां, वृक्ष, लता, वृन्त, कोकिला एवं पवनादि से वार्तालाप करती है। सम्पूर्ण प्रकृति की आलोचना करती हुई वह साध्वी रत्नवती मोक्षमार्ग में अत्यधिक रक्त हो जाती है। मंत्री भी राज्य-संचालन की सम्यक् व्यवस्था कर संयममार्ग में प्रपन्न हो जाता है। यहीं पर ग्रन्थ समाप्त हो जाता है।

प्रस्तुत काव्य की कथावस्तु जैन-चरितकाव्य की सरणि में निरूपित है। इसके कथानक में कथोत्प्ररोहशिल्प, कदलीस्थापत्य, मण्डनशिल्प, वक्ताश्रोता रूप कथा-प्रणाली, कालमिश्रण, राजप्रासाद-स्थापत्य, रोमांचकता, औपन्यासिकता, उदात्तीकरण, पारम्यनोवैज्ञानिकशिल्प, अलौकिक तत्त्वों का नियोजन आदि अनेक कथासाहित्यिक वैशिष्ट्य सन्निहित हैं। स्वतंत्र रूप से विवेच्यकाव्य के परिप्रेक्ष्य में इन वैशिष्ट्यों का

विवेचन अपेक्षित है।

संवाद

संवाद या कथोपकथन काव्य-सौष्ठव संवर्धन में सहायक होते हैं। संवाद से काव्य में निरसता का निरसन होकर नाटकवत् रोमांचकता, सम्प्रेषणीयता प्रभावोत्पादकता, अभिव्यञ्जनचारूता आदि गुणों का सहज-समावेश हो जाता है।

कथोपकथन में काव्य-पात्रों का चरित्र दर्पणवत् प्रतिबिम्बित होता है। किसी पात्र के चरित्रगत गुण-दोषों की जानकारी संवाद से ही होती है। जैसे कालिदास के दिलीप और सिंह संवाद द्वारा राजा की उत्कृष्टता एवं क्षत्रिय-धर्म की उदात्तता का प्रतिपादन हुआ है। सिंह के प्रति उत्तर में दिलीप अपने यशः शरीर की संरक्षा की प्रार्थना करते हुए कहता है :—

किमप्यहिंस्यस्तव चेन्मतोऽहं,
यशः शरीरे भव मे दयालु ॥[7]

काव्य में संवादों का महत्त्व इसलिए भी है कि काव्य की घटनाएं पात्रों के संवादों में अधिक विकसित होती है।

विवेच्य काव्य में अनेक सुन्दर संवाद अनुस्यूत हैं। प्रथम सर्ग में, राजा-सभासद एवं राजा-वृक्ष संवाद निहित हैं। सभासदों के साथ वार्तालाप क्रम में यह उभर कर सामने आता है कि देशाटन के बिना प्रसिद्धि नहीं होती है :—

ख्यातिर्नस्यात् कलास्थानं,
प्रदेशभ्रमणं विना।[8]

राजा वृक्ष संवाद लगभग ७ श्लोकों[9] में निबद्ध है। इसमें वृक्षों का मानवीकरण किया गया है। वृक्ष जड़ नहीं चेतन होते हैं, मूक नहीं मुकर होते हैं—इस तथ्य का प्रतिपादन प्रस्तुत संवाद में किया गया है। वृक्ष कहते हैं :—

चित्रं तदेतत् तव सूनवो पि,
ह्याजन्ममृत्योस्त्वदुपेक्षिताश्च ।
छायां त्यजामो न तवाग्रतोऽपि,
संतोषभाजां महिमा ह्यगम्यः ॥[10]

प्रस्तुत प्रसंग के निरूपण में विवेच्य कवि महाकवि कालिदास के प्रकृति-प्रसंगों के निकट दिखाई पड़ रहा है। यहां वृक्षों की उदारता एवं परोपकारिता का उद्घाटन हुआ है।

द्वितीय सर्ग में राजा और युवति का संवाद निविष्ट है।[11] प्रस्तुत संवाद में राजा के प्रति युवति के आकर्षण का कारण एवं युवति की पूर्वकथा कथोत्प्ररोह शिल्प में निरूपित है। अत्यन्त प्रेमिल वातावरण में इस संवाद का प्रारम्भ होता है। हंसती बाला अपने परिचय प्रसंग में ज्योतिर्विदों द्वारा कृत भविष्यवाणी को कहती है :—

भूपाल ! भूमी किल रत्नगर्भा,
रत्नान्यनेकानि यतः प्रसूते ।
तन्मध्यगंस्यैकमणेः प्रकाशो,
प्रकाशयत् त्वां मम भाग्यचन्द्रम् ॥[12]

इस संवाद में अनेक काव्य तत्त्वों का सुन्दरोपन्यास हुआ है। अलंकारों में उपमा काव्यलिङ्ग, रूपकादि का प्रयोग आकर्षक है। यह संवादकथा संप्रेषण एवं संवर्धन में सहायक है।

तृतीय सर्ग में दो :—राजा—रात्री[13] तथा राजा—पृथ्वी[14] संवाद सन्यस्त हैं। प्रथम में रात्री की उक्ति अत्यन्त मार्मिक है। वह कहती है—मेरे अन्धकार से अधिक दुःखदायी मानसिक अन्धकार है। मन के अन्धकार के विनाश होने पर सारा अन्धकार (अज्ञान) स्वयमेव समाप्त हो जाता है। आश्चर्य ! मनुष्य कितने अविवेकी हैं। मेरे अन्धकार को तो दीप जलाकर दूर करना चाहते हैं, किन्तु अपने मन के अन्धकार को मिटाना नहीं चाहते :—

परमहो ! मनुजा अविवेकिनो,
नहि भवन्ति रहस्यविदः क्वचित्।
अपचिकीर्षव एव तमो मम,
गृहमणेर्निचयान्मनसो न च ॥[15]

द्वितीय में राजा के नैतिक पक्ष का उद्घाटन हुआ है। पृथ्वी कहती है :—जो मेरी संतति पर दया नहीं करता, जो कभी भी उपकार नहीं करता, कुछ विशेषता नहीं रखता, वह व्यर्थ ही केवल नाममात्र का मेरा स्वामी होता है :—

न दयते मम संततिमेव यत्,
न तनुते च परोपकृतिं क्वचित्।
सृजति कामपि नैव विशेषतां,
भवति फल्गु ममेश्वर नामभृत् ॥[16]

पांचवें सर्ग में मुनि और सचिव का संवाद[17] प्ररूपित है। यह संवाद राजनीति की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। सचिव के कर्त्तव्य का सम्यक् निरूपण किया गया है। मन्त्री राजा का अनुगामी होता है। धर्म के प्रभाव से राज्य-व्यवस्था सात्विक हो जाती है, आदि।

चरित्र-चित्रण

काव्यालोचना में चरित्र-चित्रण प्रमुख होता है। कवि अपनी वैयक्तिक इच्छा, धारणा, विश्वासादि के अनुसार ही विविध पात्रों का सृजन करता है। आलोच्य काव्य 'चरित्र-स्थापत्य' अथवा शीलस्थापत्य की दृष्टि में विवेच्य है।

अरस्तू के अनुसार चारित्र्य उसे कहते हैं जो किसी व्यक्ति की रुचि-विरुचि का प्रदर्शन करता हुआ नैतिक प्रयोजन को व्यक्त करे।[18] आचार्य शुक्ल के शब्दों में—'शील हृदय की वह स्थाई स्थिति है जो सदाचार की प्रेरणा आपसे आप करती है।'[19] चरित्र स्थापत्य के द्वारा ही मानवीय मनोवेग, भावावेश विचार, भावना, उद्देश्य और प्रयोजनादि का सूक्ष्मातिसूक्ष्म आकलन होता है, अतएव काव्य, नाटक, कथादि साहित्य का मूलाधार है : 'चरित्र-चित्रण'।

संस्कृत साहित्य के मनीषी विद्वान् युवाचार्य महाप्रज्ञ ने चतुर्दिक् जगत् से अनुभवों को प्राप्त कर विवेच्य काव्य में विविध पात्रों का सृजन किया है। पात्रों का

निर्वाणमार्गी होना कवि के निज-जीवन का वैशिष्ट्य है।

'रत्नपालचरित' के पात्रों को दो श्रेणियों में रख सकते हैं :—१. मानवीय, २. प्रकृति जगत् से सम्बद्ध (जिनका कवि ने मानवीकरण किया है) महाकवि महाप्रज्ञ की विस्तृत चेतना और चिदम्बरीय कल्पना के चूड़ान्त निदर्शन हैं प्रकृति जगत् के पात्र—वृक्ष, रात्री, सरोवर आदि। वृक्षादि के मानवीकरण की कला कवि महाप्रज्ञ को उस मधुमती भूमिका में पहुंचा देती है जहां वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, जयदेव, भवभूति आदि प्रतिष्ठित हैं या यह भी कह सकते हैं कि महाकवि साधना और समाधि के बल पर वहां पहुंचा हुआ दिखाई पड़ता है जहां व्यक्ति जड़-चेतन विभेद में कृपण हो जाता है। अस्तु।

मानवीय पात्रों में राजा रत्नपाल, युवति कुमारी रत्नवती, मंत्री, चन्द्रकीर्ति-चन्द्रकांता, सुकोशा आदि प्रमुख हैं।

रत्नपाल

विवेच्य काव्य का नायक है :—रत्नपाल। वह धीरोदात्त श्रेणी में प्रतिष्ठित है। नायक-चरित्र के माध्यम से कवि ने संसारचारक में फंसे जीवों के लिए कल्याण-मार्ग का निरूपण किया है।

विवेच्य काव्य में रत्नपाल के जीवन से सम्बद्ध विविध अवस्थाओं का चित्रण मिलता है। बालक, युवक, प्रजावत्सल राजा, स्पर्धाभावयुक्तस्वाभिमानी राजा, भव्य और अन्त में मुनि के रूप में उसका दर्शन होता है। तृतीय सर्ग में सचिव रत्नवती से अपने राजा की वार्ता बताने के क्रम में उसके तीन रूपों (अवस्थाओं) का प्रतिपादन करता है। ये बालक, युवक और प्रजावत्सल राजा।

बालक

शक्रपुर के राजा चन्द्रकीर्ति और महिषी चन्द्रकान्ता ने एक पुत्र को जन्म दिया। गर्भावस्था के समय स्वप्न में दृष्ट रत्नराशि के समान सुन्दर होने के कारण पुत्र का नाम रत्नपाल रखा गया।[२०] वह इतना सुन्दर था जिसके कारण स्त्रियां उसे क्षण भर भी नहीं छोड़ती थी।[२१] उसके कला-कलाप को देखकर चन्द्रमा की भी नींद उड़ गयी :—

कलाकलापं समवेक्ष्य तस्य,
चन्द्रस्ततन्द्रो भ्रमति ह्यु षापि।
कलानिधित्वे प्रथमोऽयमर्च्यो-
स्म्यहं द्वितीयस्त्विति चिन्तयार्त ॥[२२]

युवावस्था

कुमारावस्था को पार कर वह युवावस्था में प्रवेश करता है। कोशलराज की पुत्री सुकोशा के साथ उसका परिणय-संस्कार सम्पन्न होता है। उचित समय में राजा ने उसका राज्याभिषेक कर दिया।

प्रजावत्सल

वह प्रजानुरञ्जक राजा सिद्ध हुआ। ऐसे कुल, शील, वीर्य एवं सदाचार सम्पन्न

राजा (को पति रूप में) पाकर वसुमती (पृथ्वी) प्रफुल्लित होती है :—

अहह ! मेदुरमोद समन्विता,
वसुमती सति तत्र विभावभुत् ।
ध्रुवमवाप्य मनोरुचितं नहि,
भवति ललना ललिताशया ॥[२१]

गर्वित (स्वभिमानी) राजा

प्रथम सर्ग में राजा सूर्य के साथ स्पर्धा करते हुए स्वाभिमानी राजा के रूप में दिखाई पड़ता है। प्रस्तुत प्रसंग में सूर्य से राजा की श्रेष्ठता का प्रतिपादन किया गया है। सूर्या भी उसकी सपर्या के लिए लालायित है :—

अहर्निशं पाति भयान्मनुष्यानऽयं,
दिनेष्वेव ममांशुराशिः ।
इतीव तस्याऽवनिपालमौले,
सूर्यः सपर्येच्छुरिवोन्मुखोऽभूत ॥[२४]

भ्रमणशील

एक सभासद से 'न मन्दिरस्थस्य भवेत् प्रसिद्धिर्बिना प्रदेशाटनमत्र लोके'[२५] अर्थात् प्रदेश के बिना प्रसिद्धि नहीं होती है इसलिए सूर्य घूम रहा है। ऐसा सुनकर राजा देशभ्रमण के लिए निकल जाता है।[२६] भ्रमण-प्रसंग में ही एक अदृश्य युवति उसके गले में माला डालकर स्तुति करती है।[२७] स्तुति में राजा के अनेक गुणों का प्रतिपादन किया गया है। वह शत्रु रूप अंधकार के लिए सूर्य के समान, जगत् के लिए अगम्य गति वाला, रम्यमति से युक्त, पुण्य कमल के सरोवर, वाञ्छाफल प्रदायक कल्पवृक्ष, कविस्तुत्य, सम्पूर्ण पृथ्वी का अधिपति, लक्ष्मीपति, नवमंगल के कर्त्ता एवं जगदोद्धारक है।

रत्नपाल अतिशय विद्याबल से युक्त तो था ही संतोष रूप अलभ्यगुण से अलंकृतभी था। आत्मबल एवं विद्याबल से युवति के अपहृत राज्य को जीतकर सहर्ष वापस लौटा देता है :

विद्याबलादात्मबलातिरेकाद्,
विजित्य तं राज्यमथो ददेऽस्मै ।
नैवोत्तमा लोभलवं स्पृशन्ति,
यतो न लोभात् परमस्ति पापम् ॥[२८]

वह जाति-स्मृति-ज्ञान से विभूषित होता है। उसे स्मरण होता है कि वह पूर्व जन्म में एक दरिद्र ब्राह्मण था। एक मुनि द्वारा महामंत्र प्राप्त कर मन्त्र प्रभाव से राजा रत्नपाल के रूप में उत्पन्न हुआ।

मन्त्रस्य सोऽयं महिमाऽवगम्यो,
जातः स एवाहमिलेश सूनुः ॥[२९]

पांचवें सर्ग में उसका दर्शन महाव्रत-शील अधिरूढ़ मुनि के रूप में होता है।

इस प्रकार राजा रत्नपाल के रूप में एक सफल चरित-नायक का उपस्थान

किया गया है। कवि इस कला में (चरित्र निरूपण कला में) दक्ष प्रतीत होता है।

मंत्री

मंत्री का चरित्र विवेच्य काव्य में अत्यन्त उदात्त है। वह दो बार काव्य में उपस्थित होता है : प्रथम तृतीय सर्ग में राजा को खोजते हुए और पुनः पांचवें सर्ग में मुनि के साथ वार्तालाप करते हुए या मुनि की पर्युपासना करते हुए दिखाई पड़ता है। वार्ता प्रसंग में सचिव का चरित्र प्रतिबिम्बित होता है—मंत्री राजा का सदा अनुगामी होता है। वह राजा का दूसरा हृदय होता है :—

द्वैतीयीकमिलाधवस्य हृदयं मन्त्री कृतज्ञो भवेत्।
यत्रानुग्रह निग्रहौ नरपतेस्तत्रैव तस्यापि च॥
दुःखी दुःखिनि भूपतौ सुखिनि वा सौख्यं श्रितश्चिन्तिते।
चिन्तावांश्च विरज्जिते विरति मानात्मेक्य मेवाऽथवा॥[30]

यहां महाकवि भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' नाटक के नायक उदयन के निजि-सचिव की दशा से रत्नपाल-सचिव का चरित्र तुलनीय है।[31]

रत्नवती

श्रीपत्तननगर के नृपत्ति की सुन्दरी कन्या रत्नवती इस चरितकाव्य की नायिका है। उसके चार रूप इस काव्य में द्रष्टव्य है। राजा रत्नपाल पर आसक्त यौवनधन्या मुस्कराती हुई कुमारी, विरहव्यथिता, भव्या तथा दीक्षिता-साध्वी।

राजा रत्नपाल के प्रेम में आसक्त, जवानी के सौध-शिखर पर आरूढ़ हंसती बाला का सौन्दर्य दर्शनीय है :—

स्मिताननना कर्णितपूर्ववार्ते
वारब्ध कश्चिद् वचनाभिलापम्॥[12]

राजा के अगोचर हो जाने पर युवती राजा के विरह में व्यथित होती हुई साधारणीकरण की भूमिका में पहुंच जाती है, जहां व्यक्ति पहुंचकर सम्पूर्ण संसार को प्रियतम बना देता है। सम्पूर्ण चतुर्थ-सर्ग उसके मार्मिक विरह चित्रण में ही समर्पित है। 'विक्रमोर्वशीय' के उर्वशी प्रेम में पागल उन्मत्त पुरुरवा से इस कुमारी की दशा मिलती-जुलती है। जैसे पुरु प्रकृति के एक-एक कण से पूछता है "क्या तुम मेरे प्रिया को देखे हो" उसी प्रकार यह युवति भी अपने हृदय-रत्न का पता सृष्टि के हर जड़-चेतन प्राणी से पूछती है, सहायता मांगती है :—हे सहकार तू मेरे कार्य में सहकारी होवो :—

सहकार ! त्वं भव सहकारी,
कामितनिष्पतौ सम्पन्नः।
कलरवमासादयति त्वतः,
पिको न किं पतिमपि लप्स्येऽहम्॥[11]

अशोक से शोकरहित करने की प्रार्थना करती है :—

नाऽशोकां कुरुषे किमशोक !
मां च सशोकां प्रियविरहेण।[14]

भूमि-शयन, स्वप्नदर्शन, उनिद्रा आदि विरहदशाओं का सुन्दर विश्लेषण विन्यस्त है। जैसे विरहविधुरा विधाता की आद्या सृष्टि यक्षिणी अवनिशयन करती है वैसे ही श्रीपत्तनकुमारी राजा-रत्नपाल की विछुड़न-वेदना में भूमि को ही शय्या बनाती है :—

राजसुता सुकुमारशरीरा,
या मृदुतल्पे शयिता नित्यम्।
सा विपिने कठिने भूभागे,
सम्प्रति रागः किं नहि जनयेत्।[३५]

अन्त में वह युवति जिस प्रेम मार्ग पर बढ़ चली थी उसको पूर्ण करती हुई दिखाई पड़ती है। शाश्वत शिवभूत मोक्ष-पथ का अनुगामी बनती है।

वृक्षादि प्रकृति-जगत् के चरित्र उत्कृष्ट एवं सरसशैली में निरूपित है। मानवीकरण इनका मुख्य वैशिष्ट्य है।

रस

जिसका आस्वादन किया जाए वह रस है। 'रस्यते आस्वाद्यते इति रसः' अर्थात् जिसके द्वारा भावों का आस्वादन किया जाए वह रस है—'आस्वाद्यत्वाद्रसः।' रसात्मक वाक्य को काव्य कहा जाता है—'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।[३६] रस काव्य का प्राण तत्त्व माना जाता है।

रत्नपाल चरित में अनेक सुन्दर रसो का सन्निवेश है। इसमें शान्तरस प्रमुख है।

शान्तरस

तत्त्वज्ञान या वैराग्य के कारण शान्तरस उत्पन्न होता है। इसका स्थायिभाव निर्वेद है। आचार्य हेमचन्द्र ने तृष्णा-क्षय रूप शम को शान्तरस का स्थायिभाव माना है :—

तृष्णाक्षय रूपः शमः स्थायिभावः प्राप्तः शान्तोरसः।[३७]

शम स्थायिभाव युक्त शान्तरस को मोक्ष प्रवर्तक कहा गया है—

अथ शान्तोनाम शमस्थायिभावात्मको मोक्षप्रवर्तकः।
सतु तत्वज्ञान वैराग्याशय शुद्धयादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते॥[३८]

तत्त्वज्ञान, वैराग्य चित्तशुद्धि आदि विभावमय, नियम, उपासना, व्रत, दयादि अनुभाव, निर्वेद स्मृति, धृति, शौच, स्तंभ, रोमांच आदि व्यभिचारी भाव के सहयोग से शम रूप स्थायिभाव निर्वेद दशा को प्राप्त होता है।[३९]

विवेच्य काव्य का अंगीरस शांत है। कभी रत्नवती राजा के विरह में प्रकृति के कण-कण में रत्नपाल की कल्पना करती थी अब वह शान्तरस की सरिता का अवगाहन कर धन्य-धन्य हो गयी। जो प्रिय थे तत्त्वज्ञान के उदय होते ही वे निस्सार हो गए। लता के साथ संभाषण के ब्याज से संसार की असारता का उद्घाटन द्रष्टव्य है :—

इति विलोक्य शिफे ! स्वदशां किमु,
वहसि खेदमुपैसि कृशां गतिम् ।
गतिरियं जगतः सकलस्य यद्,
भवति तद्गणना तव तत्र का ॥[४०]

विस्तार भय के कारण अन्य रसों का केवल निर्देश मात्र किया जा रहा है। वीररस १.२२, अद्भुतरस २.५ शृंगार ४.१-१२ आदि द्रष्टय हैं।

प्रकृति-चित्रण

भारतीय काव्य परम्परा में प्रकृति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। लगभग सभी साहित्याचार्यों एवं लक्षण शास्त्रियों ने प्रकृति के महत्त्व को स्वीकार किया है।[४१]

प्रकृति जड़ नहीं चेतन है। वह मानव के सुख-दुःख में सहायिका है। कालिदास की शकुन्तला प्रकृति-कन्या है। वह पतिगृह जाती है तो पिता कण्व को कौन कहे समस्त अरण्य के पशु-पक्षी, वृक्षलताएं रोदन कर रही हैं।[४२] इस परम्परा में हमारा विवेच्य कवि पीछे कहां है ? वृक्ष पुष्प, लता, पर्वत, रात्री आदि का मानवीकरण कर कवि ने अपने विशालहृदय का परिचय दिया है। राजा के प्रति वृक्षों की वाणी उनकी (वृक्षों की) महनीयता एवं सदाशयता को संसूचित तो करती ही हैं साथ ही यह भी उद्घाटित होता है कि कवि भी उसी प्रकार का विराट् चित्त वाला है। वृक्षों की महनीयता का उदाहरण द्रष्टव्य है :—

छिन्दन्ति भिन्दन्ति जनास्तथापि,
पूत्कुर्महे नो तव सन्निधाने।
क्षमातनूजा इति संप्रधार्य,
क्षमां वहामो न रुषं सृजामः ॥[४३]

रत्नवती विरहिता होकर वन्यवृक्षों से सहातार्थ अनुरोध करती है। बदरी से कहती है :—

विसदृश कण्टकयोः समकालं,
प्राप्त जन्मनोर्निदर्शनेन ।
भाग्य विविधतां सूचयसि त्वं,
किं न तथा मम पतिमपि बदरि ! ॥[४४]

इसी प्रकार मेरु पर्वत (२.३५), कमल (१.९) सूर्य (१.१) रात्री (३/१-९) चन्द्र (२.२४) उल्लू (१.६) हाथी (१.१६) आदि द्रष्टव्य हैं।

भाषा-शैली

कवि की भाषा व्यक्तित्व के अनुरूप ही होती है। विवेच्य काव्य में परिस्कृत, परिशुद्ध संस्कृत भाषा का प्रयोग हुआ। भावों के विन्यास, कोमल-कल्पना-चारुता अभिव्यक्ति मनोरमता, सूक्ति-साधुता रूप्य-चित्रण, हृद्य-भावों का भावन आदि प्रस्तुत काव्य में सहजतया विद्यमान हैं। लोकन्यायों के प्रयोग से भाषा में संप्रेषणीयता सहज ही सन्यस्त है।

शैली एवं रीति की दृष्टि से भी काव्य महनीय है। वैदर्भी का सुन्दर विन्यास हुआ। श्रुतिमधुर शब्दों का सुंदर संगठन एवं मनोरम भावों के संयोजन से काव्य-चारुता संवर्द्धित हुई।

छन्द विन्यास

'चादयति आह्लादयतीति छन्द.' अर्थात् जो आह्लादित करे, हृदय को आनन्दित करे, वह छन्द है। छन्द-बन्ध में कही हुई बातें सशक्त एवं प्रभावोत्पादक होती हैं।

प्राचीनकाल से ही कवियों ने अपनी अनुभूति को सार्वजनीन बनाने के लिए छन्दों का सहारा लिया है।

विवेच्य काव्य में अनेक छन्दों का विनियोजन किया गया है। एक सर्ग में एक से अधिक छन्द भी प्रयुक्त हैं। अनुष्टुप्, इन्द्रवज्रा, उपजाति, उपेन्द्रज्रा, द्रुतविलम्बित, मन्दाक्रान्ता, बसन्ततिलक और शार्दूल विक्रीडित छन्द का विनियोग हुआ है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

अनुष्टुप्—

आकर्ण्य पश्चिमां युक्तिं,
राज्ञा चेतसि चिन्तितम्।
ख्यातिर्नस्यात् कला स्थानं,
प्रदेशभ्रमणं विना॥[४५]

इन्द्रवज्रा—

सौधं द्रुमाः पत्रमिहात पत्रं,
सिंहासनं भूमितलं पवित्रम्।
पतत्त्रिपत्राणि च चामराणि,
रुतं खगानां खलु बन्दिबोधः॥[४६]

उपेन्द्रवज्रा—

परोपकारः प्रवणं महान्तं,
भृतं विशुद्धेन च जीवनेन।
सरोवरं सज्जनवद् ददर्श,
क्रमादरण्यं व्यतियान् नृपोऽसौ॥[४७]

मन्दाक्रान्ता—

परसदननिविष्टः को लघुत्वं न याति,
भवति विकलकान्तिः कौमुदीशो दिनेऽसौ।
वचनविषय निष्ठो मानसस्थो विकल्पो,
भजति किमु कदाचिद् मौलिकं रूपमहर्यम्॥[४८]

अलंकार

काव्य शरीर के बाह्य शोभाधायक तत्व को अलंकार कहा जाता है।

'अलंक्रियतेऽनेन इति अलंकारः ।' अलंकार विहीन सरस्वती विधवा की तरह सुशोभित नहीं होती है। इसीलिए आचार्यों ने काव्य-धर्मिता में अलंकारों को विशेष महत्त्व दिया है।

विवेच्य काव्य में अनेक सुन्दरों, अलंकार का विनियोजन हुआ है। सूक्तिमूलक अर्थान्तरन्यास के प्रयोग में कवि सिद्धहस्त है। श्लेष, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, व्यतिरेक, उदात्त, परिकर, दृष्टान्त, विनोक्ति, पर्याय, कारणमाला, विशेषोक्ति आदि का सुन्दर निरूपण हुआ है। कुछ अलंकारों का उदाहरण द्रष्टव्य है :—

उपमा

इतश्चदन्ति प्रवरेण शुण्डा-
दण्डं समुत्पाटयतोपयातम् ।
तदेभशिक्षाप्रवणेन राज्ञा,
सस्तम्भितस्तत्त्वविदेव वादी ॥[४३]

यहां पर राजा की उपमा तत्त्वविद् से तथा हाथी की उपमा वादी से दी है। प्रस्तुत उपमान विनियोजन से लक्षित होता है कि कवि अवश्य ही तत्त्वविद् है।

शास्त्रीय उपमा का सुन्दर निदर्शन।

किं हन्यतेऽस्मत्प्रभुरेष एवा-
स्माभिः कृतघ्नैरिति चिन्तयार्तैः ।
मुक्तो गतो दूरतरं यथात्मा,
लोकान्तमुद्गच्छति कर्ममुक्तः ॥

बधिकों से मुक्त राजा (रत्ना के पिता) वैसे ही बहुत दूर चला गया जैसे कर्म मुक्त आत्मा लोकान्तर में चली जाती है। राजा की उपमा कर्म मुक्त आत्मा से तथा बधिकों की कर्म से दी गई है। मूर्त्त उपमेय के लिए अमूर्त्त उपमान का विनियोजन सफल कविधर्मिता का उदाहरण है :—

विचार गर्भा धिषणालसाऽभूद्,
मेधाविनो गर्भवती मृगीव ।
तेनैव संकल्प विहारणीयं,
न निश्चयाऽध्वानमुपैतुमर्हा ॥

यहां पर विचार मग्न राजा की मन्द बुद्धि की उपमा गर्भवती मृगी से दी गई है।

अर्थान्तरन्यास

सामान्य के विशेष के साथ अथवा विशेष का सामान्य के साथ समर्थन करना अर्थान्तरन्यास है।[४०] कथित अर्थ की सिद्धि के लिए अन्य अर्थ के न्यास को अर्थान्तर-न्यास कहते हैं।[४१] विवेच्य काव्य में अनेक स्थलों पर इस अलंकार का विनियोग हुआ है। उदाहरण —

एवं विकल्प प्रवणोऽवनीशोऽ-
नल्पप्रमोदेन पुरश्चचाल।
सन्तः पुरोगा हि भवन्ति नित्यं,
निसर्गतः सर्वविधौ कृताज्ञाः ॥[42]

तृतीय एवं चतुर्थ चरण का समर्थन पूर्वार्ध के द्वारा किया गया है। या 'निपुण नृपति सदा आगे चलने वाला था।' इसके समर्थन के लिए 'सन्तः—कृताज्ञाः' रूप सूक्ति का न्यास किया गया है। अन्य उदाहरण १.६, २.३, २३, ३०, ३२, ४६, ५१, ५३, ३.४, ३.१० द्रष्टव्य है।

रूपक

उपमेय पर उपमान का निषेध रहित आरोप को रूपक कहते हैं। उपमान उपमेय के अभेदारोप रूपक है।[43] विवेच्य काव्य में अनेक स्थलों पर इसका विनियोजन हुआ है। उदाहरण :—

जय जय दस्युतमोऽभ्रमणे।[44]

यहां दस्यु में तम का आरोप हुआ है।

जयं जय सुकृतोम्भोजसरो।[45]

तन्मध्यगस्यैक मणेः प्रकाशो,
प्रकाशयत् त्वां मम भाग्यचान्द्रम् ॥[46]

अन्य उदाहरण ३.१०, १४, १६, ४.२९, ५.१५ द्रष्टव्य हैं।

काव्यलिंग

जब वाक्यार्थ या पदार्थ के रूप में कारण का कथन किया जाए तो वहां काव्यलिंग अलंकार होता है।[47]

जीवन्नयं नैव हिताय मे स्यात्,
भयं यतो राज्य निबद्ध मेव ॥[48]

उपरोक्त अलंकारों के अतिरिक्त व्यतिरेक २.४, ३९, ३.१६, २० उत्प्रेक्षा ३.२०, ३२८, उदात्त ३.२४, ५.९ परिकर १.२२, २३, अर्थापति २.२९, ३.१८, २९, ४.३, दृष्टान्त २.२२, २.४२, ३.१०, विनोक्ति २.४८ श्लेष २.५४ पर्याय ३.२, विशेषोक्ति ५.१३ आदि का सुन्दर प्रयोग हुआ है।

सूक्ति-सौन्दर्य

सूक्ति से काव्य-चमत्कार संवर्धित होता है। सूक्तियों एवं मुहावरों के माध्यम से कठिन से कठिन विषय को सहजता पूर्वक निरूपित कर दिया जाता है। जब महाप्रज्ञ जैसे आचार्य, उपदेशक, दार्शनिक एवं सिद्ध-चिन्तक काव्यारण्य में प्रवेश करते हैं तब सूक्ति-लताओं को लहलहाना उचित ही है।

कवि महाप्रज्ञ की लगभग सभी कृत्तियों में साधु-सूक्तियों का शैली-चमत्कार कारक विन्यास हुआ है। विवेच्य काव्य में उपलब्ध कुछ सूक्तियों का उदाहरण द्रष्टव्य है :—

१. सन्तो निसर्गादुपकारिणो यत् ।[५९]

(सन्त स्वभाव से उपकारी होते हैं ।)

२. ते कल्पनायानमुपेत्य न स्युर्यत्,

पारपन्त्रै विहितान्तारायाः ।।[६०]

३. सन्तो गुरोगा हि भवन्ति नित्यं,

निसर्गतः सर्व विधौकृताज्ञा ।।[६१]

४. कणः कणः स्वागतमूर्ध्वमुर्व्याः ।[६२]

(भाग्यशाली व्यक्ति का पृथ्वी का कण-कण स्वागत करता है ।)

५. प्रकामवासेन नयेत भक्तिह्रासं····।[६३]

(एक स्थल पर निरन्तर रहने से भक्ति का ह्रास होता है ।)

६. अर्धाङ्गिनान्या हि विपत्तिकाले ।[६४]

(विपत्ति के समय अर्धाङ्गिनी भी परायी हो जाती है ।)

७. यतो न लोभात् परमस्ति पापम् ।[६५]

(लोभ से बड़ा कोई पाप नहीं है ।)

८. दशा समत्वं समतां प्रसूते ।[६६]

(समत्व दशा समता को उत्पन्न करती है ।)

९. सद्दर्शनं यन्नयनं पुनाति ।[६७]

(सज्जन व्यक्तियों के दर्शन से आंखें पवित्र होती हैं ।)

१०. मान्या गिरः संयमिनां हिताय ।[६८]

(लोक मंगल के लिए सयमियों-मुनियों के वचन को मानना चाहिए ।)

११. प्राभातिको मानसिकः पवित्रः,

संकल्प ऊर्ध्वं दिवसं पुनाति ।।[६९]

(प्रातःकाल में किया गया पवित्र मानसिक संकल्प सम्पूर्ण दिवस को पवित्र करता है ।)

१२. न खलु यत्र भवेन्निजसत्कृति-

श्चरणमेव न तत्र सुधीर्धरेत् ।।[७०]

(जहां पर स्वयं का सत्कार नहीं होता वहां पर सुधीजन एक पैर भी नहीं रखता ।)

१३. त्रपाऽनुपमस्ति धनं महिलाश्रितम् ।[७१]

(लज्जा स्त्रियों का अनुपम धन है ।)

१४. न पवनो नियतं व्रजति क्वचित् ।[७२]

(पवन कहीं भी निश्चित गति से नहीं चलता ।)

इस प्रकार अनेक हृद्य साधूक्तियों का विन्यास हुआ है ।

उद्देश्य

उद्देश्य वह तत्त्व है जिसकी मूल-प्रेरणा से ही कवि या कलाकार अपनी कृति में कलात्मकता, विधानात्मक-कुशलता, सौंदर्य-दृष्टि एवं रमनीयता आदि का सृजन करता है । इसमें किसी विशेष सिद्धांत की स्थापना, मानवता और मानव-मूल्यों की

व्याख्या, मनुष्य के शाश्वत भावों, अनुभूतियों और समस्याओं का समाधान आदि निहित रहते हैं। वह उद्देश्य कवि की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परिस्थितियों से प्रभावित होता है।

विवेच्य काव्य का मुख्य लक्ष्य संसार की असारता का प्रतिपादन कर निर्वाण मार्ग की प्रतिष्ठापना करना है। वस्तुतः कवि निर्वाणमार्गी है और संसार की असारता को समझ चुका है इसलिए उसकी कृति का उद्देश्य भी उसके जीवन से सम्बद्ध है। "यह सम्पूर्ण जगत् मोहविलास है" इस तथ्य का निरूपण अधोविन्यस्त श्लोक में किया गया है :—

हा स्नेहेन ! भ्रान्ताभ्रान्ति,
श्रितवत्यहमह मोहविलसितम्।
जडतां सुधियोप्यश्नुवतेतः,
कास्तु जडानां गतिस्तदानीम्॥[७२]

अन्त में लगभग सभी प्रमुख पात्रों की परिणति मुनि-धर्म (निर्वाण) में होती है।[७१]

इस प्रकार विवेच्य काव्य अनेक काव्य तत्त्वों से सम्बलित है। यह ग्रन्थ आधुनिक संस्कृत साहित्य का महार्ध्य धरोहर है। इसका शीघ्र प्रकाशन अपेक्षित है। इस पर एक बृहद् शोध-प्रबन्ध लेखन की आवश्यकता है। □

सन्दर्भ :

१. काव्यप्रकाश १.१
२. काव्यमीमांसा, चतुर्थ अध्याय पदवाक्य विवेक पृ० २७
३. तत्रैव
४. रत्नपालचरित (अप्रकाशित खंडकाव्य, पाँच सर्गों में निबंधित) १.१
५. तत्रैव १.२
६. ,, १.५
७. रघुवंश महाकाव्य २.५७
८. रत्नपालचरित १.११
९. तत्रैव १.३१-३७
१०. ,, १.३१
११. ,, २.७-२८
१२. ,, २.८
१३. ,, ३.१-९
१४. ,, ३.२८-३५
१५. ,, २.९
१६. ,, ३.३२
१७. ,, ५.४-१७
१८. अरस्तू का काव्यशास्त्र (डा० नगेन्द्र द्वारा अनुदित) पृ० २२
१९. शील निरूपण सिद्धान्त और विनियोग पृ० १
२०. रत्नपालचरित ३.२१
२१. तत्रैव ३.२२
२२. ,, ३.२४
२३. ,, ३.२९
२४. ,, १.३
२५. ,, १.१०
२६. ,, १.१२
२७. ,, १.२२-२४
२८. ,, २.३०
२९ ,, २.५५
३० ,, ५.५

३१. स्वप्नवासवदत्तम्
३२. रत्नपालचरित २.७
३३. तत्रैव ४.३
३४. ,, ४.४
३५. ,, ४.२५
३६. साहित्यदर्पण १.१
३७. काव्यानुशासन २.१७
३८. नाट्यशास्त्र ६.१-५ प्रक्षिप्त अंश
३९. डा० रघुवंश—नाट्यशास्त्र की हिन्दी व्याख्या, पृ० ३९१
४०. रत्नपालचरित ५.३८
४१. काव्यादर्श १.१६, काव्यालंकार १६।८-९, सरस्वती काष्ठाभरण ५.१३१, काव्यानुशासन—आठवां अध्याय, साहित्यदर्पण ६.३२५
४२. अभिज्ञानशाकुन्तल—चतुर्थ अंक देखें।
४३. रत्नपालचरित १.३३
४४. तत्रैव ४.५
४५. ,, १.११
४६. ,, १.१४
४७. ,, १.३७
४८. ,, २.२२
४९. ,, १.१९
५०. काव्यप्रकाश १०.१०९
५१. काव्यालंकार सूत्रवृत्ति ४.३.२१
५२. रत्नपालचरित १.२९
५३. काव्यप्रकाश १०.९३
५४. रत्नपालचरित १.२२
५५. तत्रैव १.२३
५६. ,, २.८
५७. काव्यप्रकाश १०.११४
५८. रत्नपालचरित २.१५
५९. तत्रैव १.१
६०. ,, १.६
६१ ,, १.२९
६२. ,, १.३९
६३. ,, २.३
६४. ,, २.२३
६५. ,, २.३०
६६. ,, २.३३
६७. ,, २.४६
६८. ,, २.५१
६९. ,, २.५३
७०. ,, ३.३
७१. ,, ३.४
७२. ,, ४.३२
७३. ,, ५.४८

"छिन्दन्ति भिन्दन्ति जनस्तथापि
पूत्कुर्महे नो तव सन्निधाने।
क्षमातनूजा इति संप्रधार्य
क्षमां वहामो न रुषं सृजामः।।"

—रत्नपाल चरितम् १.३३

जिनसेन कृत हरिवंश पुराण में प्राचीन राजतंत्र का स्वरूप

☐ डॉ० सोहन कृष्ण पुरोहित

पुराण लेखन आर्यों की प्राचीन साहित्य-परम्परा रही है। इस परम्परा से प्रभावित होकर जैनाचार्यों ने भी जैन-पुराणों की रचना की। आचार्य जिनसेन रचित हरिवंशपुराण उच्च कोटि की धार्मिक एवं साहित्यिक कृति है। इसमें वैष्णव एवं जैन परम्पराओं में सामञ्जस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

जिनसेन पुन्नाट संघ के प्रसिद्ध आचार्य कीर्तिषेण के शिष्य थे। उन्होंने हरिवंश पुराण की रचना मध्य भारत के धार जिले के वर्धमानपुर (वदनावर) में प्रारम्भ कर दोस्तटिका (दुलरिया) में पूर्ण की। संस्कृत के इस ग्रन्थ को जिनसेन ने शक सम्वत् ७०५ (७८३ ई०) में लिख कर पूरा किया।[1]

हरिवंश पुराण में भगवान् नेमीनाथ और हरिवंश के नायक श्रीकृष्ण के जीवन चरित पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। यद्यपि यह एक धार्मिक ग्रन्थ है लेकिन इसमें प्राचीन राजतन्त्र के विभिन्न पहलुओं का भी समावेश हो गया है। प्राचीन राज्यों एवं राजवंशों की जानकारी प्राप्त करने हेतु इस ग्रन्थ की महत्त्वपूर्ण उपादेयता है। हरिवंश पुराण के आधार पर हम प्राचीन राज्य-व्यवस्था की निम्न रूपरेखा खींच सकते हैं—

राज पद

राज्य में राजा का महत्त्वपूर्ण स्थान था। वह अभिषेक के पश्चात् राजपद सुशोभित करता था।[2] उसका शब्द ही कानून था। राजा की आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं कर सकता था। वह प्रशासन का संचालम नीति (कानून) के अनुसार करता था।[3] राजा लोक-व्यवहार का ज्ञाता होता था।[4] राजा नीतिज्ञ एवं न्यायपरायण होता था।[5] सज्जन पुरुष राजा के आदर के पात्र थे। प्रजा की रक्षा करना राजा का कर्त्तव्य था। अवकाश के समय वह धर्मशास्त्रों का अध्ययन किया करता था।[6] प्रायः राजा जीव-हिंसा की इच्छा नहीं रखते थे।[7] राजा धर्म परायण होते थे और वे कभी-कभी तपस्वियों से मिलने और आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु उनके आश्रमों पर भी जाया करते थे।[8]

राजा प्रायः अपने बड़े पुत्र को युवराज या उत्तराधिकारी घोषित करते थे। किन्तु कई बार वे युवराजपद अपने छोटे पुत्र को भी प्रदान कर देते थे।[9]

युद्ध के समय राजा सेना का नेतृत्व करते थे। युद्धोपरान्त शत्रु से सन्धि करने का अधिकार राजा को ही प्राप्त था।[10] जिनसेन के अनुसार शासक राजा, महाराजा, महाराजाधिराज, और चक्रवर्ती आदि उपाधियां धारण किया करते थे।[11] ये सभी विरूद उसकी शक्ति के प्रतीक थे।

राजा की उपाधियों में चक्रवर्ती की कल्पना हिन्दू धर्म में आदर्श शासक के लिये की गई है। यह उपाधि प्रशासन के केन्द्रीयकरण की प्रतीक थी।[12] वायु पुराण के अनुसार चक्रवर्ती सम्राट विष्णु के अवतार होते हैं। वे हर युग में अवतरित होते हैं। वे भूतकाल में भी पैदा हुए थे और भविष्य में भी पैदा होंगे।[13] कौटिल्य की मान्यता है कि जो शासक धर्म विजय से सार्वभौम सत्ता प्राप्त करता है, वह चक्रवर्ती कहलाता है।[14] चक्रवर्ती की कल्पना बौद्ध साहित्य में भी मिलती है। दीघ निकाय में कहा गया है कि चक्रवर्ती धार्मिक राजा, चारों दिशाओं के विजेता.....सागर पर्यन्त पृथ्वी को बिना दण्ड के, बिना शस्त्र के धर्म द्वारा जीतकर उस पर शासन करता है।[15] स्वयं बुद्ध अपनी तुलना चक्रवर्ती सम्राट से करते थे।[16] जैन धर्म में भी चक्रवर्ती-आदर्श का उल्लेख मिलता है। इसमें चक्रवर्ती की कल्पना कभी राजा के रूप में तो कभी तीर्थंकर के रूप में की गई। जो कि बौद्ध धर्म के समान है। जिनसेन अनुसार भरत चक्रवर्ती वृषभनाथ के समय, सगर चक्रवर्ती अजितनाथ के समय तथा मघवा और सन्तकुमार ये दो चक्रवर्ती धर्मनाथ और शान्तिनाथ के अन्तराल में हुए। शान्ति, कुन्थु और अर ये तीनों स्वयं तीर्थंकर तथा चक्रवर्ती हुए। वप्रा, सुवप्रा, महावप्रा, प्रकाशती, गन्धा, सुगन्धा, गन्धिका, गन्धमालिनी, ये आठ देश, पश्चिम विदेह क्षेत्र में नील पर्वत और सितोदा नदी के मध्य स्थित तथा दक्षिणोत्तर क्षेत्र चक्रवर्ती क्षेत्र कहलाते हैं अर्थात् इनमें चक्रवर्तियों का निवास रहा है।[17]

राज्य में राजा सर्वशक्तिमान था लेकिन यदि वह दुष्ट कर्म करता तो प्रजा उसे राज्य से बाहर खदेड़ देती थी।[18] जिनसेन लिखता है कि यदि राजा दुष्टता की अति कर देता तो उसे प्रजा के हाथों प्राणों से हाथ धोना पड़ता था।[19] इस प्रकार जिनसेन के ये विचार राजा की उत्पत्ति के देवत्व सिद्धांत विरोधी प्रतीत होते हैं।

राजा प्रशासन कार्य परिषद या राज सभा के सदस्यों की सहायता से सम्पन्न करता था। वह न्यायिक क्षेत्र का भी प्रधान था।

राजा विवाह हेतु स्वयंवरों में भी भाग लेता रहता था। सम्भवतः उसके अनेक रानियां होती थीं। जिनसेन ने लिखा है कि राजा सिंहासन पर आरूढ़ होता, दिव्य लेपन करता, सुकोमल वस्त्र पहिनता, पान चबाता, और सुगन्धित माला को धारण करता था।[20]

जिनसेन ने राजा के शारीरिक लक्षणों के सम्बन्ध में लिखा है कि राजा के हाथ स्थूल, सम और हाथी की सूण्ड के समान लम्बे हों। उसकी गर्दन शंख समान, नाभि कमल की कर्णिका की तरह और कमर, सिंह की कमर समान पतली हो। जिसके कलाई से लेकर हथेली तक तीन रेखाएं होती है, वह राजा होता है।[21]

वह राज्य, जिसमें समृद्धि हो, शान्ति हो, प्रजा को कष्ट न हों, उपद्रव न हो,

किसी बाहरी शक्ति के हस्तक्षेप का भय न हो ऐसा राज्य "**एकछत्रराज्य**" कहलाता था।[२२] इस प्रकार एकछत्र राज्य साम्राज्यवादी प्रवृति का सूचक था।

राज्य परिषद

जिनसेन के विवरण से प्रतीत होता है कि राजा पूर्णतया निरंकुश था। किन्तु वास्तविक स्थिति इसके विपरीत थी। राजा देश की परम्पराओं और कानूनों (नीति) से नियंत्रित होता था।[२३] इसके अलावा परिषद भी उसे निरंकुश होने से रोकती थी। हरिवंश पुराण में हमें राज्य परिषद और राजसभा आदि शब्द मिलते है।[२४] इसके अलावा विभिन्न अवसरों पर मन्त्रियों की भी चर्चा की गई है। राजा जब मन्त्रियों के साथ विचार-विमर्श करता तो वह परिषद कहलाती थी। किन्तु जब वह मन्त्रियों तथा उच्च अधिकारियों के साथ सामूहिक विचार-विमर्श करता तो वह राजसभा कहलाती थी। परिषद एक प्राचीन संस्था थी जिसका प्राचीन साहित्य में विस्तृत विवरण मिलता है।[२५] सम्भवतः राज परिषद में महामन्त्री (प्रधानमंत्री) पुरोहित और साधारण मंत्री सदस्य होते थे।[२६] कई बार ऐसे अवसर भी आते थे जब राजा मन्त्रियों के निर्णय को अस्वीकार कर देता था। लेकिन ऐसा बहुत कम असवरों पर ही होता था।[२७] मन्त्री मंत्र मार्ग, तर्कशास्त्र एवं राजनीति के ज्ञाता होते थे।[२८]

जब राजा किसी मन्त्री के कार्य से प्रसन्न होता तो वह उसे वरदान मांगने के लिये कहता। मंत्री उस वरदान (अवसर) को राजा के पास भविष्य में मांगने हेतु सुरक्षित रख सकता था।[२९] राज सभा में मन्त्रणा के समय वेद मन्त्रों का भी उच्चारण किया जाता था।[३०] पड़ौसी राज्यों के राजदूत राजा से मुलाकात राजसभा में ही करते। दूत के लिये यह आवश्यक था कि वह राजा से अपनी मर्यादा में रहकर ही वार्तालाप करे।[३१]

सैनिक व्यवस्था

आचार्य जिनसेन ने हरिवंश पुराण के माध्यम से प्राचीन भारत में सैनिक व्यवस्था का विस्तृत विवेचन किया है। उन्होंने प्राचीन शस्त्रों एवं युद्ध पद्धतियों की भी सूक्ष्म जानकारी प्रदान की है। युद्ध के समय राजा सेना का नेतृत्व करता था। सेनापति युद्ध में राजा की सैनिक की तरह सहायता करते। हरिवंश पुराण में दण्डरत्न, अयोध्य और द्रुतसेन आदि सेनापतियों के नाम मिलते हैं।[३२] युद्ध में उच्चकोटि का रणकौशल दिखलाने वाले वीरों की कमी नहीं थी। महारथी भी युद्ध में राजा को सहयोग करते थे।[३३] चतुरंगिणी सैनिक व्यवस्था अभी भी विद्यमान थी।[३४] इस प्रकार हस्तिसेना, अश्वसेना, रथसेना और पैदल सेना, सेना के आवश्यक अंग थे। चक्रवर्ती शासक की सेना चक्रवर्ती सेना कहलाती थी।[३५] जिनसेन ने दो घोड़ों वाले रथ का विशेष रूप से उल्लेख किया है।[३६] शासकों के पास अक्षोहिणी, अर्ध अक्षोहिणी और चौथाई अक्षोहिणी सेना होती थी।[३७] जिस सेना में १००० हाथी, १ लाख रथ, १ करोड़ घोडे, १०० करोड़ पैदल सैनिक हो वह अक्षोहिणी सेना कहलाती थी। अर्ध अक्षोहिणी एवं चौथाई अक्षोहिणी सेना भी उपर्युक्त अनुपात से ही बनती थी।[३८] एक विवरण के अनुसार रथसेना का प्रधान महारथी कहलाता था।[३९]

उन दिनों कई प्रकार की युद्ध प्रणालियां प्रचलित थीं जिनके नाम हैं यथा धर्म युद्ध, दृष्टियुद्ध, जल युद्ध और मल्ल युद्ध।[४०] साधारणतया युद्ध प्रत्यक्ष रूप से ही लड़े जाते थे।

युद्ध के दौरान शंख एवं भेरी वादन होता रहता था।[४१] युद्ध में तलवार, ढाल, खड्ग, चक्र, नाराच, गदा, मूसल, धनुष, बाण आदि शास्त्रों का प्रयोग किया जाता था।[४२] युद्ध के दौरान संदेश बाण के माध्यम से भेज जाते थे।[४३]

जिनसेन ने युद्ध में दिव्यास्त्रों के प्रयोग किये जाने का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। सुदर्शन चक्र एक घातक शस्त्र था। वज्र नामक शस्त्र १२ योजन की दूरी तक मार कर सकता था। जब यह शस्त्र चलता तो उसमें से तीव्र ध्वनि निकलती थी। युद्ध में आग्नेयास्त्र, वारुणास्त्र, मोहनास्त्र, वायव्यास्त्र (आकाश में चलने वाला), माहेन्द्रास्त्र (शत्रु को काटनेवाला), नागास्त्र (अग्नि के समान ज्वलनशील एवं देदिप्यमान), गरुड़ास्त्र (नागास्त्र को ग्रसने वाला), महाश्वसनास्त्र (तीव्र आंधी चलाने वाला), महास्त्र, तामास्त्र, अश्वग्रीवास्त्र, ब्रह्मशिरशास्त्र और चक्ररत्नास्त्र का प्रयोग किया जाता था।[४४]

जिस युद्ध में एक राजा से अनेक राजा युद्ध करते थे वह अन्याय युद्ध और जिसमें एक राजा से एक राजा युद्ध करता था वह धर्म युद्ध कहलाता था।[४५]

युद्ध की तैयारी हेतु शस्त्रों का भंडारण किया जाता था। शस्त्र भंडार को आयुधशाला कहा जाता था।

युद्ध संचालन हेतु अनेक युद्ध प्रणालियां प्रचलित थीं। जिनमें चक्रव्यूह और गरुड़ व्यूह पद्धतियां अधिक लोकप्रिय थी।

चक्रव्यूह प्रणाली में चक्राकार व्यूह रचना के १००० आरे थे। एक-एक आरे में एक एक राजा स्थित होता था। एक एक राजा के पास १००-१०० हाथी, २-२ हजार रथ, ५-५ हजार घोड़े और १६-१६ हजार पैदल सैनिक होते थे। चक्र की धारा के पास ६ हजार राजा स्थित होते थे और उन राजाओं के हाथी, घोड़ों आदि का परिमाण पूर्वोक्त परिमाण से चौथाई भाग होता था। चक्रभाग के मध्य में मुख्य योद्धा होता था और उसके साथ ५००० प्रमुख योद्धा होते थे। कुल के मान को धारण करने वाले धीर वीर पराक्रमी पचास राजा अपनी सेना के साथ चक्रधारा की सन्धियों पर अवस्थित होते थे। आरों के बीच के स्थान अपनी विशिष्ट सेनाओं से युक्त राजाओं के सहित थे। इसके अलावा व्यूह के बाहर भी अनेक राजा नाना प्रकार के व्यूह बनाकर स्थित रहते थे। चक्र व्यूह को भेदने के लिये वासुदेव कृष्ण ने गरुड़ व्यूह की रचना की थी। युद्ध में दोनों पक्षों को उनके मित्र राजा हाथी, घोड़ो, रथों तथा पैदल सैनिकों से सहायता करते थे। कई बार मित्र राजा युद्ध में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भाग लेते थे।[४६]

न्याय व्यवस्था

राजा राज्य का प्रधान न्यायधीश था। वह अपराधियों को नियमानुसार दण्ड देता था। जब कोई व्यक्ति राजा के पास स्वयं पर अन्याय होने की शिकायत करता तो उसकी जांच गुप्तचरों से करवाई जाती थी।[४७] राज्य में कुछ लोग न्याय शास्त्र के ज्ञाता

होते थे। जिनसेन ने न्यायवेत्ता समुद्रविजय का उल्लेख किया है।[४८] न्यायवेत्ता अपराधी का दण्ड-निर्धारण करने में राजा का सहयोग करता था। न्याय शास्त्र के ज्ञाता हेतु 'न्यायपारायण' शब्द भी उल्लेखनीय है।[४९] अपराधी को कठोर दण्ड दिया जाता था। हरिवंश पुराण में उल्लिखित एक घटना प्राचीन न्याय व्यवस्था पर प्रकाश डालती है। किसी पुरोहित ने एक वणिक के रत्न धोखे से हड़प लिये। इसकी शिकायत राजा से की गई तो उसने वणिक को उसके रत्न वापिस दिलवा दिये। उस पुरोहित की सम्पत्ति राजा ने छीन ली, उसे गोबर खिलाया और फिर उसे मल्लों से इतना पिटवाया कि वह मर गया।[५०] गम्भीर अपराध करने पर हाथ पांव बान्धने तथा सिर काटने का दण्ड दिया जाता था।[५१]

अन्य पदाधिकारी

आचार्य जिनसेन ने प्रसंगवश कुछ अन्य पदाधिकारियों का उल्लेख किया है, जिनके नाम इस प्रकार है--

सामन्त[५२]—छोटा शासक

पुरोहित[५३]—प्रमुख सलाहकार धर्माधिकारी। वह आचरण सम्बन्धी विषयों पर राजा को सलाह देता था।

माण्डलिक[५४]—सामन्त से उच्चश्रेणी का अधिकारी

पहरेदार[५५]—राजा के निवास-स्थान का रक्षक

सेवक[५६]—निम्न स्तरीय राज्य कर्मचारी

दूत[५७]—राजदूत

अन्तःपुर व्यवस्था

अन्तःपुर में राज परिवार के लोग निवास करते थे। राजा का निवास-स्थान राजमहल कहलाता था।[५८] यह भवन अत्यन्त सुन्दर बना हुआ होता था। उसके निकट वापी और बगीचा भी हुआ करता। प्रायः राजा के महल महानगर में स्थित होते थे। राजकुमार के लिये अलग महल होता था।[५९]

राजा की प्रधान महिषी पटरानी कहलाती थी। नाभिराजा की पटरानी मरूदेवी थी।[६०] रानियों हेतु महादेवी विशेषण का भी प्रयोग किया जाता था।[६१] यह परम्परा गुप्तकाल में भी विद्यमान थी। रानियां एक स्थान से दूसरे स्थान पर पालकी में बैठकर जाती थी।[६२] महत्तारिका[६३] और कंचुकी[६४] एवं द्वारपालिनी[६५] अन्तपुर की व्यवस्था में सहयोग करने वाली प्रमुख महिला पदाधिकारी थीं। ये सभी परम्परागत अधिकारी रही होंगी।

राज्य की इकाइयां

सम्पूर्ण राज्य नगरों और गांवों में बंटा हुआ था। पर्वत एवं नदी से घिरा हुआ नगर खेट कहलाता था। केवल पर्वत से घिरा हुआ नगर खर्वट और पांच सौ गांव से घिरा हुआ मटम्ब कहलाता। जो नगर समुद्र के किनारे पर स्थित हों, जहाँ लोग नावों से उतरते हैं, वह स्थान द्रोणमुख कहलाता था। जहां बाड़ से घिरे घर हों, जहां शूद्र,

किसान रहते हों, जो बाग बगीचा या मकान से रहित हो, वह क्षेत्र गांव और जिस स्थान पर अहीर रहते हो वह इलाका घोष कहलाता था।[६६] नगरों में गलियां, बाजार, चौक और परकोटा होता था।[६७] पहाड़ों पर स्थित दुर्ग पहाडी दुर्ग कहलाते थे।[६८]

निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि जिनसेन कृत हरिवंश पुराण एक धार्मिक ग्रन्थ ही नहीं अपितु प्राचीन इतिहास एवं राजनीति का उच्च स्तरीय संदर्भ ग्रन्थ भी है। इससे भारतीय राज्य-व्यवस्था से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है। □

संदर्भ

१. जिनसेन, हरिवंश पुराण, पृ. ८१०-११ (भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली, से प्रकाशित १९६२)।
२. वही, पृ. २१६
३. वही, पृ. ३४४-३४५
४. वही, पृ. २२२
५. वही, पृ. २०९
६. वही, पृ. २२०
७. वही, पृ० ३४४-४५
८. वही, पृ. ३८०
९. वही, पृ. २८२
१०. वही, पृ. ५८७,३९६
११. वही, पृ. २४० (श्लोक २१), ६१९,५४५,७३०-७३१,७४६-४८
१२. पुरोहित, सोहनकृष्ण; उत्तर भारत का प्राचीन राजनीतिक इतिहास पृ. १५७
१३. गोयल श्रीराम; हिस्टरी ऑव द इम्पीरियल गुप्ताज, पृ. १३६ टि. २
१४. कौटिल्य, अर्थशास्त्र अनुवाद गैरोला, पृ. ८३४
१५. चक्रवर्ती सीहनाद सुत्त, दीघ निकाय, ३,३
१६. उपाध्याय, भरतसिंह; बुद्धकालीन भारतीय भूगोल, पृ. १६७
१७. जिनसेन, पूर्वो, पृ. ७३०-३१,५३९;८६-६७ (चक्रवर्ती क्षेत्र का वर्णन)।
१८. वही, पृ. ३४४-३४५
१९. वही, १
२०. वही, पृ. २२५
२१. वही, पृ. ३३७-३३८
२२. वही, पृ. २२४
२३. वही, पृ. ३८२
२४. वही, पृ. ६१६,२५४
२५. महाभारत, शान्ति पर्व, अ ८३-१५-५१; वेदालंकार सत्यकेतु; प्राचीन भारतीय राज्य व्यवस्था और राजशास्त्र, पृ. ७८
२६. जिनसेन, पूर्वो पृ. २३
२७. वही, पृ. २९८
२८. वही, पृ. ३७५,५८९
२९. वही, पृ. २९९
३०. वही, पृ. २५४
३१. वही, पृ. ७७५
३२. वही, पृ. २०२,५३४,१९९,२०६
३३. वही, पृ. ३९३
३४. वही, पृ. १७३,१९८,३५५,८१७
३५. वही, पृ. २०१
३६. वही, पृ. १९८
३७. वही, पृ. ५८८
३८. वही, १
३९. वही, पृ. ३९३
४०. वही, २०३-२०४
४१. वही, पृ. ५९३

४२. तलवार, ढाल, वही, पृ. ५९५; खड्ग, वही, पृ. ५१०; चक्र, नाराच, वही, पृ. ५९९-६००; गदा, मूसल, वही पृ. ५२०, धनुष-बाण वही, पृ. ६२
४३. जिनसेन, पूर्वो. पृ. ५४८
४४. वही, पृ. २०२-२०४,२०१,३३५,३९६,६००,६०१
४५. वही, पृ. ३९६
४६. वही, पृ. ५९०-५९१
४७. वही, पृ. ३८६
४८. वही, पृ. ३९६
४९. वही, पृ. ३८६
५०. वही, पृ. ३६५
५१. वही, पृ. ५२७-५२८
५२. वही, पृ. २३ द्रष्टव्य, अग्रवाल, वासुदेवशरण; हर्ष चरित एक सांस्कृतिक अध्ययन, पृ. २२०
५३. जिनसेन, पूर्वो. पृ. २३-२०६
५४. अपराजिता पृच्छा ७८.३२-३४; जिनसेन, वही, पृ. ७४७-७४९
५५. जिनसेन, पूर्वो. पृ. ५१७
५६. वही, पृ. ५१४
५७. वही, पृ. ५६७
५८. वही, पृ. २३
५९. वही, पृ. ५००
६०. वही, पृ. १४६
६१. वही, पृ. ५२७
६२. वही, पृ. ६२०
६३. वही, पृ. ५१४
६४. वही, पृ. ७१६
६५. वही, पृ. ५१४
६६. वही, पृ. १२
६७. वही, पृ. ८७
६८. वही, पृ. ५२६

"शाकेष्वब्द शतेषु सप्तसु दिशं पञ्चोत्तरेषूत्तरां
पातीन्द्रायुधनाम्नि कृष्णनृपजे श्रीवल्लभे दक्षिणाम् ।
पूर्वा श्रीमदवन्तिभूभृति नृपे वत्सादिराजेऽपरां
सूर्याणामधिमण्डलं जययुते वीरे वराहेऽवति ।।
कल्याणैः परिवर्धमानविपुल श्रीवर्धमाने पुरे
श्री पार्श्वालयनन्नराजवसतौ पर्याप्तशेषः पुरा ।
पश्चाद्दोस्तटिका प्रजाप्रजनित प्राज्यार्चनावर्चने
शान्तेः शान्तगृहे जिनस्य रचितोवंशो हरीणामयम् ।"

डा० कृष्णदत्त बाजपेयी

(४.४.१९१८—१०.६.१९९२)

प्रोफेसर कृष्णदत्त बाजपेयी देश के मूर्धन्य इतिहासविद् तथा पुरातत्त्वविद् थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद में सन् १९१८ में हुआ। श्री बाजपेयी ने प्रारंभ में सन् १९४३ से १९५८ ई० तक लखनऊ तथा मथुरा पुरातत्व संग्रहालयों के क्यूरेटर और उत्तर प्रदेश के पुरातत्त्व अधिकारी के रूप में अपनी विद्वता और लगन का परिचय दिया। तत्कालीन राज्यपाल श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी तथा मुख्यमंत्री डॉ० सम्पूर्णानन्दजी के संपर्क में रहकर उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का महत्त्वपूर्ण परिचय देने वाले ग्रन्थों की रचना की। इनमें मथुरा, कन्नौज, हस्तिनापुर, अहिच्छत्रा आदि प्रमुख हैं। इसी बीच वे ब्रजमण्डल के सांस्कृतिक इतिहास को उजागर करने में जुटे। दो खण्डों में प्रकाशित उनका ग्रन्थ 'ब्रज का इतिहास' इस दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण और उल्लेखनीय है।

सन् १९५८ ई० में डॉ० वाजपेयी की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश के सागर विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग खोला गया। सन् १९६३ ई० में प्रो० बाजपेयी 'टैगोर प्रोफेसर' बने। इस प्रकार सन् १९४३ से १९७७ ई० तक प्रो० बाजपेयी निरन्तर अध्ययन-अध्यापन, सर्वेक्षण-उत्खनन तथा लेखन-निर्देशन में तल्लीन रहे। तदुपरान्त भी आप मृत्यु पर्यन्त सक्रिय रहे।

प्रो० बाजपेयी ने ४० से अधिक ग्रंथों की रचना की जिनमें मुख्यतः उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का गौरवशाली अतीत उजागर हुआ है। इनमें कुछ ग्रन्थ तो अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हैं जैसे—'ब्रज का इतिहास', 'उत्तर प्रदेश में बौद्ध धर्म का इतिहास', युग-युगों में उत्तर प्रदेश', 'भारतीय संस्कृति में मध्य प्रदेश का योगदान', 'मध्य प्रदेश का पुरातत्त्व', 'मथुरा', 'कल्चरल हिस्ट्री ऑव इण्डिया (मध्य प्रदेश)', 'सागर थ्रू द एजेज', 'बुद्धिस्ट सेंटर्स इन उत्तर प्रदेश', 'फाइव फेजेज इन इण्डियन आर्ट' आदि। उन्होंने ८०० से अधिक शोधपत्र भी प्रकाशित किए। प्रो० बाजपेयी ने कई शोध-पत्रिकाओं का संपादन भी किया जिनमें 'ब्रज भारती', 'प्राच्य प्रतिभा' तथा 'पंचाल' प्रमुख हैं। उन्होंने कई ग्रन्थों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद भी किया है।

— परमेश्वर सोलंकी

तेरापंथ का संस्कृत साहित्य : उद्भव और विकास ४

☐ मुनि गुलाब चंद 'निर्मोही'

चित्रमय काव्य

संस्कृत काव्य की एक और विधा है—चित्रमय काव्य। यह विधा बहुत ही जटिल और क्लिष्ट है। इसमें रचना करना अगाध पांडित्य का सूचक है। इसके लिए गहरे अध्यवसाय की आवश्यकता होती है। विक्रम की बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी के लगभग वाग्भट्ट ने अपनी कृति "वाग्भट्टालंकार" में चित्रमय श्लोकों का दिग्दर्शन कराया है। चित्रमय काव्य की रचना जटिल और क्लिष्ट होने के कारण अधिक प्रसारित नहीं हो सकी। सोलहवीं शताब्दी के पश्चात् तो वह लुप्तप्रायः हो गई। किन्तु इस लुप्तप्रायः काव्य रचना की विधा को तेरापंथ धर्मसंघ में पुनर्जीवन प्राप्त हुआ है।

जब चित्रमय काव्य रचना का प्रसंग आया तो अनेक साधुओं ने एक साथ उसमे प्रवेश किया और पर्याप्त सफलता प्राप्त की। यह चमत्कारी काव्य रचना विद्वद् मानस में चमत्कार उत्पन्न करती है। गुजरात के प्रसिद्ध विद्वान् श्री हीरालाल रसिकलाल कापडिया ने जब तेरापंथ की सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करते हुए चित्रमय श्लोक रचना का क्रम देखा तो हर्ष और आश्चर्य में डूब गए। उन्होंने कहा सोलहवीं शताब्दी के पश्चात् इस लुप्त काव्य रचना के प्रकार को आज मैं पहली बार देख रहा हूं।

इस काव्य रचना को देखने मात्र से काव्यकार की गहराई का अन्दाज लगाया जा सकता है। तेरापंथ के अनेक साधु कवियों ने इस प्रकार की काव्य रचना की। उनकी समग्र रचनाओं का संकलन किया जाए तो कई ग्रन्थ तैयार हो सकते हैं। संस्कृत के क्षेत्र में काव्य रचना का यह प्रकार तेरापंथ की एक विशिष्ट देन है। अवगति स्वरूप चित्रमय काव्य के कुछ श्लोक यहां उद्धृत किए जाते हैं।

हारबन्धा स्तुतिः



उक्त चित्रमय हारवन्ध श्लोक में ८४ अक्षर होते हैं। उनमें से ५४ अक्षर ही लिखे जाते हैं। शेष ३० अक्षरों को निकालने की प्रक्रिया यह है कि सातों गुच्छकों के मध्य के अक्षर तीन-तीन बार बोले जाते हैं और उनका संबंध प्रत्येक बार दूसरे-दूसरे अक्षर से होता है। पहला और ८४ वां तथा तीसरा और ८२ वां अक्षर एक होता है।

श्लोक रचना की इस दुरह प्रक्रिया को तब तक समझना दुरूह होता है जब तक श्लोक के चारों चरण न लिखे जाएं। उक्त श्लोक के चारों चरण इस प्रकार हैं :—

शस्या शस्येति नीति प्रतिकृति कृति कृच्चेतना तप्त तन्त्रा
मन्त्रणां त्राणशक्ति शमशरणरता रक्तकल्पैक लोक !
वित्तां विद्यां विनीत श्रितमतनयन ! स्वानतेषूर्ध्वसूक्तां
शूरो वीरोऽधिरोहन् नवनवनयुतं युक्तियुक् शासनेश !

वृष्टि चित्र के रूप में चित्रमय श्लोक का एक अन्य उदाहरण इस प्रकार है :—

वृष्टिचित्र श्लोक

के	ते	सा	या
०	०	०	०
०	०	०	०
०	०	०	०
के	ते	सा	या
०	०	०	०
०	०	०	०
०	०	०	०
लो	ध्वान्	भा	मा
०	०	०	०
०	०	०	●
०	०	०	●
दात्ताः	तस्थाः	ज्ञेया	निष्ठा

उक्त श्लोक के चारों चरण इस प्रकार हैं :—

के के लोके केलोदात्ता :
ते ते ध्वान्ते ते ध्वान्तस्थाः
सा सा भाषा साभा ज्ञेया
या या माया यामा निष्ठा ।

वृष्टि चित्रमय उक्त श्लोक में ३२ अक्षर होते हैं । किन्तु उनमें से केवल २० अक्षर ही लिखे जाते हैं । शेष १२ अक्षरों की पूर्ति जिस प्रकार वर्षा की बूंदें जमीन पर गिर कर ऊपर उछलती हैं और फिर नीचे गिरती हैं, उसी प्रकार ऊपर से नीचे तथा फिर ऊपर से नीचे तक बोल कर की जाती है ।

उपरोक्त दोनों श्लोकों के रचयिता युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ हैं । शिविका चित्र के रूप में एक और श्लोक यहां प्रस्तुत किया जा रहा है—

शिविका चित्र श्लोक



शिविका चित्र के रूप में श्लोक रचना भी जटिल होती है किन्तु कवि ने इस जटिलता को पार करते हुए इसमें सफलता प्राप्त की है। प्रस्तुत श्लोक के चारों चरण इस प्रकार हैं:—

विश्वेस्मिन् प्राप्तुकामा विमल मतिमया मानवा ! नव्यनव्यां
सच्चिद्रोचिर्विचित्रच्छविरविशिविकां सिद्धिसाम्राज्यनिष्ठाम्
माहात्म्यार्चि : प्रविष्टां, सितमधुसरसां संप्रवत्ताशु तर्हि,
सच्छिक्षां सत्यसन्धेः कविवर तुलसेश्चन्द्रवच्छीतरश्मेः ॥

उक्त शिविका बन्ध चित्रमय श्लोक में ८४ अक्षर होते हैं किन्तु उनमें से केवल ७० अक्षर ही लिखे जाते हैं। शेष १४ अक्षरों की पूर्ति भिन्न भिन्न प्रकोष्ठों के अक्षरों से की जाती है। उक्त श्लोक के रचयिता मुनिश्री नवरत्नमल हैं। उन्होंने अनेक प्रकार के चित्रमय श्लोकों की रचना की है।

किसी विषय पर पंचक, सप्तक, अष्टक, दशक, षोडशक आदि की रचना तो तेरापंथ धर्म संघ के साधु-साध्वियों के लिए बहुत सहज कार्य है। पचासों साधु-साध्वियों ने इस दृष्टि से अनेक विषयों पर रचनाएं की हैं। अनेक द्वात्रिंशिकाएं भी लिखी गई हैं। बौद्धिक स्फुरणा के लिए अव्यय निबन्ध, एकाक्षर निबन्ध आदि लिखे गए हैं। साधु-साध्वियों द्वारा सम्पादित हस्तलिखितपत्रिकाओं के संस्कृत विशेषांक निकाले गए हैं। समय-समय पर होने वाली विद्वद्गोष्ठियों में गवेषणा पूर्ण संस्कृत निबन्ध पढ़े गए हैं। बहुत बार परस्पर केवल संस्कृत में ही बोलने का क्रम रहा है। इससे संस्कृत में वाक् प्रवणता का विकास हुआ। साधुओं की तरह साध्वी समाज में भी संस्कृत का अध्ययन और विकास हुआ।

बीदासर की घटना

हर विकास के मूल में एक गहरी प्रेरणा होती है। प्रेरणा से ही कार्य की निष्पत्ति होती है। तेरापन्थ में संस्कृत के विकास में भी एक ऐसी गहरी प्रेरणा ने काम किया जो आज शतशाखी के रूप में पल्लवित है। विक्रम की बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में संस्कृत के प्रति अनुराग होते हुए भी कोई साधु ऐसा नहीं था जो किसी श्लोक का पूरा अर्थ कर सके। वि. सं. १९६० की घटना है। तेरापन्थ के सातवें आचार्यश्री डालगणी का बीदासर (राजस्थान) में प्रवास था। वहां के तत्कालीन ठाकुर श्री हुकुम सिंह जो संस्कृत के विद्वान नहीं थे पर संस्कृत-प्रेमी अवश्य थे, ने एक संस्कृत का श्लोक डालगणी के पास भेजा और उसका अर्थ जानना चाहा किन्तु वहां उपस्थित साधुओं में से किसी के समझ में उसका अर्थ नहीं आया। आचार्यश्री कालूगणी उस समय मुनि अवस्था में थे। उन्हें संस्कृत के अध्ययन की यह कमी बहुत खटकने लगी। उसी समय से उनकी सुप्तवृत्तियां जाग उठी और संस्कृत का अधिकार पूर्ण अध्ययन करने का मन में विचार किया। उन्होंने सारस्वत का पूर्वार्ध कण्ठस्थ करना प्रारम्भ कर दिया। उसी वर्ष चुरू (राजस्थान) में पंडित घनश्याम दास का योग मिला। उन्होंने सेवाभाव से संस्कृत व्याकरण का अध्ययन करवाया। उसके पश्चात् तो, 'जहां चाह वहां राह' वाली कहावत चरितार्थ होने लगी और विकास के नये-नये आयाम उद्घटित होने लगे।

संस्कृत साहित्य में नाटक का महत्त्व भी बहुत प्राचीन काल से रहा है। काव्य केवल श्रुतिप्रिय होता है किन्तु नाटक श्रुति प्रिय होने के साथ दृष्टि प्रिय भी होता हैं। यही कारण है कि श्रव्य की अपेक्षा दृश्य में जन मानस का आकर्षण अधिक होता है। कालिदास की ख्याति उनकी काव्य कृतियों की अपेक्षा नाटक कृति से अधिक हुई है। उनका "अभिज्ञान शाकुन्तलम्" इस दृष्टि से बेजोड़ कृति कही जाती है।

जैन परम्परा में संस्कृत नाटक साहित्य का विकास बहुत सीमित हुआ है। तेरा-

पन्थ में भी अन्य साहित्यिक विकास की तुलना में संस्कृत नाटक साहित्य का विकास, होना अभी अवशेष हैं । प्रारंभिक रूप में कुछ एकांकी अवश्यलिखे गए हैं किन्तु निकटवर्ती अतीत काल में संस्कृत के विकास को देखते हुए भविष्य में नाटक साहित्य का भी यथेष्ट विकास हो सकेगा, ऐसी सम्भावना खोजी जा सकती है ।

तेरापन्थ के संस्कृत साहित्य के उद्भव और विकास की संक्षिप्त प्रस्तुति इस निबन्ध में हुई है है । अनवगति और अनुपलब्धि के कारण संभव हैं पूर्ण परिचिति में कुछ अवशेष भी रहा हो फिर भी उपलब्ध साहित्य का यथासंभव परिचय देने का प्रयत्न किया गया है । विक्रम की बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में तेरापंथ धर्म संघ ने संस्कृत वांङ्मय को विभिन्न नए उन्मेष प्रदान किए हैं । अतीत के सिंहावलोकन के आधार पर अनागत का योग और अधिक मूल्यवान हो सकेगा, ऐसी आशंसा स्वाभाविक है । □

महावीराष्टकम्

उन्नता चरणे श्रद्धा, वृद्धा सा पापकर्मणि ।
सन्नद्धा स्वात्मसंज्ञाने, देव ! भूयात् सदा मम ।।१।।
सत्कृतो वाऽसत्कृतो वा, त्वया स्यां स्यां न वा पुनः ।
वीतरागो यतोऽसि त्वं, त्वं सदा सत्कृतो मया ।।२।।
स्नेहार्द्रैश्चक्षुषोर्वार्ष्पैः, क्षालितौ चरणौ तव ।
क्षालयेराकृतिं नाप्तश्चापि मे मानसं मलम् ।।३।।
अदृश्यो यदि दृश्यो न, भक्तेनाऽपि मया प्रभो !
स्याद्वादस्ते कथं तर्हि, भावी मे हृदयं गमः ।।४।।
अर्पयामि मनोभावं, ग्राह्यं विनिमये किमु ।
हा ! बुद्धोस्मि क्षणेनापि, फलाशा दोषदार्पणे ।।५।।
तवाहमिति मे बुद्धिः, त्वं ममेत्यपि सादरम् ।
परे जानन्तु मा वा किं, साक्ष्यापेक्षोऽसि सर्ववित् ।।६।।
किं करोमि तवार्थं हे, देव ! नापेक्ष्यता मिति ।
ममार्थं किं विधाताऽसि, ममापेक्षा महीयसी ।।७।।
कर्तृत्वमात्मनोऽपास्य, भक्तानां किं करिष्यसि ।
यत्कृतं तत्कृते हेतुर्भवेः स्यां सदृशस्तव ।।८।।

—युवाचार्य महाप्रज्ञस्य

न्याय-वैशेषिक, योग एवं जैन दर्शनों के संदर्भ में ईश्वर

☐ डॉ० कमलापंत

महर्षि व्यास के शब्दों में स्वतः ईशनशील अर्थात् इच्छामात्र से सम्पूर्ण जगत् का उद्धार करने में समर्थ शक्ति 'ईश्वर' है—'इच्छामात्रेण सकलजगदुद्धरणक्षमः' (योगसूत्र १।२४ की व्याख्या)। संसार की प्रायः सभी जातियों, धर्मों और भाषा के अनुयायी परमपिता परमेश्वर को मानते हैं। यद्यपि नाम अलग-अलग हैं। ईश्वर शब्द से प्रायः प्रत्येक भारतीय मानस सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, सृष्टिकर्ता, नियन्ता आदि अलौकिक गुणों से मण्डित एक अव्यक्त शक्ति के संकेत को मानता है। इसे ईश्वर, परमेश्वर, परमात्मा, ब्रह्म इत्यादि विविध नामों से सम्बोधित किया जाता है। अधिकांश भारतीय दर्शनों में ईश्वर नामक पृथक् तत्त्व जीवों द्वारा पूज्य है। चार्वाक, बौद्ध, जैन, निरीश्वर सांख्य एवं मीमांसकों ने ईश्वर की सत्ता स्वीकार नहीं की है। चार्वाक ईश्वर की अलौकिक सत्ता का खण्डन कर पृथिवी के राजा को परमेश्वर मानते है।[1] बौद्ध एवं जैन विचारक अपने-अपने धर्म प्रवर्तकों को ईश्वर की संज्ञा देते हैं। मीमांसा दर्शन में प्राणियों के कर्मफलदाता के रूप में 'अदृष्ट अथवा अपूर्व नामक एक शक्ति की कल्पना की गयी है।[2] वैयाकरणों, न्याय-वैशेषिकों, योग दार्शनिकों एवं वेदान्तियों ने ईश्वर का अस्तित्व माना है।

वैयाकरण शब्द की परा अवस्था (स्फोट) को ईश्वर स्वीकार करते हैं।[3] न्याय-वैशेषिक में ईश्वर जगत् की रचना-पालन-संहार करने वाला, कर्मफलदाता, इच्छा से परमाणु स्पन्दन करने वाला एवं जीवों को उनकी प्रवृत्ति के अनुसार विविध कार्यों में लगाने वाला है। योगसम्मत ईश्वर सर्वथा निर्लेप एवं निर्गुण है। शंकराचार्य द्वारा मान्य ईश्वर पारमार्थिक है।[4] जगत् एवं ईश्वर की सत्ता में अन्तर है। माया के आधार पर ईश्वर संसार का उपादान कारण विवर्त सिद्धांत की दृष्टि से बनता है।[5] रामानुज सिद्धांत का ईश्वर जीवों का नियामक, अर्न्तयामी, कर्मफलदाता और उनसे पृथक् पदार्थ है क्योंकि जीव और जड़ उसके शरीर है।[6] ईश्वर की ऐसी ही कल्पना करते हुए माधवाचार्य इसे अन्य पदार्थों से सर्वथा पृथक् स्वीकार करते हैं। प्रस्तुत लेख में मुख्यतः न्यायवैशेषिक, योग एवं जैन सम्मत ईश्वर के स्वरूप पर संक्षिप्त तुलनात्मक दृष्टि से प्रकाश डालने का प्रयास किया जा रहा है—

न्याय-वैशेषिक में ईश्वर को एक पृथक् तत्त्व न कहकर आत्मा द्रव्य के दो अवान्तर भेद माने गए हैं—जीवात्मा और परमात्मा। इस तरह ईश्वर का आत्म रूप द्रव्य में अन्तर्भाव हो जाता है। इनके विचार के विषय में मैक्समूलर लिखते हैं कि

ईश्वर अपने उच्चतम रूप में परमात्मा और अपने निम्न रूप में जीवात्मा है।[७] वस्तुतः महर्षि गौतम और कणाद के सूत्रों में ईश्वर का संकेत मात्र मिलता है किन्तु वात्स्यायन और प्रशस्तपाद इन दोनों भाष्यकारों ने अपने-अपने भाष्यों में ईश्वर को प्रधानता दी है। सम्भवतः ईश्वर के सृष्टि निर्माता ही होने के कारण गौतम और कणाद ने इसके विषय में संकेतमात्र देना ही पर्याप्त समझा हो। जैसा कि इमैनुवल काण्ट एवं हर्मन लाट्जा कहते हैं कि सब प्रमाणों का आधार होने के कारण ईश्वर सिद्धि के लिए परम्परागत उक्तियां उचित नहीं है।[८] नैयायिकों और वैशेषिकों के मतानुसार श्रुति में भी आत्मा शब्द परमात्मा में आत्मत्व स्वीकृत है। ये अद्वैत वेदान्त के समान ब्रह्म या ईश्वर का प्रत्यक्ष नहीं मानते हैं।[९] अनुमान एवं आगम दो प्रमाणों से ईश्वर का अस्तित्व प्रामाणित किया जाता है। वात्स्यायन लिखते हैं—संसार में किसी विषय में प्रयत्न करने पर भी सफल न होने से अनुमान होता है कि प्राणिकृत कर्मफल की प्राप्ति किसी और के अधीन है। यही कर्मनियन्ता परमात्मा, सृष्टिकर्ता और रक्षक है।[१०]

कार्यसिद्धि कर्ता के बिना सम्भव नहीं है। जैसे कुम्हार मिट्टी से घड़ा बनाता है ऐसे ही पृथिव्यादि अवयविरूप ईश्वर ने बनाए हैं। ईश्वर सृष्टि का निमित्त कारण और परमाणु उपादान कारण होते हैं। बीज से अंकुर स्वयं उत्पन्न नहीं होते, अगोचर और अगम्य ईश्वर ही इनका कर्ता होता है।[११] "द्यावाभूमि जनयन देव एको विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता"—न्याय सिद्धात मुक्तावली (१।१) में उद्धृत यह वाक्य नैयायिकों के मत का सुदृढ़ प्रमाण है। न्यायकारिकावलीकार[१२] एवं प्रसिद्ध नव्य नैयायिक रघुनाथ शिरोमणि ने भी परमात्मा को नमस्कार किया है।[१३]

आत्मा के दो लक्षण ज्ञान गुण एवं आत्मत्व जाति, सुख, इच्छा, प्रयत्नादि नित्य होते हैं।[१४] परमात्मा नित्य, सर्वज्ञ, विभु, अशरीरी, वेदनिर्माता, जीवों के शुभाशुभ कर्मों का अधिष्ठाता, सर्वनियामक एवं लौकिक कर्ता न होकर क्लेश कर्मसुखादि से रहित पुरुषविशेष कहा गया है।[१५] उसमें सुखदुःख, द्वेष, भोग, संस्कार आदि जीवात्मा के अनुकूल गुण अस्वीकृत हैं। जैसे जीवात्मा में देह को प्रेरित (सचेष्ट) करने की शक्ति होती है वैसे ही ईश्वर इच्छामात्र से जगत् की रचना कर देता है।[१६] कर्मफल का अदृष्टानुसार निष्पक्ष दाता, परमात्मा, मनीषियों द्वारा कथित स्वर्गापवर्गमार्ग से प्राप्त एवं जीवों का उपास्य होता है।[१७] कुछ विद्वानों के अनुसार योगियों को आत्मा एवं ईश्वर दोनों का (आत्मा से समवाय सम्बन्ध से वर्तमान ज्ञानादि गुणों का संयुक्त समवाय संनिकर्ष से) प्रत्यक्षज्ञान हो सकता है।[१८]

न्याय-वैशेषिक के समान योग दर्शन में भी ईश्वर को पुरुष, दूसरे शब्दों में आत्मा विशेष कहा गया है किन्तु फिर भी पुरुष या आत्मतत्त्व में उसका अन्तर्भाव न कर पृथक् तत्त्व (प्रकृति-पुरुष से) माना गया है।[१९] योग सम्मत ईश्वर नित्यतृप्त, पूर्णकाम, क्लेशों-कर्मों-विपाक से रहित, ऐश्वर्य की पराकाष्ठा, सर्वज्ञ, निरतिशय ज्ञानी, एवं करुणावश सृष्टि में प्रवृत्त होने वाला है।[२०] वह पूर्वजों का भी गुरु है।[२१] प्रणव (ओइम्) ईश्वरवाचक शब्द स्वीकार किया गया है। प्रणव का जप तथा जपकाल में इसके अभिधेय ईश्वर के विषय में चिन्तन किया जाता है, समस्त शुभाशुभ कर्म

ईश्वर में अर्पण किए जाते हैं।[२२] इससे अनेक लाभ बताए गए हैं—समाधिलाभ, कैवल्य, विघ्नक्षय इत्यादि।[२३] उदयवीर शास्त्री निरीश्वर सांख्य दर्शन में भी ईश्वर के उक्त अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। सूत्रकार और भाष्यकार व्यास ने मात्र योग के चरम लक्ष्य तक पहुंचाने में ईश्वर का उल्लेख सहायक साधन के रूप में किया है किन्तु कुछ व्याख्याकारों ने उसे सृष्टि के निमित्त कारण के रूप में बताया है।[२४]

जैन मत के अनुसार आत्मा के मलिन और निर्मल स्वरूप के आधार पर तीन भेद कहे जा सकते हैं—बहिरात्मा, अन्तरात्मा एवं परमात्मा। पूर्ण और निर्मल केवल ज्ञान की प्राप्ति से अपने चैतन्य स्वरूप और लोकालोक की समस्त वस्तुओं को जानने वाले आत्मा की स्थिति को परमात्मा नाम दिया गया है।[२५] अतएव कर्मबन्धों से रहित मुक्त जीव परमात्मा है, जीवन्मुक्त जीव अर्हत् और विदेह मुक्त (सिद्धशिला में स्थित) जीव सिद्ध कहलाते हैं। मुक्त जीव या जैन सम्मत परमात्मा अपने ज्ञान से सभी वस्तुओं को व्याप्त करने से विष्णु,[२६] अखण्ड ब्रह्मचर्य वाला होने से परब्रह्म और केवलज्ञान रूप ऐश्वर्यवश ईश्वर नाम से सम्बोधित किया जाता है।[२७] यह अनादिमुक्त परमात्मा न होकर मोक्षमार्ग का उपदेशक, सर्वज्ञ, सादिमुक्त ईश्वर है। जैनविचार में संसार नित्य है[२८] एवं जीव अपने सुख-दुःख का कर्ता और भोक्ता स्वयं है। इनके द्वारा मान्य कर्म-सिद्धान्त इतना सुदृढ़ और स्वतंत्र है कि वह जीव के जीवन के प्रत्येक पहलू का निर्माण स्वयं कर लेता है[२९] इसीलिए संभवतः जैनाचार्यों ने कर्मनियामक ईश्वर की आवश्यकता नहीं अनुभव की। अपने पुरुषार्थ और अनन्तवीर्य के कारण कर्म-शक्ति को छिन्न-भिन्नकर प्रत्येक संसारी जीव आराध्य एवं श्रद्धेय बन सकता है। जैन धर्मानुयायी जिनों एवं सिद्धों की पूजा करते हैं और उन्हें आदर्श मानकर उनके समान बनने का प्रयास करते हैं। इनके सिद्धांतों की दृष्टि से देखा जाए तो सिद्ध रागद्वेष रहित होने से पूजा-श्रद्धा का प्रतिफल स्वयं नहीं दे सकते हैं। इस प्रसंग में प्रो० मूर्ति लिखते हैं कि यद्यपि वास्तविक तथ्य तो यही है किन्तु अनेक जैन विचारकों ने महावीर को धार्मिक आस्था और रहस्यपूर्ण भक्ति का विषय बनाते हुए उनके लिए ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जैसे वेदान्ती ब्रह्म के लिए करते हैं।[३०]

अपने मत की पुष्टि में वह सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र के मतों का उदाहरण देते हैं जैसे महावीर की तुलना सारी नदियों के संगम रूप समुद्र से की गयी है। उसे आत्मस्वरूप मानकर प्रार्थना की गयी है कि वह अवर्णनीय, भावनागोचर और इन्द्रियातीत है। सागर, अवर्णनीय जैसे शब्द इस भ्रम के कारण हैं। सम्भवतः ईश्वर की तरह पूज्य मानने के कारण जैनाचार्यों ने ऐसे शब्दों का प्रयोग किया हो किन्तु जहां तक वेदान्त के ब्रह्म के समान मानने का प्रश्न है, जैन सिद्धांतों के परिप्रेक्ष्य में ऐसा कदापि सम्भव नहीं है[३१] वैसे तो सभी अर्हत् या जिन एक ही स्थिति के होते हैं किन्तु तत्त्वोपदेष्टा अर्हत् (तीर्थंकर) अन्य प्राणियों के हितार्थ उन्हें तत्त्वों की यथार्थता, अहिंसा, समभाव इत्यादि का उपदेश देते हैं। जीवित दशा में अर्हतत्व और मरने के बाद सिद्धत्व परमपद है।[३२]

इस प्रकार न्याय-वैशेषिक, योग और जैन दर्शनों में ईश्वर मान्य हैं किन्तु तीनों

दर्शनों द्वारा स्वीकृत ईश्वर के स्वरूप और कार्य में बहुत अन्तर है। न्याय-वैशेषिक और सेश्वर सांख्य के ईश्वर एक, सर्वज्ञ, विभु, अगोचर, वेदनिर्माता, नित्य, अनादि मुक्त, शुभाशुभ कर्मों के निष्पक्ष दाता, रागद्वेष रहित और अनुग्रही हैं। न्याय-वैशेषिक के समान पातञ्जल योग १।२४ में भी ईश्वर को पुरुष विशेष अथवा आत्मा विशेष कहा गया है किन्तु पुरुषतत्त्व में उसका अन्तर्भाव नहीं किया है। ईश्वर दो नहीं हो सकते क्योंकि समान गुण-शक्ति वाले दो ईश्वरों के होने पर पदार्थ के एक की इच्छा के अनुरूप परिणत होने से दूसरे की इच्छा पूरी न होने से उसमें कमी आ जाएगी। जहां तक जैनमत का प्रश्न है ईश्वरवादियों (न्याय-वैशेषिक एवं योग) के समान कर्म-नियामक जगत्कर्ता, परमाणु स्पन्दन कराने वाले अथवा प्रकृति-पुरुष का संयोग कराने वाले, अनुग्रही आदि गुणों वाले ईश्वर को न मानने से उनके यहां ईश्वरों के मतभेद की सम्भावना ही नहीं है। अन्य दर्शनों के ईश्वर कभी बन्धगत नहीं होते किन्तु अर्हत् या सिद्ध कर्मबन्धों से युक्त होने के बाद मुक्त होते हैं। संसार के नित्य होने से और कर्म परम्परा के आत्म निर्भर होने से वे न जगत्कर्ता हैं न कर्मफलदाता। अनीश्वर-वादियों ने ईश्वरवादी विचारों का खण्डन किया है। वे कहते हैं कि संसार का नियामक परमात्मा इन्द्रियों से नहीं दिखायी देता।

इसकी सिद्धि के लिए दिया गया अनुमान प्रमाण ठोस नहीं होने से व्यर्थ हैं। हम घड़े के रचियता कुम्भकार को प्रत्यक्ष देख सकते हैं किन्तु पृथिव्यादि के निर्माता ईश्वर को नहीं। आगम प्रमाण के सम्बन्ध में इनका कहना है कि हिंसा का विधान करने वाले वेद के शब्द प्रामाणिक नहीं माने जा सकते। अनीश्वदवादी की आपत्ति का उल्लेख करते हुए डॉ० राधाकृष्णन लिखते हैं कि यदि ईश्वर संसार का रचयिता है तो उसने दुःख न देकर सुखी संसार ही बनाना था। स्वकर्मवश सुख-दुःख पाने से स्पष्टतः कर्मण्यवस्था स्वतन्त्र हो जाती है। सर्वशक्तिमान के कर्मण्यवस्था में हस्तक्षेप या परिवर्तन न कर सकने से ऐसे ईश्वर की आवश्यकता क्या है? वह जीवों की बाधा कैसे दूर कर सकता है? दयालु परमेश्वर को अपने मनोरंजन के लिए तो दुःखमूलक संसार की रचना नहीं करनी चाहिए।[33] न्याय-वैशेषिक सम्मत ईश्वर के विषय में अनीश्वरवादी तर्क देते हैं कि चेतना परमात्मा की इच्छा से अचेतन परमाणु में स्पन्दन असम्भव है। अतः संसार ईश्वर की कृति न होकर नित्य है। मुक्तात्मा का पृथक् अस्तित्व (न कि अद्वैत वेदान्त के समान एक ब्रह्म में लय) स्वीकार करने वाले न्याय-वैशेषिक एवं योग में जैनों के समान उनमें ईश्वरत्व नहीं माना जाता। न्याय-वैशेषिक के मुक्तात्मा योग एवं जैन मतों के विपरीत चैतन्य शून्य या ज्ञानरहित ही हो जाते हैं।[34] जैन दर्शन में अपना-अपना पृथक् अस्तित्व रखने वाले मुक्त जीव परमात्मा हैं। जैन मत की मौलिकता है कि प्रत्येक आत्मा कृतकर्मों का विनाश कर परमात्मा बन सकता है। एक तरह से अद्वैत वेदान्त में भी जीव मुक्त होकर ब्रह्म या परमात्मा हो जाते है किन्तु वे पृथक् अस्तित्व वाले न होकर एक सत्ता के अंश अर्थात् ब्रह्ममय हो जाते हैं।[35] जैन विचारानुसार वेदों का रचयिता, संसार और जीवों का शासक, नियामक, कर्मफलदाता, निमित्त एवं उपादानकारण रूप ईश्वर नामक कोई तत्त्व नहीं

है, न चार्वाकों की दृष्टि के अनुसार पृथ्वी के राजा को परमेश्वर कहा जा सकता है। वह भी पूर्व में कर्मबन्धगत और संसारी ही होता है।

इस तरह तीनों मतों में बड़ा अन्तर है। साथ ही कुछ साम्य भी हैं। तीनों दर्शनों में ईश्वर नित्य, चैतन्ययुक्त, क्लेशों से रहित, मुक्त (चाहे नित्यमुक्त हों या बाद में मुक्त हुए हों) एवं पूज्य हैं। ईश्वरवादियों की दृष्टि में ईश्वर की सत्ता जितनी असंदिग्ध है उतनी ही अनीश्वरवादियों की दृष्टि में विवादास्पद। वस्तुतः उपर्युक्त विचारधाराओं के मतभेद संसार की नित्यता, अनित्यता, सृष्टिकर्ता एवं कर्म सिद्धान्त की स्वतंत्रता से सम्बद्ध हैं।

उपर्युक्त विवेचन के निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि वस्तुतः ईश्वर अनुभूति, भावना, विश्वास और श्रद्धा जैसे पवित्र भावों के दायरे में आता है। इन विचारों से उसकी सत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। यदि ईश्वर है तो भी और नहीं है तो भी। दार्शनिक मतभेद तो अपने-अपने विचारों, तर्कों और सिद्धांतों पर आधारित हैं। ईश्वर की सार्वभौमिक सत्ता के विषय में मतान्तर होते हुए भी ध्यातव्य है कि किसी न किसी रूप में ईश्वर को न्याय-वैशेषिक, सेश्वर सांख्य और जैन तीनों स्वीकार करते हैं। ईश्वर अथवा ईश्वरों की भूमिका सैद्धान्तिक दृष्टि से ही नहीं मानसिक, भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है। शुभंकारी शक्ति के अस्तित्व की अनुभूति और विश्वास से तनाव, दुःख, विपत्ति, सब ओर से निराशा-असफलता के क्षणों में व्यक्ति को एक अव्यक्त सम्बल-सा मिलता है। इसीलिए सम्भवतः सभी धर्मों में पूजा, अर्चना, मन तन की शुद्धि पर बल दिया गया है। आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक कष्टों, मृत्यु, प्राकृतिक आपदाओं जैसे घटनाओं से मुक्ति के संदर्भ में जीवों की वर्तमानकालीन क्षमता बहुत सीमित होती है भले ही वह उसके किसी जन्मों के कर्मफल हों।

उपर्युक्त तीनों दर्शनधाराओं के ईश्वर के सम्बन्ध में साम्य-वैषम्य से स्पष्ट है कि जैनमत में प्रत्येक जीव को परमात्मा बनने की सुविधा हैं अन्यत्र एक सर्वशक्तिमान ईश्वर के होने से ऐसा सम्भव नहीं है। ब्रह्माण्ड अतीव रहस्यमय है और ईश्वर जैसी दैवी शक्तियों का अस्तित्व, चाहे वे किसी भी दर्शन के दृष्टिकोण से हों, निश्चित रूप से असंदिग्ध है।

संदर्भ

१. लोकसिद्धो भवेद्राजा परेशो नापरः स्मृतः।—सर्वदर्शन संग्रह
२. भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय, पृ० ३०९
३. वाक्यपदीप, १।१,४
४. तैतिरीयोपनिषद् ३।१।१, ब्रह्मसूत्र-१।१।२, वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली श्लोक २२
५. मुण्डकोपनिषद् १।१।७, विवेकचूड़ामणि श्लोक ११०, शारीरिक भाष्य १।४।३
६. श्रीभाष्य, पृ० ८०
७. The Six Systems of Indion Philosophy, P. 449
८. (क) E. Caird, the Critical Philosphy of Cant, Vol, II, Chapter-3

(ख) Outlines of a Philosphy of Religion, Chapter I

९. (क) न्यायकुसुमाञ्जलि-५।१, गीता-१८।६१, वैशेषिक सूत्र-१।१।३

(ख) A History of Indion Philosophy, Vot, I, 326

१०. पुरुषो यं समीहमनो नावश्यं समीहाफलं प्राप्नोति तेनानुमीयते पराधीनं पुरुषस्य कर्मफलाराधनामिति, यदधीनं स ईश्वरः। न्यायसूत्र-४।१।१९ पर भाष्य।

११. A History of Indian Philosohy, Dasgupta Vol, Ia P, 326

१२. नूतनजलधररुचये गोपवधूटीदुकूल चौराय।
तस्मै कृष्णाय नमः संसारमहीरुहस्य बीजाय॥ न्यायकारिकावली, १,प्रत्यक्ष खण्ड

१३. ओं नमः सर्वभूतानि विष्टभ्य परितिष्ठते।
अखण्डानन्दबोधाय पूर्णाय परमात्मने॥ अनुमान खण्ड—नागेश की तत्त्व चिन्तामणि पर "दीधिति" नामक व्याख्या।

१४. (क) ज्ञानसुखेच्छा प्रयत्नादीनां ईश्वरगुणानां च नित्यत्वमंगीकृतं नैयायिकैः —न्यायमञ्जरी, पृ० सं० १८४-१

(ख) नित्यं ज्ञानाधिकरणत्वं नित्यप्रयत्नाधिकरणत्वं च ईश्वरत्वमिति।—तर्कदीपिका, पृ० १८९

१५. वेदस्य पुरुषकर्ता न हि यादृशतादृशः किन्तु त्रैलोक्यनिर्माणनिपुणः परमेश्वरः स देवः परमोज्ञाता नित्यानन्दः कृपान्वितः क्लेशकर्म विपाकादिपरामर्शविवर्जितः। —न्यायमञ्जरी, पृ० १७५

१६. स्वरशरीर प्रेरणसामर्थ्य दृश्यते तथा ईश्वरस्यापि इच्छामात्रेण जगत्कर्तृत्वा दिसम्भवात्। —न्यायमञ्जरी, पृ० १८५

१७. स्वर्गापवर्गयोर्मार्गमामनन्ति मनीषिणः।
यदुपास्तिमसावत्र परमात्मा निरुप्यते॥ —न्यायकुसुमाञ्जलि १।२

१८. (क) आत्मसमवायादम्त्मगुणेषु। —वैशेषिक सूत्र ९।१।१५

(ख) तदेव क्षीणदोषाणां ध्यानावहितचेतसाम्।
निर्मलं सर्वविषयं ज्ञानं भवति योगिनाम्॥ —न्यायमञ्जरी ९८

१९. यथा मुक्तस्य पूर्वा बन्धकोटिः प्रज्ञायते नैवमीश्वरस्य, यथा वा प्रकृति लीनस्य उत्तरा बन्धकोटिः सम्भाव्यते नैवमीश्वरस्य, स तु सदैव ईश्वरः।—योगभाष्य, १।२४

२०. योगसूत्र १।२४, २५, व्यास भाष्य यो० स० १।२५ पर

२१. पूर्वेषामपि गुरुः कालेनानवच्छेदात्। योगसूत्र १।२६

२२. (क) तस्य वाचकः प्रवणः। योगसूत्र १।२७

(ख) तज्जपस्तदर्थभावनम्। वही १।२८

(ग) प्रणवस्य जपः प्रणवाभिधेयस्य चेश्वरस्य भावनम्। व्यास भाष्य, पृ० ८४

२३. (क) ईश्वरप्राणिधानाद्वा। योगसूत्र १।२३

(ख) ततः प्रत्यक्चेतनाधिगमोऽप्यन्तराभावश्च। वही, १।२९

(ग) ईश्वरप्राणिधानं, सर्वक्रियाणां परमगुरावर्पणं तत्फलसन्यासो वा।—व्यासभाष्य, पृ० १३६।

२४. तत्त्ववैशारदी पृ० ३९९, योगवार्त्तिक पृ० ४००, भोजवृत्ति पृ० ६८

२५. (क) तथा हि कश्चिदात्मा सकलपदार्थसाक्षात्कारि तद्ग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीण-प्रतिबन्धप्रत्ययत्वात् । यद्यद्ग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिबन्ध प्रत्ययं तत्तत्साक्षात्कारि । सर्वदर्शनसंग्रह (अर्हत् दर्शन) ।

(ख) The Soul which has perfect Perception, perfect knowledge infinite bliss and infinite Power, is a Perfect Saint and having Perfect enlightenment, is known as Jine-deva or tne divine Conqueror.

—Pratama Prakasa by yogindra Acarya, 330 (quoted by J. Jaini, Outlines of Jainism, p. 78)

२६. विल्लृ व्याप्तौ (तुo उo अo), नामलिङ्गानुशासनम् अमरकोष १।१।१०

२७. ये त्रिकालज्ञ होने से सर्वज्ञ, पूज्य होने से अर्हत्, मननशील स्वभाववश मुनि, कामादि, दोषजय से जिन, आगमोपदेशक होने से तीर्थंकर, केवलज्ञान होने से केवली, शुद्ध चैतन्य के ऐश्वर्य से ईश्वर, परमकल्याणकारी निर्वाण प्राप्ति से शिव कहे जाते हैं—शिवं परमकल्याणं निर्वाणं ज्ञानमक्षयम् ।

प्राप्तं मुक्तिपदं येन स शिवः परिकीर्तितः ।।

—बृहद्द्रव्य संग्रह परब्रह्मदेवकृत संस्कृतटीका ।

२९. तत्त्वार्थ सूत्र १।४

२९. (क) Outlines of Indian Philosophy, Hiriyanna, P. 167

(ख) तत्त्वार्थसूत्र ८।५

३०. Sad Darshan Samuccaya, Translation and notes on karika 48

३१. (क) All Points of view, O lord, arise from you , even as all rivers do in the ocean. but you are not seen in any of them, even as the Ocean is not to be seen in any of the rivers and lakes after they are separated. —S. Divakar

(ख) I bring within the focus of my Prayer him who is called vardhamana who is unattainable by the knowers of the spirit. Who is indescribale by rhetoricians and who imperceptible even to those who have eyes. —Hemcandra, Ayogavacche dika, I (P. 62)

३२. Arhatship in life and Siddhi after death is the higest end. This is attained by annilation of the karmas. An Arhat is omniscient perfect and endowed with supernatural Powers. After death he becomes a sidddha. —Sad Darshan Samuccapa (Commentary of Prof. Murty)

३३. Indian Philosophy, II, P. 425-426

३४. (क) भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय, पृ० २०९
(ख) स्वरूपैकप्रतिष्ठानः परित्यक्तोऽखिलैर्गुणैः ।
उर्मिषट्कातिगं रूपं तदस्याहुर्मनीषिणः ।।
संसारबन्धनाधीनदुःखक्लेशाद्यदूषितम् ।। न्यायमञ्जरी पृ० ७७
३५. (क) अहं ब्रह्मास्मि-बृहदारण्यकोपनिषद् १।४।१०
(ख) माण्डूक्योपनिषद्-२, छान्दोग्योपनिषद् ६।८।७
(ग) वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली-श्लोक २२

"अक्षपादप्रणीते च काणादे सांख्ययोगयोः ।
त्याज्यः श्रुतिविरुद्धोंऽशः श्रुत्येकशरणैर्नृभिः ।।
जैमिनीये च वैयासे विरुद्धांशो न कश्चन ।
श्रुत्या वेदार्थविज्ञाने श्रुति पारंगतौ हि तौ ।।"

स्याद्वाद : आधुनिक परिप्रेक्ष्य में

☐ समणी स्थितप्रज्ञा

भारतीय मनीषा ज्ञातपुत्र भगवान् महावीर की सहजात प्रतिभा से निसृत मधुमय-आनन्द-धाम का नाम है—स्याद्वाद। जहां दो विपरीत दिशाओं में बहने वाली एवं परस्पर विरुद्ध विचारधाराएं आकर परम विश्रान्ति को प्राप्त करती हैं। आधुनिक समन्वयवाद का प्राचीन निदर्शन स्याद्वाद है।

स्याद्वाद दो शब्दों के मेल से बना है :—स्यात् और वाद। स्यात् शब्द के अनेक अर्थ मिलते हैं। स्यात् शब्द दो हैं। एक क्रियावाचक एवं दूसरा अनेकान्तवाचक। स्याद्वाद का स्यात् शब्द 'सर्वथा' नियम को छोड़कर सर्वत्र अर्थ की प्ररूपणा करने वाला है, क्योंकि वह प्रमाण का अनुसरण करता है।[1] श्लोक वार्तिक के अनुसार : 'स्यादिति निपातोऽयमनेकान्तविधि विचारादिषु बहुष्वर्थेषु वर्तते।'[2] अर्थात् स्यात् तिङन्त प्रतिरूपक निपात, अनेकान्त विधि, विचार और विद्या आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है। श्री देवसेनाचार्य ने 'जो नियम को निषेध करने वाला है, निपात से जिसकी सिद्धि होती है जो सापेक्षता की सिद्धि करता है' उसे स्यात् शब्द कहा है।[3] सर्वथा रूप से सत् ही है, असत् ही है—इत्यादि विचारों का त्यागी और यथादृष्ट को—'जिस प्रकार वस्तु प्रमाण-प्रतिपन्न है उसको अपेक्षा में रखने वाला 'स्यात्' शब्द कहा गया है। सप्तभंगी-तरंगिनी में कहा गया है कि 'यद्यपि अनेकान्त, विधि, विचार आदि अनेक अर्थ स्यात् के होते हैं लेकिन प्रस्तुत प्रसंग में अनेकान्त अर्थ ही ग्राह्य है।[4]

'उत्पाद्येत, उत्पाद्यते येनासौ वादः' अर्थात् जिसके द्वारा प्रतिपादन किया जाए वह वाद है। वदना, वाद करना, जल्प करना, कहना, प्रतिपादन करना आदि वाद शब्द के अर्थ हैं—वदनं वादो जल्पःकथनं प्रतिपादनमिति।[5]

इस प्रकार अनेकान्त रूप से कथन करना स्याद्वाद है। कथंचित् विवक्षित प्रकार से अनेकान्त रूप से प्रतिपादन करना स्याद्वाद का अभिधेय है। विभिन्न दृष्टिकोणों से वर्णनीय का वर्णन करना स्याद्वाद कहा जाता है। इसमें ऐकान्तिक दृष्टि का सर्वथा अभाव होता है। 'अनेकान्तात्मकार्थ कथनं स्याद्वादः' अर्थात् अनेकान्तात्मक वस्तु के प्रतिपादक कथन को स्याद्वाद कहते हैं। 'स्यादिति वादो वाचकः शब्दो यस्यानेकान्त-वादस्यादौ स्याद्वादः' अर्थात स्याद्वाद का अर्थ है वह वाद जिसका वाचक शब्द स्यात् अर्थात् अनेकान्तवाद हो। हम प्रत्येक वस्तु को प्रतिक्षण उत्पन्न होते और नष्ट होते हुए देखते हैं, और साथ ही इस वस्तु के नित्यत्व का भी अनुभव करते हैं; अतएव प्रत्येक पदार्थ किसी अपेक्षा से नित्य और सत् और किसी अपेक्षा से अनित्य और असत् आदि

अनेक धर्मों से युक्त है।

अनेकान्तवाद या स्याद्वाद का स्वरूप प्राचीन आगमों में भी मिलता है। गणधर गौतम ज्ञातपुत्र महावीर से पूछते हैं। भंते! आत्माज्ञानस्वरूप है या अज्ञानस्वरूप। महावीर उत्तर देते हैं—आत्मा नियम से ज्ञानस्वरूप है क्योंकि ज्ञान के बिना आत्मा की वृत्ति नहीं देखी जाती है। परन्तु आत्मा ज्ञान रूप भी है, अज्ञान रूप भी है :—"गोदमा णाणे नियमा अतो ज्ञानं नियमादात्मनि।"[६] ज्ञात धर्म कथा एवं भगवती सूत्र में स्याद्वाद का विवेचन किया गया है। वस्तु को द्रव्य की अपेक्षा एक, ज्ञान और दर्शन की अपेक्षा अनेक, किसी अपेक्षा से अस्ति, किसी से नास्ति और किसी अपेक्षा से अवक्तव्य कहा है। भगवती में भगवान् का वचन है :—

गोयमा, रयणप्पमा सिय आया, सिय नो आया।
सिय अवत्तव्वं आया तिय नो आया तिय॥[७]

सप्तभंगी और स्याद्वाद

प्रश्न के अनुसार एक वस्तु में प्रमाण से अविरुद्ध विधिप्रतिषेध धर्मों की कल्पना सप्तभंगी है—एकस्मिन् वस्तुनि प्रश्नवशाद् दृष्टेनेष्टेन च प्रमाणेनाविरूद्धा विधिप्रतिषेध विकल्पना सप्तभंगी विज्ञेया।[८] स्याद्वाद में सप्तभंग होते हैं :—स्यात् अस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादस्तिनास्ति, स्यात् अवक्तव्य, स्यादस्ति अवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादस्तिनास्ति अवक्तव्य।

स्याद्वाद के सात भंगों का नामोल्लेख सर्वप्रथम आचार्य कुंदकुंद के 'पंचास्तिकाय' एवं 'प्रवचनसार' में मिलता है।[९] इसके पूर्व सप्तभंगी नयवाद के रूप में या अधिक से अधिक स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादवक्तव्य इन तीन मूल भंगों के रूप में पाया जाता है। स्याद्वाद को विकसित करने वाले आचार्यों में चतुर्थ शताब्दी के विद्वान् सिद्धसेन दिवाकर और समन्तभद्र का नाम सबसे महत्त्वपूर्ण है।

स्याद्वाद—जैनेतर दर्शन की दृष्टि में

सर्वप्रथम विश्व के आद्यग्रंथ ऋग्वेद के 'नासदीय सूक्त' में स्याद्वाद जैसी अवधारणा मिलती है। ऋग्वेद का ऋषि कहता है :—'नासदासीन्न सदासीत्तदानीम्।'[१०] अर्थात् उस समय सत् भी नहीं था और असत् भी नहीं था। अनेक उपनिषदों में भी इस तरह का सिद्धांत मिलता है। ईशावास्योपनिषद् में ऋषि कहता है—'तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तदन्तिके च'।[११] अर्थात् 'वह चलता है, नहीं भी चलता है, वह दूर है वह नजदीक भी है।' कठोपनिषद् में एक सूक्ति है—'अणोऽणीयान् महतो महीयान्।'[१२] अर्थात् वह सूक्ष्म से सूक्ष्म और महान् से महान् है। प्रश्नोपनिषद् में—'सदसच्चामृतं च यत्।'[१३] वह सत् असत् और अमृत स्वरूप वेदान्त प्रतिपादित ब्रह्म विविध विरोधी गुणों का आश्रय है।

अन्य भारतीय दार्शनिकों ने भी इस प्रकार के विचार अभिव्यक्त किए हैं। वेदान्त का अनिर्वचनीयवाद[१४], कुमारिल का सापेक्षवाद, बौद्धों का मध्यम मार्ग आदि स्याद्वाद के समतुल्य विचारों का प्रतिपादन करते हैं।[१५] बौद्ध दर्शन के उदानसुत्त में

एक मृत हाथी की कथा से स्याद्वाद के जैसे सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है।

पाश्चात्य दार्शनिकों में एम्पीडोक्लीज, एटोमिस्ट्स और अनैक्सागोरस आदि दार्शनिकों ने इलियटिक्स के नित्यत्ववाद और हैरेक्लिटस के क्षणिकवाद को समन्वित किया है। उनके अनुसार पदार्थ अपनी नित्यदशा में रहते हुए भी अपेक्षानुसार परिवर्तन को प्राप्त होते रहते हैं।[१६] 'डाइलॉग्स ऑफ प्लेटो' मेंप्लेटो इसी प्रकार का विचार प्रकट करता है :—

"When we speak of not being, we speak, I supposed not of something opposed to being but only different

आधुनिक विचारकों में हेगेल संसार के मूल में विरुद्धधर्मात्मकता को स्वीकार करता है।[१७] ब्रैडले ने कहा है कि प्रत्येक वस्तु दूसरी वस्तुओं से तुलना किए जाने पर आवश्यक और अनावश्यक दोनों सिद्ध होती हैं।[१८]

संसार के अनेक मनोवैज्ञानिकों ने भी स्याद्वाद के समतुल्य विचार व्यक्त किए हैं। प्रसिद्ध मानवशास्त्री विलियम जेम्स ने लिखा है कि 'हमारी अनेक दुनिया हैं। साधारण मनुष्य इन सब दुनियाओं का एक दूसरे से असम्बद्ध तथा अनपेक्षित रूप से ज्ञान करता है। पूर्ण तत्त्व वेत्ता वही है जो सम्पूर्ण दुनिया को एक दूसरे से सम्बद्ध और अपेक्षित रूप में जानता है।[१९] एक अन्य पश्चात्य विचारक का मत है :—यह पूर्णतया मूर्खता का द्योतक है कि अमुक गति तीव्र है या धीमी। सत्य के नजदीक वही पहुंच सकता है जो प्रत्येक गति को तीव्र और धीमी स्वीकार करें।[२०]

It would be nonsense to say that every movement is either swift or slow. It would be nearer the truth to say that every movement is both swift and slow.

इस प्रकार उपरोक्त विचारों से स्पष्ट होता है कि जैनेतर पाश्चात्य और पौर्वात्य दोनों मनीषियों ने वस्तु की विरुद्ध धर्मात्मकता को स्वीकार किया है और यही स्याद्वाद का मूल है।

स्याद्वाद का समन्वय दर्शन

स्याद्वाद एक ऐसा सिद्धान्त है जहां समस्त विरोधी विचार परस्पर सापेक्ष हो जाते हैं। जैनाचार्यों का कथन है कि सम्पूर्ण दर्शन स्याद्वाद में अन्तर्निविष्ट हो जाते हैं। जिनमति स्तुति में कहा गया है :—

बौद्धानाम् ऋजुसूत्रतो मतममूद्वेदान्तिनां संग्रहात्।
सांख्यानां तत एव नैगमनयात् योगश्च वैशेषिकः॥
शब्द ब्रह्म विदोऽपि शब्दनयतः सर्वेनयैर्गुम्फिताम्।
जैनी दृष्टिरितीह सारतरता प्रत्यक्षमुद्वीक्ष्यते॥[२१]

अर्थात् ऋजुनय की अपेक्षा बौद्ध, संग्रहनय की दृष्टि से वेदान्त, नैगमनय के अनुसार न्याय-वैशेषिक, शब्दनय की अपेक्षा शब्द ब्रह्मवादी तथा व्यवहारनय की अपेक्षा से चार्वाकादि दर्शनों को सत्य कहा जाता है। इस प्रकार समस्त दर्शन परस्पर विरुद्ध होते हुए भी नयों की दृष्टि में समुचित रूप से सम्यक्त्व रूप कहे गए हैं। इसलिए जैन

विद्वानों ने जिणवाणी को 'मध्यादर्शनों का समूह कहा' है। उपाध्याय यशोविजयजी की दृष्टि में "सच्चा अनेकांतवादी वही होगा जो किसी दर्शन से विद्वेष नहीं करता। वह सम्पूर्ण नयरूप दर्शनों को वात्सल्यभाव से देखता है जैसे पिता अपने पुत्रों को। अध्यात्म सार के अनुसार—

यस्य सर्वत्र समता नयेषु तनयेष्विव।
तस्यानेकान्तवादस्य क्व न्यूनाधिक शेमुषी॥
तेन स्याद्वादमातथ्य सर्वदर्शनतुल्यतां।
मोक्षोद्देशाविशेषेण यः पश्यन्ति स शास्त्रवित्॥[22]

वस्तुतः किसी में विरोध नहीं है। सभी का गन्तव्य एक ही है। राष्ट्रकवि बच्चन के अनुसार—

'घर से निकला है मदिरालय जाने को पीनेवाला।
किस पथ से जाऊं असमन्जस में है वह भोला-भाला॥
अलग-अलग सब पथ बतलाते, पर यह मैं बतलाता हूं।
एक राह तू पकड़ चला जा मिल जाएगी मधुशाला॥[23]

स्याद्वाद का यही प्राण है। प्रत्येक दार्शनिक अवस्था एवं काल भेद से सत्य का अंश मात्र ग्रहण करता है। आचार्य हरिभद्र ने कहा है—

श्रोतव्यः सौगतो धर्मः कर्त्तव्यः पुनरार्हतः।
वैदिको व्यवहर्तव्यो ध्यातव्यः परमः शिवः॥

अर्थात् वैदिक व्यवहार-प्रधान, सौगत (बौद्ध) श्रवणप्रधान और आर्हत कर्तव्य-प्रधान है। सबका ध्यातव्य परमशिव हैं। आचार्य पुष्पदन्त ने कहा है कि मनुष्यों का एक मात्र प्राप्तव्य मोक्ष ही होता है जैसे सम्पूर्ण नदियां समुद्र को ही प्राप्त होती है। **नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव॥**

आज के सन्दर्भ में स्याद्वाद

स्याद्वाद जैन दर्शन का प्राण तो है ही आज के अराजक विश्व के लिए संजीवनी के समान भी है। इसी को आधार मान कर जैन दर्शन या भारतीय प्रज्ञा के धनी आचार्य लोग संसार के झगड़ों को निपटा सकते हैं। स्याद्वाद के मूर्त्त-विग्रह के रूप में आचार्य श्री तुलसी को आज सम्पूर्ण संसार जान रहा है। उन्होंने संसार की समस्याओं को निपटाने का प्रयास किया है। साथ ही सभी धर्मों के प्रति समभाव रखने की प्रेरणा भी दी है।

दुनिया के सभी झगड़ों का कारण एकान्तवाद है। क्रोधावस्था में हमारी दृष्टि क्रोध-पात्र के दुर्गुणों या दोषों के ऊपर जाती है। उसके गुणों को नहीं देखती; इसलिए विरोध बढ़ता है जबकि संसार में एक भी ऐसा प्राणी नहीं है जो सर्वथा गुणहीन हो। यदि दोष के बदले उसके गुणों पर ध्यान दिया जाए तो आसन्न विवाद सद्यः समाप्त हो सकता है। इसी प्रकार प्रिय वस्तु या पात्र के केवल गुण ही गुण दिखाई देते हैं। उसके दोष नहीं दीखते।

इस प्रकार आग्रहवादिता और अहंवृत्ति से उपजी और अनसुलझी उपरोक्त

समस्याओं का समाधान स्याद्वाद में खोजा जा सकता है। स्याद्वाद किसी भी समस्या का समाधान एकान्तिक नहीं अपितु सापेक्षवाद के आधार पर प्रस्तुत करता है। जैसे पुत्र के मन में आया, मुझे अपने पिता से अलग रहना है और उसने पिता से कहा—पिताजी ! इतने दिनों तक मैं आपके साथ भोजन करता रहा, अब मैं आपके साथ भोजन नहीं करूंगा। पिता अनेकान्त का ज्ञाता था, उसने कहा—पुत्र ! कोई बात नहीं है, इतने दिनों तक तुमने मेरे साथ भोजन किया, आज से मैं तुम्हारे साथ भोजन किया करूंगा। पुत्र, पिता के सामने नतमस्तक हो गया। समस्या बनी और समाधान हो गया। इसी प्रकार स्याद्वाद को समझने वाला व्यक्ति समस्याओं में उलझता नहीं, अपितु सरलता से समस्या को सुलझाने में सफल हो जाता है।

स्याद्वाद अहिंसा की आधारभूमि भी है। आधुनिक काल में जितनी हिंसा की घटनाएं घटती हैं, उन सबके मूल में एकान्तभावना है। आचार्य आनन्दशंकर बापूभाई ध्रुव ने कहा था कि स्याद्वाद का सिद्धांत बौद्धिक अहिंसा है। अर्थात् बुद्धि या विचारों से किसी को बुरा न कहना। यदि बुद्धि का बैर समाप्त हो जाता है तो हिंसा भी समाप्त हो जाती है। पंजाब कश्मीर, आसाम, बिहार के वासियों में यदि इस तरह की भावना का प्रसार किया जाए तो अवश्य ही हिंसा-निवारण में सफलता मिलेगी।

राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की रक्षा में भी स्याद्वाद की महत्त्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आवश्यकता यह है कि विघटक तत्त्वों को स्याद्वाद की शिक्षा दी जाए। उन्हें बताया जाए कि जैसे तुम ठीक हो, वैसे ही दूसरे भी ठीक हैं। हम सब सही हैं और सबको साथ रहना है। इसलिए राष्ट्र की एकता और अखण्डता जरूरी है। □

संदर्भ :

१. धवला १२.४.२.९.२.२९५.१०
२. श्लोकवार्तिक— २.१.६.५५.४५६
३. नयचन्द्र बृहद् गाथा सं० २५
४. सप्तभंगी तरंगिनी ३०।१
५. समयसार, ता. वृ. स्यावादाधिकार ५.३.१७
६. नय चक्र, हस्तलिखित, जैन साहित्य संशोधक १.४ पृ० १४६
७. भगवती सूत्र १२.१० पृ० ५९२
८. राजवार्तिक १.६.३३.१५
९. पंचास्तिकाय १४, प्रवचनसार ११५
१०. ऋग्वेद १०, १२१
११. ईशावारस्योपनिषद् ५
१२. कठोपनिषद् २, २०
१३. प्रश्नोपनिषद् २, ५

१४. प्रो० ध्रुव० स्याद्वादमञ्जरी, प्रस्तावना पृ० १२
१५. षड्दर्शनसमुच्चय, गुणरत्न टीका पृ० ९६-९८
१६. शिली, हिस्ट्री ऑ फिलॉसॉफी पृ० ३२
१७. तत्रैव पृ० ४६७
१८. अपीयरेन्स ऑफ रियलटी पृ० ४८७
१९. द प्रिंसिपल्स ऑफ सायक्लॉजी १.२०.२९१
२०. इन द क्वेस्ट ऑफ आइडियल पृ० २१
२१. अध्यात्मसार, जिनमति स्तुति
२२. तत्रैव ६१.७०
२३. मधुशाला
२४. शिवमहिम्न स्तोत्र ७

□

अस्तीति नास्तीति उभेपि अन्ता
शुद्धी अशुद्धीति इमेपि अन्ता ।
तस्मादुभे अन्त विवर्जयित्वा
मध्ये हि स्थानं प्रकरोति पण्डितः ।।

—समाधिराज सूत्र

TULSI
PRAJNA

COPPER HOARD-AN UNPUBLISHED FIND FROM CHITHWARI, CHOMU (JAIPUR)

❑ *Shri Harphool Singh*

As a matter of fact findings are not rare in the field of Archaeology. Copper mines of Khetri (Jhunjhunu) and copper fields in Dariba (Churu) & some places of Nagaur district are welknown. In the preceding ten years the findings of copper axes from Ganeshawar; Neemkathana (Sikar) and Mallah (Bharatpur) copper hoard from Rajasthan have created a keen interest among the archaeologists.

At Ganeshwar, there is a homogeneous culture site of international stature in human anthropology. It has yielded a lot of copper antiquities. A large number of which consist of arrow heads. Some of these antiquities have been found from surface and others as a result of excavations. These objects have been dated as back as the first quarter of 3rd Millenium B. C.

Mallah is a village near Bharatpur. As the name itself proves the village had been inhabited by sailors. The Mallah copper Hoard came into notice during land digging by some people; towards the western side of the village, near the Dalmiya Dairy. Among the artifacts of the Hoard, harpoons are important for studying their particular shapes.

Chithwari Copper Hoard

It was January 14th, 1986 when the chithwari copper Hoard came into notice. The mud walls were being made along both sides of the way to chaunpa village during famine works. The mud wall work had started from the Dhani of Hanuman Jat. These were made up to the distance of four-five furlongs. It was a great pleasure when I visited the site of chithwari copper Hoard on 30th June, 87, and came to know that the place situated on the left bank of the Bandi river, 12kms, away from Chomu is a prominent O.C.P. site. It is strewn over the area of two-three bighas. This copper Hoard was found in middle of the right channel of the mud wall of the way leading to chaunpa village. Nature of the soil is compact. Apparently the habitation deposit seems hear about one metre thick. The copper Hoard implements have been found stored in a O. C. P. ware. But unfortunately the earthen ware had broken into pieces during digging. Pot-sherds collected from the surface do not have any

appearance either of painting or incised designs while the potteries from Ganeshwar have both the characteristics. Oftenly the section of the potsherds is thick and sturdy. Some of the specimens are Ochre colour washed, with greish section. The discovery of this site has strengthened the idea of archaeologists that copper Hoards and O.C.P. go hand in hand. Hope, the excavation at Chithwari mound will glimpse a fresh light on O.C P. cultural sites in Rajasthan. Shapes of potteries are generally outwardly splayed. Among the surface findings, apart from potsherds, microliths and copper ore are worth mentioning.

Chithwari copper Hoard consists of various kinds of objects :— (1) Axes (2) Chisels (3) Choppers (4) rods (5) Bangles and (6) a mini pitcher. Copper axes are four in number, one of them measures 13.5 x 9.8 c.m. in size. Thickness of section measures 0.4 to 0.5 c.m. copper axes from Chithwari Hoard are different in size, shape and weight as compared with that of Ganeshwar. These copper axes bear no indentation mark in comparision with that of Ganeshwar. Chisels are of different sizes, the biggest one measures 27.7 x 1.3 c.m. Chisels have resemblance with that of Kurada (Parvatsar) copper Hoard. Approximately the choppers are 6 in number. The biggest one measures 27.6 x 4.8 c.m. in size. Typically the choppers have a great deal of resemblance with that of Kurada copper Hoard and the copper objects from Ahar excavations. Choppers seem to be of great use by their sharp edge and thin section.

Bangles in a large number vary from one another with reference to their thickness. The mini-pitcher is very important.

It is one and the only of its kind ever found in Rajasthan. A small copper vessel with circumference 6.1 c.m. & 3.2 c.m. deep is a fascinating piece, which I presume to have been used for holy rituals such as worshipping. Rods are round with square ends of different lengths; 12.1, 13.4, 7.6 cms and so on. From ancient times, rods are used for medical treatments. They heated and pressed against body from one of its ends after detecting some veins. Still this is used for asthama even today in rural ares of Rajasthan. Rods from Chithwari bear assumption for this kind of purpose,

On account of copper ore remains, it is estimated that the inhabitents of Chithwari protohistoric mound, might have been the manufactures of copper implements. Further it is also suggested that the course of Bandi river from its birth place Barwara to Kalwad is to be surveyed throughly inquest of other O.C.P. mounds. The Hoard now has been taken in the custody of Raj. Archaeology & Museums Deptt.

□□

Chithwari Copper Hoard



A

B

A. COPPERHOARD : AXES, CHOPPERS AND BANGLES.

B. COPPER HOARD : CHISELS, ROD AND A MINI PITCHER.

VICTORY OVER SEX

(A Technique of Spiritual Science)

—J. S. Zaveri
—Muni Mahendra Kumar

[The authors of this article are presently engaged in translating and annotating the Jain canonical literature. At the moment, the work in hand is that of SŪYAGAḌO. The fourth chapter is "Victory over Sex" in which Bhagavān Mahāvīra has shown an unambiguous process of victory over sex, which can be expressed in modern scientific terminology. Truths known to philosophy and science can now be woven together for the benefit of mankind. It is necessary, however, that the ancient methodology of disseminating knowledge and their interpretations of the eternal wisdom be expanded, modified and restated in terms that encompass newly-discovered scientific facts.

It may be added that the authors are quite adept in this particular type of studies and Jain Vishva Bharati Institute has recently published some of their works. **—Ed.**]

"ओए सया ण रज्जेज्जा, भोगकामी पुणो विरमेज्जा ।
भोगे समणाण सुणेहा, जह भुंजंति भिक्खुणो एगे ॥"

Sūyagaḍo (1), 4/32.

"The wise ascetic who aspires to be solitary—free from attachment and aversion—must never be infatuated by sexual pleasures. If harassed by a desire for such pleasures, he should overcome it (first by countermanding its insistence and then by transmuting it by internal austerities). Listen to the (wretched) state of the degraded ascetic who succumbed to such desires."

Significance

The IVth chapter of *Sūyagaḍo* (1), is a highly significant one as it deals with a primordial unlearned instinct viz. the sexual impulse (*kāma-vāsanā*). Victory over sex is as fundamental to the path of final emancipation as sex is to worldly life. The chapter is divided into two sections. The first one shows how a promiscuous member of the so-called weaker sex could drag an unwary ascetic into degradation and keep him bogged down in the quagmire of sensual pleasures.[1] The second section is mostly devoted to the description of the ludicrous but at the same time pathetic condition of the

captivated and degraded ascetic.[2] The woman who has trapped the ascetic treats him worse than a servant—almost like a slave. There is nothing left of his own personality and he is reduced to become a nincompoop.

In this article, we shall try to expound the process of victory over sex as prescribed by Bhagawān Mahāvīra and enunciated by Ārya Sudharmā. The verses 3 , 50-53 unambiguously lay down the necessity of austerities (*tapas*) in general and meditation in particular in the ascetic life. In the first verse of section 2 (i.e. No. 32), the ascetics are reminded that their goal is self-realization, i.e., to become a pure singularity, a pure SELF, without any encumbrance of attachment and affection. And this is possible only if they keep themselves totally free from the sensual desires—particularly the sexual indulgence.

Now it is not uncommon that during the initial stages of the spiritual progress on the path of self-realization, an immature ascetic is frequently harassed and tormented by the onslaught of sensual desires, Knowing this, he has been counselled not to succumb to the insistence of such a desire but to countermand (विरञ्जेज्जा) its demand.

Three Levels of Sex

To fully comprehend the process of the victory over sex, it is necessary to know the triple-level nature of sex, viz.

(i) impulsive (emotional) level
(ii) mental (psychological) level and
(iii) physical or physiological level

This triple aspect of sex is indicated by the term 'काम-मइ-वट्टं' in verse no. 33.

This term is a compound of three words :

(i) *Kāma* (*Kāma*)—sex impulse
(ii) *Mati* (*Mai*)—sexual desire
(iii) *Vṛttam* (*Vaṭṭam*)—sexual act

The word *kāma* refers to the first or the subtlemost level viz., emotional level, i.e., the urge for sex or sex impulse (*kāma-vāsanā*). It is produced in the subtle body; the word *mati* refers to the second level, the mental or psychological level i.e., the feeling or desire in the mind; and the word *Vṛttam* refers to the third level, the physiological level i.e., the physical act to satisfy the desire. Thus, the physical sexual act is the consummation of the sex impulse which exists as a primal drive in every living organism.

1. The Emotional Level

